अमर उजाला 75 महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण
राजधानी ••
वर्ष 20 | अंक 156 | पृष्ठ : 18 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 14 सितंबर 2022
आश्विन कृष्ण-चतुर्थी
विक्रम संवत-2079

**हिंदी दिवस आज** दुनिया में तेजी से बढ़ा हिंदी का वर्चस्व, 121 साल में 175.52% की गति से बढ़ी

दिल्ली-एनसीआर



## लक्ष्य सेन विश्व रैंकिंग में नौवें नंबर पर कायम



*नई दिल्ली। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में नौवें नंबर पर कायम हैं, जबकि एचएस प्रणय मंगलवार को जारी ताजा विश्व रैंकिंग में दो पायदान आगे 16वें स्थान पर पहुंच गए। किदांबी श्रीकांत भी दो पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पीवी सिंधू सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं।* एजेंसी

# बीसीसीआई के कामकाज का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा-भारतीय क्रिकेट बोर्ड क्यों चाहता है कि 70 साल से अधिक आयु का व्यक्ति आईसीसी में उसका प्रतिनिधित्व करे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) एक स्वायत्त संस्था है और वह उसके कामकाज का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं कर सकता। न्यायालय ने बीसीसीआई से पूछा कि वह क्यों चाहता है कि 70 साल से अधिक उम्र का व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में उसका प्रतिनिधित्व करे।

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी बोर्ड की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसमें उसके अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह सहित अन्य पदाधिकारियों के कार्यकाल के संबंध में अपने संविधान में संशोधन करने की

### पदाधिकारियों के कार्यकाल मामले में आज सुनाया जा सकता है फैसला

मांग की गई थी। इसमें राज्य क्रिकेट संघों और बीसीसीआई के पदाधिकारियों के कार्यकाल के बीच अनिवार्य 'कूलिंग ऑफ' अवधि (तीन साल तक कोई पद नहीं संभालना) को समाप्त करना शामिल है। बीसीसीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ से कहा कि बीसीसीआई एक स्वायत्त संस्था है और सभी बदलावों पर क्रिकेट संस्था की वार्षिक आम बैठक में विचार किया गया। जब हलफनामा पेश किया जा रहा था तब पीठ ने कहा, 'बीसीसीआई एक स्वायत्त निकाय है। हम इसके कामकाज का सूक्ष्म प्रबंधन नहीं कर सकते।'

न्यायालय ने कहा कि पदाधिकारियों के कार्यकाल के बीच कूलिंग ऑफ अवधि को समाप्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि 'कूलिंग ऑफ अवधि का उद्देश्य यह है कि कोई निहित स्वार्थ नहीं होना चाहिए।' शीर्ष अदालत ने कहा, बुधवार को सुनवाई जारी रखेगी और फिर आदेश पारित करेगी। एजेंसी

### राज्य, बोर्ड के दो कार्यकाल के बीच है 3 साल का कूलिंग ऑफ

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के संविधान के अनुसार, एक पदाधिकारी को राज्य क्रिकेट संघ या बीसीसीआई या दोनों संयुक्त रूप से, के लगातार दो कार्यकालों के बीच तीन साल की कूलिंग ऑफ अवधि से गुजरना पड़ता है।



### सॉलिसिटर जनरल ने कहा दो कार्यकाल बहुत कम

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा, वर्तमान संविधान में कूलिंग ऑफ अवधि का प्रावधान है। अगर मैं एक कार्यकाल के लिए राज्य क्रिकेट संघ और लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई ) का पदाधिकारी हूं, तो मुझे कूलिंग ऑफ अवधि से गुजरना होगा।'

- मेहता ने कहा, दोनों निकाय अलग हैं और उनके नियम भी अलग हैं। नेतृत्व तैयार करने के लिए पदाधिकारी के लगातार दो कार्यकाल बहुत कम हैं।

## न्यूज डायरी

### चेन्नई ओपन : तत्याना से हारीं भारत की नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी अंकिता



चेन्नई ओपन में शॉट खेलतीं अंकिता रैना। एजेंसी

**चेन्नई।** भारत की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना यहां चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में जर्मनी की अनुभवी तत्याना मारिया से हार गईं। चौथी वरीयता प्राप्त तत्याना ने 29 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी पर एक घंटे 15 मिनट में 6-0, 6-1 से जीत दर्ज की। वहीं टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की 23वें नंबर की अमेरिका की एलिसन रिस्के अमृतराज को रूस की गैर वरीय खिलाड़ी अनास्तासिया गासानोवा ने एक घंटे 29 मिनट में 6-2, 6-3 से पराजित किया। एजेंसी

### अंडर-17 सैफ फुटबॉल के फाइनल में आज नेपाल से भिड़ेगा भारत

**कोलंबो।** अंडर-17 फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल बुधवार को भारत और नेपाल के बीच होगा। भारतीय टीम के कोच बिबियानो फर्नांडीज ने कहा, हमने टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत की। यह पहला टूर्नामेंट है, जब लड़के देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ग्रुप स्टेज में हमारी टीम नेपाल से 1-3 से हार गई थी। भारतीय कप्तान वनलालपेका गुइटे ने कहा, ग्रुप स्टेज में नेपाल से हारकर हम निराश थे। अब फाइनल में उस हार का बदला लेंगे। एजेंसी

### आईसीसी टी-20 रैंकिंग में दीप्ति सातवें व रेणुका 13वें नंबर पर

**दुबई।** भारतीय महिला तेज गेंदबाज रेणुका सिंह पांच स्थान फायदे के साथ आईसीसी टी-20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा सातवें स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों में स्मृति मंधाना चौथे, शेफाली वर्मा छठवें और जेमिमा रॉड्रिग्स दसवें नंबर पर हैं। गेंदबाजी में इंग्लैंड की सोफी, बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं। एजेंसी

### विश्वकप टीम से बाहर पेसर सिराज ने पहले काउंटी मैच में लिए 5 विकेट

**बर्मिंघम।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इंग्लिश काउंटी में अपने पहले



मैच में पांच विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। वारविकशायर के लिए खेल रहे सिराज ने 24 ओवरों में 82 रन देकर पांच विकेट लिए। भारतीय पेसर के शिकार होने वाले बल्लेबाजों में पाकिस्तान के इमाम उल हक, जॉर्ज बेरलेट, जेम्स रियू, लुइस ग्रेगोरी और जोश डेवी शामिल हैं। स्पिनर जयंत यादव ने वारविकशायर की ओर से 14 ओवरों में 42 रन देकर एक विकेट लिया। एजेंसी

### सुब्रतो कप : अंडर-14 का फाइनल मणिपुर और झारखंड टीमों के बीच

**नई दिल्ली।** सुब्रतो कप फुटबॉल में लड़कों के अंडर-14 वर्ग का फाइनल 15 सितंबर को हीरोक हायर सेकेंडरी स्कूल, इंफाल, मणिपुर और बेरवा हाई स्कूल, चैनपुर, गुमला, झारखंड के बीच होगा। हीरोक स्कूल ने पहले सेमीफाइनल में ग्रीनवुड स्कूल, दीमापुर को 2-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में बेरवा हाई स्कूल ने गवर्नमेंट स्कूल, सेक्टर 36 चंडीगढ़ को 3-1 से हराया। बेरवा के लिए आकाश (11वें मिनट), मोहित मुर्मू (25वें मिनट) और समीर (37वें मिनट) ने गोल किए। चंडीगढ़ के लिए हिपज्योति ने 26वें मिनट में गोल किया। एजेंसी

# टीम इंडिया में दस को है विश्वकप का अनुभव, 5 खिलाड़ी खेलेंगे पहली बार

## रोहित और कार्तिक 2007 में रहे विजेता टीम के सदस्य, नौ क्रिकेटर खेले थे पिछले विश्वकप में

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्वकप खेलने जा रही टीम इंडिया में भले ही उम्रदराज क्रिकेटर अधिक हों, लेकिन यह टीम पिछले टी-20 विश्वकप के अनुभवों से लबरेज है। टीम में कप्तान रोहित शर्मा और दिनेश कार्तिक तो टी-20 विश्व चैंपियन भी रह चुके हैं। दोनों 2007 में हुए पहले विश्वकप को जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। 15 सदस्यीय टीम में 10 क्रिकेटर ऐसे हैं जो पूर्व में टी-20 विश्वकप खेल चुके हैं। पांच क्रिकेटर दीपक हुड्डा, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप, अक्षर और हर्षल का यह पहला टी-20 विश्व कप होगा।

### रोहित अब तक खेले हैं सभी टी-20 विश्वकप

रोहित शर्मा का आठवां टी-20 विश्वकप होगा। रोहित 2007 से 2021 तक हुए सभी सात टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने सर्वाधिक 33 मैच खेले हैं जिसमें आठ अर्धशतक की मदद से 847 रन बनाए हैं,नाबाद 79 रन सर्वाधिक स्कोर है।

**76.81** की सर्वाधिक औसत है विराट की भारतीय बल्लेबाजों में



### श्रेयस और चाहर दूसरी बार भी स्टैंडबाई

भारतीय टीम में नौ क्रिकेटर ऐसे हैं, जो बीते वर्ष यूएई में हुए टी-20 विश्वकप का हिस्सा थे। तब टीम सुपर-12 दौर में ही बाहर हो गई थी। सात क्रिकेटर एक से अधिक बार विश्वकप खेल चुके हैं।

- पिछले विश्वकप में खेलने वाले क्रिकेटरों में रोहित शर्मा, राहुल, विराट, सूर्यकुमार, ऋषभ, हार्दिक,अश्विन, बुमराह और भुवनेश्वर हैं। श्रेयस और दीपक चाहर पिछले साल भी स्टैंडबाई में थे, इस बार भी स्टैंडबाई में हैं।

### विराट, अश्विन ने खेले हैं चार विश्वकप

टीम इंडिया में शामिल 10 क्रिकेटरों में सात ऐसे हैं जो तीसरी या उससे अधिक बार विश्वकप में खेलेंगे। उपकप्तान केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत ही ऐसे क्रिकेटर हैं, जो अब तक एक ही विश्वकप (2021 का) खेले हैं।

- रोहित ने सात (2007, 09, 10, 12, 14, 16, 21), विराट ने चार (12, 14, 16, 2021), आर. अश्विन ने चार (12, 14, 16, 2021), कार्तिक ने दो (2007, 2010) भुवनेश्वर ने दो (2014, 2021), बुमराह ने दो (2016, 2021), हार्दिक पंड्या ने दो (2016, 2021) विश्वकप खेले हैं।



**119** विश्वकप मैचों का अनुभव है 10 क्रिकेटरों के पास

**टी-20 विश्वकप में टीम इंडिया के गेंदबाज**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट | सर्वश्रेष्ठ | औसत | इकोनॉमी |
|---|---|---|---|---|---|
| अश्विन | 18 | 26 | 4/11 | 15.26 | 6.01 |
| बुमराह | 10 | 11 | 2/10 | 22.54 | 6.41 |
| भुवनेश्वर | 07 | 04 | 1/7 | 32.00 | 5.81 |
| हार्दिक | 10 | 05 | 2/29 | 36.6 | 10.16 |

**टी-20 विश्वकप में टीम इंडिया के बल्लेबाज**

| खिलाड़ी | मैच | रन | उच्चतम | औसत | 50 | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 30 | 847 | 79* | 38.5 | 8 | 131.2 |
| विराट कोहली | 21 | 845 | 89* | 76.81 | 10 | 129.60 |
| केएल राहुल | 05 | 194 | 69 | 48.5 | 03 | 152.75 |
| सूर्यकुमार | 04 | 42 | 25* | 42.0 | 00 | 144.82 |
| ऋषभ पंत | 05 | 78 | 39 | 39.0 | 00 | 125.8 |
| दिनेश कार्तिक | 06 | 57 | 17 | 11.4 | 00 | 111.76 |
| हार्दिक पंड्या | 10 | 85 | 35* | 18.66 | 00 | 146.08 |

# बीच के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी बड़ी चिंता

## बीसीसीआई ने की एशिया कप की समीक्षा

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी-20 विश्वकप को ध्यान में रखते हुए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप में मिली हार के कारणों की समीक्षा की तो सामने आया कि टीम ने मिडिल ओवरों में धीमी बल्लेबाजी की। 7 से 15 ओवर के बीच भारतीय टीम ने कम रन बनाए, जो चिंता का कारण है।

बीसीसीआई ने सोमवार को टी-20 विश्वकप, ऑस्ट्रेलिया और द. अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए टीम घोषित की। इस दौरान बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, सचिव जय शाह व राष्ट्रीय चयनकर्ता समिति ने एशिया कप में टीम के लचर प्रदर्शन पर भी चर्चा की। बोर्ड अधिकारी ने बताया कि हमने एशिया कप में प्रदर्शन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा, समस्याओं के बजाय सुधार पर हमारा ध्यान है, जो कमियां रह गईं उनको विश्वकप में नहीं दोहराया जाए। एजेंसी



*बीसीसीआई की बैठक के दौरान सामने आया कि लक्ष्य का पीछा करना हो या पहले बल्लेबाजी। दोनों ही स्थिति में हमारी टीम 7 से 15 ओवरों के बीच धीमी खेली।*

- पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में नौ ओवरों में तीन विकेट खोकर 59 रन बनाए। हांगकांग के खिलाफ 62 रन बने।
- सुपर फोर में पाकिस्तान के खिलाफ एक विकेट खोकर 62 रन बनाए। श्रीलंका के 78 रन बने बीच के नौ ओवरों में। शीर्षक्रम को धीमी गेंदबाजी पर भी समस्या हुई।

### थिंक टैंक कर रहा कमियों को दूर करने पर काम

बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कई मुद्दों में से मिडिल के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी एशिया कप के दौरान प्रमुख समस्या रही। विशेषकर 7 से 15 ओवरों के बीच। हमारे पास विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। जो भी सुधार और बदलाव हो सकता है, उसको लेकर टीम का थिंक टैंक जागरूक है।

# मंधाना की मदद से भारत ने की सीरीज में बराबरी

## दूसरा टी-20 मैच 20 गेंद शेष रहते आठ विकेट से जीता, स्मृति ने खेली 79* रन की पारी

**डर्बी।** स्नेह राणा (3/24) की घातक गेंदबाजी के बाद ओपनर स्मृति मंधाना (79*) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (29) के बीच तीसरे विकेट पर 69 रन की अटूट साझेदारी से भारतीय महिला टीम ने दूसरे टी-20 में इंग्लैंड को 20 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।

इंग्लैंड की महिलाओं ने 54 रन पर पांच विकेट खोने के बावजूद दूसरे टी-20 मुकाबले में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 142 रन बनाए। फ्रेया केंप ने 37 गेंदों में नाबाद 51 रन की पारी खेली। भारतीय टीम ने 16.4 ओवरों में दो विकेट पर 146 रन बना लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने छठे ओवर में शेफाली (20) का विकेट गंवा दिया था। हेमलता भी 9 रन पर आउट हो गईं। उसके बाद प्लेयर ऑफ द मैच मंधाना और हरमनप्रीत ने जीत दिला दी। विजयी रन मंधाना के बल्ले से चौके के रूप में निकला। स्मृति का यह 17वां अर्धशतक रहा। इससे पहले इंग्लैंड की ओर से कैंप ने माया बोशियर (34) साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड की कप्तान एमी जोंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। एजेंसी



शॉट खेलतीं स्मृति मंधाना। एजेंसी




श्रीलंका क्रिकेट टीम एशिया कप जीतकर जब कोलंबो पहुंची तो देश की जनता के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। आर्थिक संकट के दौर से गुजरने वाले देश के नागरिक अपनी मुश्किलें भूलकर चैंपियनों के स्वागत में जुटे। एजेंसी

# विनेश विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के क्वालिफिकेशन दौर में ही हारीं

## फ्री स्टाइल के 53 भारवर्ग में मंगोलिया की खुलान ने 7-0 से हराया

**बेलग्रेद।** राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार की चैंपियन विनेश फोगाट विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के 53 किलो भारवर्ग के क्वालिफिकेशन दौर में मंगोलिया की खुलान बटखुयाग से 0-7 की शिकस्त के साथ उलटफेर का शिकार हो गईं।

बटखुयाग ने पहले दौर में 3-0 की बढ़त ले ली और अंतिम सेकंड में चार अंक लेकर जीत हासिल की। ट्रायल में विनेश के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली जूनियर पहलवान अंतिम पंघाल ने पिछले माह अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में इसी मंगोलियाई को हराया था। एजेंसी



**10वीं** वरीयता प्राप्त विनेश मुकाबले के दौरान प्रभावी नहीं दिखीं

### नीलम-शेफाली की भी हार

पूर्व रजत पदक विजेता अंशु मलिक की गैरमौजूदगी में विनेश पदक की प्रबल दावेदार थी क्योंकि गत चैंपियन जापान की अकारी फुजिनामी के चोट के कारण हटने के बाद उन्हें अनुकूल ड्रॉ मिला था।

- नीलम सिरोही दो बार की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रोमानिया की एमीलिया एलीना वुक के खिलाफ 50 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0-10 से हार गईं।
- फ्रांसीसी पहलवान कौंबा लारोक ने 65 भारवर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर शेफाली को आसानी से हराया।

**तुलना** विशेषज्ञ बोले- स्पेन के 19 वर्षीय कार्लोस और इटली के 21 वर्षीय यानिक में बिग-3 की विरासत संभालने की काबिलियत

# अब सिनर और अल्कारेज में दिखेगी टेनिस की नई प्रतिद्वंद्विता

**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन का खिताब जीत दुनिया के सबसे कम उम्र में नंबर एक खिलाड़ी बने स्पेन के 19 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज का कहना है कि वह कोई विशेष व्यक्ति नहीं हैं। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। अल्कारेज की तुलना अब महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर और राफेल नडाल से की जा रही है।

अल्कारेज के कोच और पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जुआन कार्लोस फरेरो का मानना है कि बिग-3 (रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच) की विरासत कार्लोस और इटली के 21 वर्षीय यानिक सिनर संभाल सकते हैं। अगले दस वर्ष इन्हीं दो युवाओं में प्रतिद्वंद्विता दिखेगी। अल्कारेज की सर्विस, ग्राउंड स्ट्रोक्स, रिटर्न, वॉली, टेंपरामेंट, तकनीकी, स्टेमिना व स्पीड नडाल से मेल खाती है। एजेंसी



कार्लोस अल्कारेज



यानिक सिनर

**2003** से ग्रैंडस्लैम के 79 संस्करणों में से 65 खिताब बिग-3 ने जीते

**एक-दूसरे से दो-दो बार जीते :** सिनर और अल्कारेज अब तक एक-दूसरे को दो-दो बार हरा चुके हैं। इस वर्ष विंबलडन प्री-क्वार्टर फाइनल में सिनर ने कार्लोस को तो यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में अल्कारेज ने यानिक को हराया। दोनों ही कॅरियर में अब तक 6-6 एटीपी खिताब जीत चुके हैं।

### दो साल में 310 से एक नंबर बने अल्कारेज

अल्कारेज अगस्त 2020 में 310वें नंबर के खिलाड़ी थे। पिछले वर्ष वह 55वें स्थान पर पहुंचे और अब नंबर एक बनने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। खेल विशेषज्ञ और दिग्गज खिलाड़ियों का मानना है कि अल्कारेज के अंदर नडाल जैसी चपलता तो फेडरर की तरह कौशल है। वह इन दोनों खिलाड़ियों को मिश्रण हैं। सिनर में भी फेडरर की झलक मिलती है। सिनर 2019 में 324वीं रैंकिंग पर थे। पिछले वर्ष नवंबर में नौवें नंबर पर पहुंचे। वर्तमान में उनकी रैंकिंग 11 है।

### बिग-3 पहली बार नहीं खेले अंतिम-8 में भी

जुलाई 2003 के बाद इस बार यूएस ओपन में पहला मौका आया, जब बिग-3 में से कोई भी खिलाड़ी किसी भी ग्रैंडस्लैम के अंतिम आठ में भी न खेला हो। इतना ही नहीं 2003 से लेकर अब तक एक-दो मौकों को छोड़ दिया जाए तो इन्हीं तीन खिलाड़ियों में से विजेता और उपविजेता बनते रहे हैं। रोजर फेडरर ने 2003 में विंबलडन जीता था। 2005 में नडाल फ्रेंच ओपन जीते। 2008 में जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन में चमके। 2003 से अब तक 79 बार चारों ग्रैंडस्लैम में से 65 बार बिग-3 ने ही आपस में खिताब बांटे।

- अल्कारेज सर्बिया के खिलाफ बुधवार से होने वाले डेविस कप मैच के लिए स्पेन पहुंच गए हैं।

## बिंदास

ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

# भारती सिंह का 'लिटिल चैंप'

**मुंबई** फिल्म जगत की दिन भर की गतिविधियों पर नजरें जमाए रहने वाले फोटोग्राफर्स को पैपराजी कहते हैं। शुरू में तो ये लोग अपने सूत्रों से मिली सूचनाओं के अनुसार ही सितारों के यहां वहां दिखते ही फोटो खींचने पहुंच जाते थे, लेकिन अब ये पूरा एक अलग कारोबार बन चुका है। सितारे बाकायदा तैयार होकर घर से निकलते हैं। उनकी टीम योजना बनाकर इसकी जानकारी लीक करती है और फिर सितारों का यह छद्म आभामंडल उनके प्रशंसकों तक पहुंचाने का काम करते हैं, वायरल वीडियो और तस्वीरें खींचने वाले लोग। लेकिन सोशल मीडिया की बहुतायत वाले समय में कुछ सितारे अपने बच्चों और परिवार के बारे में उतना ही अपने प्रशंसकों को बताते हैं, जितना जरूरी है। जैसे कि मशहूर हास्य कलाकार भारती सिंह। भारती सिंह का काम और परिवार का संतुलन काबिले तारीफ रहा है। वह जब सेट पर होती हैं तो पूरी तरह शूटिंग के लिए समर्पित दिखती हैं और एक बार शूटिंग खत्म तो फिर पूरा समय अपने पति और बच्चे के साथ बिताती हैं। उनके बेटे का मुंबई के सितारों के दूसरे बच्चों के बीच अलग ही फैनबेस है। नाम है इसका, गोला। गोला और भारती सिंह की एक श्वेत श्याम तस्वीर इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। तस्वीर में भारती सिंह लहंगा पहने नजर आ रही हैं। वहीं बेटा गोला की वेशभूषा कन्हैया की है। इस तस्वीर पर प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं। गोला का जन्म इसी साल 3 अप्रैल को हुआ।



### सोशल मीडिया पर बेटे की तस्वीर वायरल

इस बीच जानकारी यह भी है कि भारती सिंह जल्द ही म्यूजिक रियलिटी शो 'सारेगामापा लिटिल चैम्प्स' की मेजबानी करती दिखेंगी और इसके साथ ही कपिल शर्मा के शो से भी वह जल्द ही विदा लेने वाली हैं।

# 'लाइगर' के बाद आगे की तैयारी

**अनन्या** पांडे की अदाकारी लोग हाल ही में सुपरफ्लॉप फिल्म 'लाइगर' में देख चुके हैं, इसके पहले उनकी और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'गहराइयां' को भी दर्शकों ने खास पसंद नहीं किया। अनन्या पांडे का कॅरिअर बनाने की जिम्मेदारी निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने ली है और वही उनकी फिल्मों के बारे में फैसला भी लेते हैं। सूत्र बताते हैं कि अनन्या पांडे की ब्रांड वैल्यू बनाए रखने के लिए धर्मा प्रोडक्शंस जल्द ही उन्हें लेकर एक बड़ी फिल्म का एलान करने की तैयारी में है। इस बीच अनन्या 'लाइगर' के न चलने के दुख से उबरने के लिए विदेश यात्रा पर निकल गई हैं। वह इन दिनों इटली में छुट्टियां मना रही हैं और वहां से अपनी तस्वीरें और वीडियो लगातार फैंस के साथ साझा कर रही हैं। अनन्या की अगली फिल्म 'खो गए हम कहां' होगी, जिसमें वह सिद्धांत चतुर्वेदी और गौरव आदर्श के साथ नजर आएंगी। सिद्धांत की पिछली फिल्म 'बंटी और बबली 2' भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरफ्लॉप रही, जबकि गौरव आदर्श की ओटीटी पर रिलीज हुई उनकी पिछली फिल्म 'द व्हाइट टाइगर' में काफी तारीफ हुई थी।



अमर उजाला
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919

6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
amarujala.com
# अमर उजाला
हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजधानी •• वर्ष 20 | अंक 156 | पृष्ठ : 18 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये
नई दिल्ली | बुधवार, 14 सितंबर 2022 आश्विन कृष्ण-चतुर्थी ■ विक्रम संवत-2079
हिंदी आओ मनाएं उत्सव

## न्यूज डायरी

### मुकुल रोहतगी देश के अगले अटॉर्नी जनरल



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी देश के अगले और 14वें अटॉर्नी जनरल होंगे। वह एक अक्तूबर को पद संभालेंगे। रोहतगी मौजूदा अटॉनी जनरल केके वेणुगोपाल का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। रोहतगी इससे पहले भी जून 2014 से जून 2017 तक अटॉर्नी जनरल के रूप में सेवा दे चुके हैं। ब्यूरो

### बंगाल में भाजपा की रैली में पथराव-हंगामा



**कोलकाता।** बंगाल का एक बड़ा हिस्सा भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच रणक्षेत्र बना रहा। कोलकाता में भाजपा के 'नबान्न चलो' रैली को पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश के बीच कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पथराव किया और गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने कई जगह लाठी चार्ज किया। 15

### भारत दिसंबर में बनेगा जी-20 समूह का अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारत को दिसंबर में एक वर्ष के लिए जी-20 समूह की अध्यक्षता मिलने जा रही है। अध्यक्षता के दौरान भारत 200 से ज्यादा बैठकों की मेजबानी करेगा। अगले साल 9-10 सितंबर को वार्षिक शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में होगा। 15

# केस जीतने से ज्यादा जरूरी हारने वाले पक्ष का संतुष्ट होकर वापस जाना : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुकदमा जीतने वाले से ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि हारने वाला पक्ष क्या सोचता है। हारने वाले पक्ष का संतुष्ट होकर वापस जाना ज्यादा जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने सपा नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला खां की अपील पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

जस्टिस अजय रस्तोगी व जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, संस्था में हमारा विश्वास है, जो धीरे-धीरे कम हो रहा है। विश्वास होना जरूरी है। यह सिर्फ एक तरह से हो सकता है, हम इस छोर पर खेल के नियमों का पालन करें और दूसरे छोर पर भी ऐसा ही हो। विश्वास बहाली का यही एकमात्र तरीका है। मुझे भरोसा हो कि चाहे निर्णय खिलाफ ही क्यों न हो, पर मुझे सुना गया और बिना डर व पक्षपात के कानून ने काम किया। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा, हारने वाले पक्ष का संतुष्ट होना अहम है। ब्यूरो

### बार और बेंच की शादी को नहीं तोड़ा जा सकता

सिब्बल ने पीठ से कहा, जिस कुर्सी पर आप बैठते हैं, उसके लिए हमारे मन में बहुत सम्मान है। बार-बेंच के बीच ऐसी शादी है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। जब पता चलता है कि दोनों छोर पर कुछ अलग हो रहा है तो यह मेरे जैसे व्यक्ति को, जिसने इस अदालत को पूरा जीवन दिया है, परेशान करता है।

# नौकरशाही में बाबू संस्कृति औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक : दिल्ली हाईकोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि भारतीय नौकरशाही में बाबू संस्कृति औपनिवेशिक मानसिकता का प्रतीक है। यह देश को विकसित बनाने के लक्ष्य में बड़ी बाधा है। हाईकोर्ट ने एक किसान की 35 वर्षों से लंबित अपील पर भूमि अधिकारियों की ओर से विचार नहीं करने पर यह तल्ख टिप्पणी की।

जस्टिस चंद्रधारी सिंह ने कहा, समय आ गया है कि इस तरह की मानसिकता को देश की बेहतरी के लिए छोड़ दिया जाए और लोगों को ऐसी कैंसरकारी प्रवृत्तियों वाले औपनिवेशिक अतीत के अवशेषों से मुक्त किया जाए। कोर्ट ने कहा, अधिकारियों के इस तरह के दृष्टिकोण और उनकी कर्तव्य निर्वहन में विफलता की वजह से देशभर के हाईकोर्ट में याचिकाएं लंबित हो रही हैं और अदालतों पर बोझ बढ़ता जा रहा है। इस मानसिकता से व्यवस्था घोंघें की गति से चल रही है। ब्यूरो

### प्रथमदृष्टया अदालत की अवमानना का मामला

जस्टिस सिंह ने कहा, ऐसा लगता है कि आवेदन पर जानबूझकर विचार नहीं किया गया। इसमें प्रथमदृष्टया अदालत की अवमानना का मामला बनता है। अदालत ने अधिकारियों को हलफनामा दाखिल करने को कहा। किसान की अर्जी पर एक महीने में विचार कर रिपोर्ट दाखिल करने के लिए भी कहा है।

# सेहत की चिंता...कई कैंसर रोधी दवाएं एंटीबायोटिक और टीके होंगे किफायती

## सात साल बाद राष्ट्रीय आवश्यक दवाओं की सूची में बदलाव, कुल 384 दवाएं, जिनमें 34 नई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कई कैंसर रोधी दवाएं, एंटीबायोटिक और टीके अब और किफायती हो जाएंगे। सात साल बाद सरकार ने राष्ट्रीय आवश्यक दवा सूची (एनएलईएम), 2022 जारी की है। सूची में शामिल दवाओं की कीमत कंपनी अपनी मर्जी से नहीं बढ़ा सकती।

नई सूची के अनुसार, 27 श्रेणी में कुल 384 दवाएं सस्ती हो जाएंगी और रोगियों के खर्च में कमी आएगी। इसमें 34 नई दवाएं शामिल की गई हैं। अगर सभी दवाओं को मिला दिया जाए तो बाजार में एक हजार से अधिक फॉर्म्युलेशन उपलब्ध होंगे। इसके अलावा 26 दवाओं को सूची से हटाया गया है। कैंसर उपचार में प्रभावी चार प्रमुख दवाएं बेंडामुस्टाइन हाइड्रोक्लोराइड, इरीनोटकन एचसीआई ट्राइहाइड्रेट, लेनिलेडोमाइड व ल्यूप्रोलाइड एसीटेट को नई सूची में शामिल किया गया है। इनके अलावा, मनोचिकित्सा में काम आने वाली दवाएं निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी और बुप्रेनोरफिन भी इसमें शामिल हैं। ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट, पारासिटामोल, रिबाविरिन, मुपिरोसिन, मेरोपेनेम, स्ट्रेप्टोमाइसिन, लोराजेपम और आइवरमेक्टिन को भी नई सूची में जगह मिली है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने 42 कैंसर रोधी दवाओं को मूल्य नियंत्रण के दायरे में रखा था। वे सभी इस सूची में हैं।



**इन्हें सूची से हटाया**
रैनिटिडीन, सुक्रालफेट, व्हाइट पेट्रोलेटम, एटेनोलोल और मिथाइल्डोपा जैसी 26 दवाओं को पिछली सूची से हटा दिया गया है। इसके पीछे दवाओं की ज्यादा लागत व इनके मुकाबले बेहतर दवाओं की उपलब्धता कारण बताए गए हैं।

### कोरोना की एक भी दवा इस सूची में शामिल नहीं

कोविड प्रोटोकॉल में शामिल दवाओं को नहीं रखा गया। सरकार का कहना है कि ये दवाएं अब भी आपातकालीन इस्तेमाल की श्रेणी में हैं और इनके ठोस परिणाम आना बाकी हैं। एनएलईएम, 2022 में 384 दवाएं शामिल हैं। इनमें 342 एकल चिकित्सीय श्रेणी में, 41 दो चिकित्सीय श्रेणियों में, 11 तीन चिकित्सीय श्रेणियों में व 4 दवाएं चार चिकित्सीय श्रेणियों में बांटी गई हैं।

### हृदय रोग, कान-नाक-गले की दवाएं भी

सूची में हृदय रोग, तंत्रिका तंत्र और संक्रमण रोधी दवाओं के अलावा कान, नाक, गले व गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल संक्रमण की दवाएं शामिल की हैं। हार्मोन, अन्य अंतःस्रावी व गर्भनिरोधक दवाएं भी हैं।

**बाजार में गैर-मौजूद फॉर्मूलेशन हटाए :** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई फॉर्मूलेशन जो 2015 में मौजूद थे और अब बाजार में उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें लिस्ट से हटा दिया है।

- उदाहरण के लिए सोडियम थायोसल्फेट इंजेक्शन 100 मिलीग्राम, मॉर्फिन टैबलेट 20 मिलीग्राम को बाहर कर दिया।

### 2011 से अब तक बदलाव

साल 2011 की एनएलईएम सूची में 47 नई सहित कुल 348 दवाएं थीं। 2015 में 106 नई सहित कुल 376 दवाएं थीं। अब 384 दवाएं रहेंगीं।

### सबको दवा-सस्ती दवा

कई साल तक विशेषज्ञों से सलाह के बाद तैयार सूची को जारी करने का मकसद आम लोगों तक सस्ती, सुलभ और आसानी से दवाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत 'सबको दवा, सस्ती दवा' के लक्ष्य पर चल रहा है।
**-डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

# मिशन गगनयान 2024 में परीक्षण साल के अंत तक

## कोविड महामारी से अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण में देरी

**नई दिल्ली।** दो भारतीयों को अंतरिक्ष में ले जाने वाला भारत का पहला मिशन गगनयान साल 2024 में प्रक्षेपित होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि कोविड-19 महामारी की वजह से मिशन में विलंब हो रहा है। इससे पहले सरकार ने 2022 में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर इसके प्रक्षेपण की योजना बनाई थी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत के अंतरिक्ष यात्रियों के रूस व भारत में प्रशिक्षण पर असर पड़ा है। पहली परीक्षण उड़ान इसी साल के अंत में भेजी जाएगी। भारत ने वायुसेना के चार लड़ाकू पायलटों को इस मिशन के लिए चुना है। इन्हें रूस में प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से दो को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रा पर भेजा जाएगा। यह मिशन लोअर अर्थ ऑर्बिट (लियो) तक जाएगा, जो पृथ्वी की सतह से 2000 किमी ऊंचाई तक माना जाता है। इससे पहले दो परीक्षण उड़ानें भेजी जा रही हैं। केंद्र सरकार ने 2018 में गगनयान मिशन बनाया था। इसमें करीब 10 हजार करोड़ खर्च होंगे। एजेंसी



### सबसे पहले जाएगी 'व्योम-मित्र'

भारत की ओर से अंतरिक्ष में सबसे पहले एक महिला रोबोट 'व्योम-मित्र' को भेजा जाएगा। इसे अगले साल होने वाले परीक्षण में भेजने की योजना है। यह मिशन के लिए हो रहे परीक्षण की दूसरी उड़ान होगी। **-जितेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### मिशन चंद्रयान-3 भी अगले वर्ष

इसरो ने इस बीच चंद्रयान-3 की तैयारियां भी तेज कर दी हैं। इसे साल 2023 में चंद्रमा पर भेजा जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार अब तक विकल्प के तौर पर दो प्रक्षेपण अवधि तय हुई हैं, पहली फरवरी और दूसरी जुलाई।

# 86 सियासी दलों का पंजीकरण रद्द, 253 निष्क्रिय

## सख्ती : चुनाव आयोग ने अब तक 537 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दलों के खिलाफ की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** कागज पर राजनीतिक पार्टी बनाकर सियासत चमकाने वालों के खिलाफ चुनाव आयोग की कार्रवाई जारी है। आयोग ने 86 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटा दिया है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार व चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय ने मंगलवार को 253 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को निष्क्रिय घोषित करने का फैसला भी किया। इन 339 आरयूपीपी को कोई लाभ नहीं मिल सकेगा। आयोग 25 मई से अब तक ऐसे 537 दलों के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है। ब्यूरो

**यूपी सहित सात राज्यों के दलों पर कार्रवाई**

- यूपी, बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर अब 253 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त दल निष्क्रिय घोषित किए गए हैं।
- इन दलों ने न तो किसी नोटिस का जवाब दिया और न ही 2014 से विधानसभा या लोकसभा चुनाव लड़ा।
- ये दल 2015 से 16 से अधिक वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करने में विफल रहे हैं। आयोग इन दलों के खिलाफ आगे दंडात्मक कार्रवाई का निर्णय भी ले सकता है।

### हो सकती है दंडात्मक कार्रवाई

सूची से हटाए गए दल आरयूपीपी साझा चिह्न की मांग करते रहे हैं, लेकिन इन्होंने चुनावों में कोई उम्मीदवार नहीं बनाया। इनसे पूछा जाएगा कि उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए?

**अपना पक्ष रख सकेंगे दल**...निर्णय से असंतुष्ट दल संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी/ चुनाव आयोग से संपर्क कर सकेंगे। आदेश जारी होने के 30 दिनों के भीतर सबूतों व अन्य कानूनी और नियामक अनुपालन रिपोर्ट के साथ पक्ष रख सकेंगे।



### ईवी चार्जिंग स्टेशन में आग, ऊपर बने होटल में 8 की मौत

तेलंगाना के सिकंदराबाद में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) शोरूम के चार्जिंग स्टेशन में सोमवार रात आग लग गई। आग से पूरी चार मंजिला इमारत में धुआं भर गया। इससे शोरूम के ऊपर बने होटल में आठ लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में दो दिल्ली के रहने वाले थे। एजेंसी ...पेज 15

# आप का कूड़ा विरोधी अभियान आज से

## 14 को दिखाएंगे गाजीपुर लैंडफिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही बुधवार से आम आदमी पार्टी का कूड़ा विरोधी अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान के तहत पार्टी दिल्लीवासियों को तीनों लैंडफिल साइटों के दर्शन कराएगी। मंगलवार को पार्टी के कई नेताओं ने प्रेस वार्ता में इस अभियान की जानकारी दी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल पर 90 लाख टन कूड़ा है। वहीं, करीब 4 हजार टन कूड़ा हर रोज आता जिसमें से सिर्फ ढाई हजार टन कूड़ा ही निस्तारित होता है। गाजीपुर लैंडफिल साइट और ओखला का भी यही हाल है। कूड़ा न डाला जाए तब भी वर्तमान प्रक्रिया के हिसाब से इन कूड़े के पहाड़ों को हटाने में लगभग 27 साल लगेंगे। आप नेता के अनुसार, कूड़ा विरोधी अभियान के तीन चरण होंगे। सबसे पहले 14 तारीख को गाजीपुर लैंडफिल साइट को देखा जाएगा। ब्यूरो >> पैमाना कोई नहीं : पेज 2

# दुनिया में तेजी से बढ़ा हिंदी का वर्चस्व

## 1900 में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में चौथे स्थान पर थी, 121 साल में 175.52% की गति से बढ़ी

कालीचरण

**नई दिल्ली।** दुनिया में हिंदी भाषा का वर्चस्व तेजी से बढ़ रहा है। सन 1900 से 2021 के दौरान यानी 121 साल में हिंदी के बढ़ने की रफ्तार 175.52 फीसदी रही। यह अंग्रेजी की 380.71 फीसदी के बाद सबसे तेज है। अंग्रेजी और मंदारिन के बाद हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है।

वर्ष 1900 में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में चौथे स्थान पर थी। स्टैटिस्टा के मुताबिक, उस समय मंदारिन पहले, स्पैनिश दूसरे व अंग्रेजी तीसरे पायदान पर थी। जैसे-जैसे देश तरक्की की राह पर बढ़ा, भारतीय भाषाओं और विशेषतः हिंदी की पूछ बढ़ती गई। लंबी यात्रा तय करने के बाद हिंदी वर्ष 1961 में स्पैनिश को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन गई। तब दुनियाभर में 42.7 करोड़ लोग हिंदी बोलते थे। इनकी संख्या 2021 में बढ़कर 64.6 करोड़ पहुंच गई। यह संख्या उन 53 करोड़ लोगों के अतिरिक्त है, जिनकी मातृभाषा हिंदी है। अब तो यह शीर्ष-10 कारोबारी भाषाओं में भी शुमार है। >> प्रवाह : सांस्कृतिक व भाषायी मानसिकता की अनुगूंज




### देश में 53 करोड़ की मातृभाषा हिंदी

**दुनिया में 64.6 करोड़ हिंदी भाषी**

देश में 43.63 फीसदी यानी 53 करोड़ लोगों की मातृभाषा हिंदी है। 13.9 करोड़ यानी 11% से अधिक की यह दूसरी भाषा है। 55% भारतीयों की मातृभाषा या दूसरी भाषा हिंदी है। दुनिया में 64.6 करोड़ हिंदी भाषी हैं।

- नमस्ते दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला हिंदी शब्द है।
- वर्ष 2000 में इंटरनेट पर पहला हिंदी वेब पोर्टल लॉन्च किया गया था।

### गूगल पर 10 लाख करोड़ पन्ने हिंदी में

मुंबई विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. करुणाशंकर उपाध्याय ने बताया कि गूगल पर सात साल में हिंदी सामग्री 94% की दर से बढ़ी है। गूगल पर 10 लाख करोड़ पन्ने हिंदी में उपलब्ध हैं।

- दुनिया के 10 सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले अखबारों में शीर्ष-6 हिंदी भाषी हैं।
- भारत से बाहर 260 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जा रही है।
- विदेश में 28 हजार से ज्यादा शिक्षण संस्थान हिंदी सिखा रहे हैं।



# पैमाना कोई नहीं, आयोग ने बस मैप पर खींच दी लाइन

## एक विधानसभा क्षेत्र के भीतर के दो वार्डों की आबादी में डेढ़ गुना तक फर्क

विनोद डबास

**नई दिल्ली।** करीब दो महीने में दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने बेशक एमसीडी के वार्डों का खाका तैयार कर लिया है, लेकिन सीमा तय करने में कोई ठोस पैमाना नहीं अपनाया है। तयशुदा वार्डों की संख्या के हिसाब से बस मैप पर लाइन भर खींची है। किसी भी वार्ड की आबादी एक सी नहीं है। कई वार्डों की आबादी में दो गुना तक का फर्क है। हर विधानसभा क्षेत्र में वार्ड संख्या भी अनिश्चित है।

मसलन, परिसीमन के दौरान 30 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए वार्डों में जनसंख्या के मामले में बड़ा फर्क है। इन क्षेत्रों के वार्डों में 20 से 35 हजार आबादी कम व ज्यादा है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के नरेला वार्ड में आबादी 49,517 है और इसी विधानसभा क्षेत्र के होलंबी कलां वार्ड की आबादी 82,877। मुंडका विधानसभा क्षेत्र के रानीखेड़ा वार्ड में 54,152 और निलोठी वार्ड में 80,162 जनसंख्या है। किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के किराड़ी वार्ड में 51,806 और अमन विहार वार्ड में 86,546 जनसंख्या है। नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र के नांगलोई जाट वार्ड में 52,787 व निहाल विहार में 85,571 जनसंख्या है।

शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के शालीमार बाग ए वार्ड में 58,093 व पीतमपुरा वार्ड में 80,948 जनसंख्या शामिल है। वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अशोक विहार वार्ड में 55,773 व वजीरपुर वार्ड में 87,397 जनसंख्या है। मॉडल डाउन विधानसभा क्षेत्र के संगम पार्क वार्ड में 44,674 व कमला नगर वार्ड में 71,189 जनसंख्या में शामिल की गई है।

हरी नगर विधानसभा क्षेत्र के सुभाष नगर वार्ड में 47,824 व हरी नगर वार्ड में 74,461 जनसंख्या है। विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के हस्तसाल वार्ड में 83,484 व शिव विहार वार्ड में 49,343 जनसंख्या शामिल की है।

देवली विधानसभा क्षेत्र के देवली वार्ड में 55,131 व संगम विहार ए वार्ड में 89,899 जनसंख्या, अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र के मदनगीर वार्ड में 52,695 व पुष्प विहार वार्ड में 82,509 जनसंख्या और ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र के चिराग दिल्ली में 77,698 व ग्रेटर कैलाश वार्ड में 45,174 जनसंख्या है। त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र के न्यू अशोक नगर वार्ड में 56,168 व मयूर विहार फेज-एक में 93,381, कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के अनारकली वार्ड में 49,180 व जगतपुरी वार्ड में 83,636, गोकलपुर विस क्षेत्र के हर्ष विहार वार्ड में 87,009 व गोकलपुर वार्ड में 44,658 और करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के सादत पुर वार्ड में 83,347 व श्रीराम कॉलोनी वार्ड में 42,819 जनसंख्या शामिल की गई है।



### 6 विधानसभा क्षेत्रों में जनसंख्या अधिक होने के बावजूद कम वार्ड बनाए

**नई दिल्ली।** परिसीमन आयोग ने एमसीडी के वार्डों का गठन करने के दौरान विधानसभा क्षेत्रों की जनसंख्या का भी ध्यान नहीं रखा है। आयोग ने दो विधानसभा क्षेत्रों में चार-चार वार्ड बनाए हैं, जबकि उनसे अधिक जनसंख्या वाले छह विधानसभा क्षेत्रों में तीन-तीन वार्ड बना दिए। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में 2,22,575 जनसंख्या है, जबकि पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में 2,21,317 जनसंख्या है। तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र में 2,26,714, मंगोलपुरी विधानसभा क्षेत्र में 2,31,907, रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में 2,29,041, त्रिलोकपुरी विस क्षेत्र में 2,41,540, कोंडली विधानसभा क्षेत्र में 2,33,716 व सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में 2,36,936 जनसंख्या है। इसके बावजूद पटेल नगर व पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में चार-चार वार्ड बनाए गए हैं और तिमारपुर, मंगोलपुरी, रोहिणी, त्रिलोकपुरी, कोंडली व सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन वार्ड बनाए हैं। तिमारपुर, मंगोलपुरी, रोहिणी, त्रिलोकपुरी, कोंडली व सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में पहले चार-चार वार्ड थे। इस तरह उनमें एक-एक वार्ड कम कर दिया। पटेल नगर व पटपड़गंज विस क्षेत्र में चार-चार वार्ड थे और उनमें अब भी चार-चार वार्ड बनाए हैं। ब्यूरो

### 24 विधानसभा क्षेत्रों में वार्डों की संख्या प्रभावित

**नई दिल्ली।** एमसीडी के वार्ड 272 से 250 करने के लिए जारी किए गए परिसीमन के ड्राफ्ट में 24 विधानसभा क्षेत्रों में वार्डों की संख्या प्रभावित हुई है। इस दौरान 23 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक वार्ड कम किया गया है, जबकि एक विधानसभा क्षेत्र में एक वार्ड बढ़ाया गया है। मुस्ताफाबाद विधानसभा क्षेत्र में पहले चार वार्ड थे, जबकि अब पांच वार्ड बनाए गए हैं। मटियाला में सात से छह, बुराड़ी क्षेत्र में छह से पांच, बादली, उत्तम नगर, नजफगढ़ व देवली में पांच से चार, तिमारपुर, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, रोहिणी, शालीमार बाग, त्रिनगर, वजीरपुर, सदर बाजार, मादीपुर, राजौरी गार्डन, द्वारका, संगम विहार, त्रिलोकपुरी, कांडली, शाहदरा व सीमापुरी क्षेत्र में चार से तीन वार्ड कर दिए हैं। ब्यूरो

### सभी वार्डों की सीमा में परिवर्तन किया

परिसीमन आयोग ने एमसीडी के वार्डों की संख्या 272 से 250 करने के दौरान 22 विधानसभा क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि एमसीडी के अधीन आने वाले सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों के वार्डों की सीमा में परिवर्तन किया है। आयोग ने सभी विस क्षेत्रों में नए सिरे से वार्डों का गठन किया है। इस दौरान 24 विधानसभा क्षेत्रों में वार्डों की संख्या कम व ज्यादा की है। इस कारण इन विस क्षेत्रों में वार्डों की सीमा में परिवर्तन होना स्वभाविक था, लेकिन आयोग ने अन्य 44 विधानसभा क्षेत्रों में पहले जितने वार्ड होने के बावजूद उनमें भी वार्डों का इलाका इधर उधर किया है। आयोग ने कई वार्डों के नाम में भी परिवर्तन किया है, जबकि ऐसे अधिकांश वार्डों में 50 प्रतिशत से अधिक पुराने वार्ड वाला इलाका शामिल है। केंद्र ने एमसीडी के वार्ड 272 से कम करे 250 किए हैं। इस कारण वार्डों का नए सिरे से परिसीमन किया है। ब्यूरो

## आप का कूड़ा विरोधी अभियान आज से

**पहले चरण में 14 सितंबर को गाजीपुर, 15 को ओखला और 16 को भलस्वा लैंडफिल साइट दिखाएंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली निगम चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही सोमवार से आप का कूड़ा विरोधी अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान के तहत पार्टी दिल्ली वासियों को तीनों लैंडफिल साइट से रूबरू कराएगी। मंगलवार को आप नेताओं ने अभियान की जानकारी दी।

आप के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि आप 14 सितंबर से पूरी दिल्ली में कूड़ा विरोधी अभियान शुरू करेगी। लोगों को पहले चरण में 14 को गाजीपुर, 15 को ओखला और 16 को भलस्वा लैंडफिल साइट दिखाएंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले छह महीने से दिल्ली में कूड़े की वजह से हालात बद से बदतर हो गए हैं। एमसीडी ने सैकड़ों ढलावघर बिना योजना के बंद कर वहां दुकानें खोल दीं। ऐसे में लोगों को मजबूरी में सड़कों, नालियों में कूड़ा डालना पड़ रहा है। विधायक आतिशी ने कहा कि वर्तमान गति से कूड़े के तीनों पहाड़ों को साफ करने में 200 साल लगेंगे। अगर कूड़ा आना बंद हो जाए तो भी 27 साल लगेंगे। इसलिए हम भाजपा के 15 सालों के चमत्कार की सच्चाई दिखाने के लिए दिल्ली की जनता को कूड़े के पहाड़ों पर आने का न्योता दे रहे हैं। ब्यूरो

## वार्डों में जनसंख्या एक समान नहीं होने का लोगों को खामियाजा भुगतना पड़ेगा : ममगांई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एमसीडी की निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश ममगांई ने वार्डों के गठन में अनेक अनियमितताएं गिनाई हैं। उन्होंने कहा कि सभी न तो समस्त वार्डों व न ही विधानसभा क्षेत्रों में एक समान जनसंख्या शामिल करने की ओर ध्यान दिया गया। इस कारण वार्डों में जनसंख्या में भारी अंतर हो गया है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि वार्डों में जनसंख्या बराबर नहीं होने का असर भविष्य में विकास कार्य कराने पर पड़ेगा, क्योंकि वार्डों के क्षेत्रफल व जनसंख्या में अंतर होने के बावजूद पार्षदों को एक समान बजट मिलता है। इसी तरह अन्य सुविधाएं और विभिन्न मदों से भी बजट बराबर दिया जाता है। लिहाजा बड़े वार्ड वाले पार्षदों को अपने इलाके में विकास कार्य कराने, समस्याएं दूर कराने और लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दिल्ली राज्य चुनाव आयोग से अपील की है कि वह इन अनियमितताओं को दूर करने की दिशा में पहल करे।

### वार्डों का परिसीमन करने में भेदभाव का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता चौ. चतर सिंह ने एमसीडी के वार्डों के जारी हुए ड्राफ्ट पर दिल्ली राज्य चुनाव आयोग व परिसीमन आयोग को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्डों का परिसीमन करने के दौरान भेदभाव किया गया है। चौ. चतर सिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सुरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में वार्डों की संख्या कम की गई है, जबकि उनमें कई सामान्य श्रेणी के विधानसभा क्षेत्रों से अधिक जनसंख्या है। उन्होंने इसके पीछे अनुसूचित जाति के लोगों की उनके क्षेत्र में राजनीतिक हिस्सेदारी कम करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छह सुरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में चार-चार के बजाय तीन-तीन वार्ड बनाए गए हैं। इस मामले में वह आयोग के समक्ष आपत्ति दर्ज कराएंगे। ब्यूरो

## निगम चुनाव के लिए कांग्रेस तैयार : अनिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के परिसीमन के बाद वार्ड की संख्या 272 से 250 किए जाने का दिल्ली कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में निगम चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। बूथ स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ता भारत जोड़ो यात्रा का संदेश पहुंचाकर संगठन को और मजबूत बना रहे हैं।



अनिल कुमार ने कहा कि केंद्र की ओर से वार्ड के परिसीमन पर आपत्तियां और सुझाव देने के लिए पार्टी ने डिलिमिटेशन कमेटी बनाई हुई है। परिसीमन में अगर आपत्ति और सुझाव होंगे तो पार्टी की कमेटी इन्हें दर्ज कराएगी। ब्यूरो

## तापमान

34° अधिकतम | 25° न्यूनतम

सूर्योदय 6:06 सुबह

सूर्यास्त 6:28 शाम

स्थानीय समयानुसार

**आज का पूर्वानुमान**

आसमान में दिनभर बादल छाए रहेंगे। कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना है।

## शहर में आज

### फिल्म स्क्रीनिंग



**शाम सात बजे :** इंडिया हेबिटैट सेंटर के स्टेन ऑडिटोरियम में जब्बर पटेल की मराठी फिल्म मुक्ता की स्क्रीनिंग की जाएगी।

**सुबह 11 बजे :** इंडिया हेबीटैट सेंटर में अनुराग आनंद की के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

### श्रीमद् भागवत कथा

शाम चार बजे : आदर्श नगर साकेत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा।

**शाम साढ़े छह बजे :** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में राजूला शाह की फिल्म की स्क्रीनिंग होगी।

अमर उजाला
आपकी आवाज
दिल्ली की खबरों, समस्याओं एवं कार्यक्रमों से जुड़ी खबर प्रकाशित करवाने के लिए 9873687563 पर व्हाट्सएप करें। इसके अलावा sshukla@del.amarujala.com पर ई-मेल करें।

## आज तेज हवा संग बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** राजधानी में एक बार फिर पश्चिमी मानसून के सक्रिय होने की सुगबुगाहट है। यही वजह है कि मंगलवार तड़के तेज बारिश रिकॉर्ड की गई है। सुबह साढ़े आठ बजे तक आधिकारिक मानक केंद्र सफदरजंग पर 9.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि पूरे सप्ताह बारिश का दौर जारी रहेगा। इस कड़ी में अगले 24 घंटे में तेज रफ्तार से हवाएं चलने के साथ बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटे में सामान्य से दो अधिक 35.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान व सामान्य से एक कम 23.8 न्यूनतम तापमान डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 57 से 98 फीसदी रहा। मंगलवार तड़के बारिश रिकॉर्ड की गई व दिनभर तेज धूप निकली रही। ब्यूरो



**नौ दिन चले अढ़ाई कोस...**

संसद से चंद कदमों की दूरी, दिल्ली का सबसे हाई सिक्योरिटी जोन की व्यस्ततम सड़क अशोक रोड। 27 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे खोखली होने से अचानक धंस गई, तभी से संबंधित एजेंसी इसे ठीक कर रही है। 15 दिन बीत गए, महज 500 मीटर का हिस्सा अभी ठीक नहीं किया जा सका है। नतीजन सुबह और शाम के पीक आवर्स में नजदीकी सड़कों पर वाहनों का जबरदस्त दबाव रहता है, जबकि धंसने के तुरंत बाद ट्रैफिक पुलिस ने सिर्फ दस दिन तक ट्रैफिक बाधित होने की एडवायजरी जारी की थी। एनडीएमसी अभी भी चार-पांच दिन इंतजार की बात कर रहा है। इसके बाद ही आवाजाही सामान्य होने की उम्मीद है। शुभम बंसल

## चंदन के पौधे लगाने का अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह भल्ला ने पालिका मुख्यालय में चंदन का एक पौधा लगाकर विशेष अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत पूरे नई दिल्ली क्षेत्र में एक हजार चंदन के पौधों का रोपण किया जाएगा। उनके साथ एनडीएमसी के सचिव विक्रम सिंह सहित अन्य ने भी पौधरोपण किया।

उपराज्यपाल ने जुलाई में सभी नगर निकायों को इस मौसम के दौरान 10 हजार चंदन के पेड़ पूरी दिल्ली में लगाने का निर्देश दिया था। एलजी के निर्देश पर राजधानी में जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले ही नई दिल्ली क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए योजना तैयार कर रही है। इसके अंतर्गत, एनडीएमसी ने चंदन जैसे प्रमुख पौधों के साथ इस क्षेत्र को अलग रूप देने के लिए मौसमी फूलों के पौधों के अलावा कई प्रजातियों के पौधों को उगाने की योजना बनाई है। ब्यूरो

## एतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करना बेहद जरूरी : सिसोदिया

अमर उजाला ब्यूरो



**उपमुख्यमंत्री ने अजीमगंज सराय के प्रगति कार्यों की समीक्षा की**

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ सुंदर नगर स्थित अजीमगंज सराय के प्रगति कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि एतिहासिक इमारतें हमारी धरोहर हैं और इन्हें संरक्षित करना बेहद जरूरी है।

सिसोदिया ने कहा कि अजीमगंज सराय जैसी ऐतिहासिक महत्व की इमारत लंबे समय तक उपेक्षित रही, इस कारण इसे काफी नुकसान हुआ है। इसे लेकर सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बेहद सावधानी के साथ इस ऐतिहासिक स्मारक के संरक्षण व सौंदर्यीकरण का काम किया जाए, ताकि 16वीं सदी में बने अजीमगंज सराय को उसकी समृद्ध पहचान वापस मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार चरणबद्ध तरीके से मशहूर अजीमगंज सराय के संरक्षण व सौंदर्यीकरण का कार्य करवा रही है। काम पूरा हो जाने के बाद यह दिल्ली के प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाएगा। यह न केवल सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा, बल्कि उन्हें दिल्ली के सदियों पुराने समृद्ध इतिहास से भी वाकिफ करवाएगा।

### ये है अजीमगंज सराय

अजीमगंज सराय 16वीं सदी की मुगल सराय थी, जो मूल रूप से पुराना किला और हुमायूं के मकबरे के महत्वपूर्ण मुगल स्मारकों को जोड़ने वाले ग्रांड ट्रंक रोड पर है। सरायों को कारवां सराय के रूप में भी जाना जाता है, जो यात्रियों, व्यापारियों और शिल्पकारों के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए व्यापार मार्गों के साथ बनाए गए थे। इसके विशाल आंगन के चारों ओर 108 मेहराबदार कमरे बने हुए हैं, जो बेहद खराब हालत में हैं और दिल्ली सरकार द्वारा इसके संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। रखरखाव के अभाव के कारण अजीमगंज सराय में पिछले 50 साल में कमरे, मेहराबों और चिनाई वाली दीवारों में नुकसान हुआ है। दिल्ली सरकार इसके संरक्षण कार्य में पारंपरिक सामग्रियों और शिल्प तकनीकों का उपयोग करवा रही है।

## रीडिंग में गड़बड़ी होने पर मीटर रीडर और एजेंसी पर दर्ज होगी एफआईआर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड ने मीटर रीडिंग में गड़बड़ी मिलने पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। जल मीटर में गड़बड़ी मिलने पर बोर्ड मीटर रीडर और एजेंसी पर एफआईआर दर्ज कराएगा। इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को सभी 21 बिलिंग एजेंसियों के साथ बैठक ली।



बताते चलें कि दिल्ली जल बोर्ड के 41 जोन है, जिसमें 21 जोन में बिलिंग के लिए प्राइवेट एजेंसियों को नियुक्त किया गया है। इस मौके पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी पर अब बिलिंग एजेंसियां भी जिम्मेदार होंगी। मीटर रीडर की डिटेल्स को आधार से लिंक किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। मीटर रीडर को न्यूनतम मानदेय न देने वाली एजेंसियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि न्यूनतम मानदेय से कम भुगतान करने वाली एजेंसियों को नोटिस जारी किया जाए।

उन्होंने कहा कि एजेंसियों की ओर से न्यूनतम मानदेय न देने की वजह से मीटर रीडर उपभोक्ताओं से पैसे मांग रहे है, ये बेहद चिंता का विषय है और इस पर तुरंत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### बोर्ड चलाएगा जागरूकता अभियान

दिल्ली जल बोर्ड ने उपभोक्ताओं के लिए एक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्हें बताया जाएगा कि कोई भी मीटर रीडर आपसे कुछ पैसे के बदले में आपकी रीडिंग कम करने का प्रलोभन देता है तो ऐसा न होने दें। अगर ऐसा होता है तो रीडिंग कम कराने के बाद भी बचा हुआ बिल आपको अगले बिल में देना पड़ेगा।

## अंगदान को बढ़ावा देने के लिए एम्स में जुटे 31 अस्पताल

**नई दिल्ली।** अंगदान को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में मंगलवार को ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में दिल्ली एनसीआर के 31 प्रमुख अस्पतालों के ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटरों ने भाग लिया। अंग पुन प्राप्ति बैंकिंग संगठन (ओआरबीओ) और राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में निजी और सार्वजनिक अस्पतालों के 43 प्रत्यारोपण समन्वयकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान ओआरबीओ की प्रमुख डॉ. आरती विज ने कहा कि इस मौके पर अंगदान के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की। एनओटीटीओ के निदेशक डॉ. राजनेश सहाय ने कहा कि अंग और ऊतक दान प्रक्रिया में प्रत्यारोपण समन्वयक महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रत्यारोपण समन्वयकों को सशक्त बनाने और दिल्ली और एनसीआर में अंगदान गतिविधियों को बढ़ाने को पहल करनी चाहिए।




सत्र में मौजूद एम्स ओआरबीओ की प्रमुख डॉ. आरती विज व अन्य।

**तकनीक**

**संजीवनी योजना के तहत एनआईसी झज्जर में सेवाएं शुरू करने की संभावना तलाश रहा एम्स**

## अब ड्रोन की सहायता से पहुंचाए जाएंगे मानव अंग

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** प्रत्यारोपण के लिए मानव अंगों को अस्पताल परिसर से बाहर भेजने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली ग्रीन कॉरिडोर की जगह ड्रोन के इस्तेमाल की संभावना तलाश रहा है। इस दिशा में कोशिश शुरू भी हो गई है।

एम्स ट्रामा का प्रयास है कि अगले 6 से 8 माह इस सेवा को शुरू कर दिया जाए। संजीवनी योजना के तहत सेवाओं को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर (एनआईसी), झज्जर से शुरू किया जा सकता है। सुविधा के तहत एम्स में होने वाले अंगदान के तहत प्राप्त अंगों का परिवहन ड्रोन के माध्यम से किया जाएगा। यह सुविधा शुरू होने के बाद अंगों को भेजने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाने की जरूरत नहीं रहेगी। ड्रोन की रफ्तार 160 किलोमीटर प्रतिघंटे होगी। सड़क मार्ग की जगह वायु मार्ग से अंगों का परिवहन कम समय में हो सकेगा। एम्स ट्रामा सेंटर में न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक अग्रवाल ने एक लेक्चर में कहा कि एम्स ड्रोन के माध्यम से जीवित अंगों के परिवहन करने की दिशा में काम कर रहा है। संजीवनी योजना के तहत यह काम चल रहा है। इस के तहत ट्रांसप्लांट के लिए मानव अंग एम्स से बाहर भेजे जाएंगे।



**160 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी रफ्तार**

### हर माह होते हैं 2-3 अंगदान

एम्स ट्रामा में हर माह 2 से 3 अंगदान होते हैं। एनओटीटीओ के नियम के तहत जरूरतमंद मरीजों में अंग प्रत्यारोपित किए जाते हैं। एम्स अंगदान को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है। साथ ही बेहतर प्रबंधन के लिए सुविधाओं को अपग्रेड भी कर रहा है। साथ ही फैकल्टी को ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

### ग्रीन कॉरिडोर बनाने से लोगों को होती है परेशानी

वर्तमान में मानव अंगों को शहर की पुलिस की मदद से ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एम्स से अन्य अस्पतालों में सड़क मार्ग से पहुंचाया जाता है। ऐसा करने से जनता को कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए अस्पताल ड्रोन को दूसरे शहरों से मानव अंगों को ले जाने के विकल्प के रूप में देख रहा है।

**विदेशों में होता है ड्रोन का इस्तेमाल**

दुनिया के कुछ विकसित देशों में प्रत्यारोपण ऑपरेशन के लिए मानव अंगों का ड्रोन से परिवहन किया जाता है। भारत में इसके लिए सरकारी अधिकारियों से अनुमति लेनी पड़ती है।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी ने की थी योजना की शुरुआत

3 सितंबर को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चेन्नई में मानव अंगों के परिवहन के लिए भारतीय ड्रोन प्रौद्योगिकी के पहले प्रोटोटाइप का अनावरण था। इस सेवा से अस्पतालों में त्वरित अंग प्रत्यारोपण को सुविधाजनक बनाया जा सकेगा। उस दौरान ड्रोन प्रौद्योगिकी के प्रोटोटाइप को विकसित करने में शामिल रहे एमजीएम हेल्थकेयर के निदेशक डॉ. प्रशांत राजगोपालन ने कहा था कि फिलहाल ड्रोन का इस्तेमाल अंगों वाले बॉक्स को 20 किमी की दूरी तक ले जाने के लिए किया जा सकेगा।

# गुरूः ब्रह्मा गुरूः विष्णु, गुरूः देवो महेश्वरा ।
# गुरूः साक्षात परब्रह्मा, तस्मै श्री गुरूवे नमः ।।

**Our Honesty, Sincerity, Dedication & Hardwork produces winning results from Classroom Programs**

# consistently for the 26th year in JEE Advanced

FIITJEE Classroom Programs Students capture

## 15 in Top 50 and 29 in Top 100 All India Ranks in JEE Advanced 2022



| All India Rank | Name | Program |
|---|---|---|
| 11 | Deevyanshu Malu | LITTLE Genie + UDAYA - Two Year + Four Year Classroom Program |
| 15 | Abhijeet Anand | Four Year Classroom Program |
| 21 | Harsh Kumar | LITTLE Genie + UDAYA - Two Year + Four Year Classroom Program |
| 25 | Kavya Gupta | Intensive Contact Program |
| 29 | Saumitra Garg | Two Year Classroom Program |



| All India Rank | Name | Program |
|---|---|---|
| 31 | Anilesh Bansal | Two Year Classroom Program |
| 35 | Sanskar Shaurya | One Year Classroom Program |
| 36 | Rishabh RP | Four Year Classroom upgraded to PINNACLE- Two Year Integrated School Program |
| 37 | Arnav Garg | Four Year Classroom Program |
| 39 | M Varun Kailash | LITTLE Genie + UDAYA - Two Year + SUPREME - Four Year Integrated School Program |
| 41 | Satyankar Chandra | Two Year Classroom Program |
| 45 | Utkarsh Pant | Four Year Classroom upgraded to PINNACLE- Two Year Integrated School Program |
| 46 | Rijul Bhat | LITTLE Genie + UDAYA - Two Year + SUPREME - Four Year Integrated School Program |
| 47 | Chaitanya Garg | Four Year Classroom Program |
| 48 | Harsh Jakhar | Intensive Contact Program |
| 51 | Suryansh Srijan | Four Year Classroom Program |
| 55 | S Shravan | PINNACLE- Two Year Integrated School Program |



| All India Rank | Name | Program |
|---|---|---|
| 58 | Kanishk Sharma | Intensive Contact Program |
| 59 | Sambhav Jain | Four Year Classroom Program |
| 60 | Nivesh Aggarwal | Intensive Contact Program |
| 68 | Kartik Gulia | UDAYA - One Year + Four Year Classroom Program |
| 70 | Aditya Prakash | LITTLE Genie + UDAYA - Two Year + Four Year Classroom Program |
| 71 | Abhinav Rajesh Shripad | Intensive Contact Program |
| 72 | Sanyam Garg | SUPREME - Four Year Integrated School Program |
| 88 | Vraj Parikh | Four Year Classroom upgraded to PINNACLE- Two Year Integrated School Program |
| 89 | Vedant Talegonkar | Intensive Contact Program |
| 90 | Arnav Tandon | Two Year Classroom Program |
| 97 | Tarang Rishikesh Shah | Intensive Contact Program |
| 99 | Hemanshu Garg | Intensive Contact Program |

**From Classroom Programs, 138 in Top 500, 256 in Top 1000 All India Ranks**
**2 IIT Zone Toppers | 7 State Toppers | 22 City Toppers**

*All these Results are from Common Merit List only*

For detailed results and learning from Toppers, please visit **www.iitjeetoppers.com**

**Total number of FIITJEE Students qualifying JEE Advanced 2022**

| | Classroom Programs | Non-Classroom Programs |
|---|---|---|
| Common Merit List | 2846 | 640 |
| Other Categories | 172 | 27 |

## Testimonies to our Unmatched Legacy of Producing Extraordinary Results



### JEE Advanced 2021

| All India Rank | Name | Program |
|---|---|---|
| 1 | Mridul Agarwal | Intensive Contact Program |
| 2 | Dhananjay Raman | UDAYA - Two Year + Four Year Classroom Program |
| 3 | Anant Lunia | Three Year Classroom Program |

### JEE Main 2022

| All India Rank | Name | Program |
|---|---|---|
| 1 | Saumitra Garg | Two Year Classroom Program |
| 3 | Parth Bhardwaj | LITTLE Genie + UDAYA - Two Year + Four Year Classroom Program |

### Joint Toppers of JEE Main 2021

| All India Rank | Name | Program |
|---|---|---|
| 1 | Kavya Chopra | UDAYA - One Year Classroom Program + Four Year Classroom Program |
| 1 | Vaibhav Vishal | One Year Classroom Program (for XII Pass Students) Earlier student of FIITJEE's Two Year Classroom Program |
| 1 | Pal Aggarwal | UDAYA - One Year + Four Year Classroom then switched to PINNACLE - Two Year Integrated School Program |
| 1 | Siddhant Mukherjee | UDAYA - One Year + Four Year Classroom then switched to PINNACLE - Two Year Integrated School Program |
| 1 | Atharva A Tambat | PINNACLE - Two Year Integrated School Program |
| 1 | Amaiya Singhal | All India Test Series & Concept Strengthening Classroom Program |

***We wish all the students enormous success for their IIT journey and life.***

*Where winning is a habit !*

**FIITJEE**

30 YEARS OF INNOVATION, SINCERITY, ETHICS, CONSISTENCY & HARD WORK

*Please turn over...*

**The Premier Institute for JEE Main, JEE Advanced, Boards, various Olympiads & NTSE**

# आतंकी अर्शदीप व बवानिया के शूटर समेत दो गिरफ्तार

## आतंकी और गैंगस्टर गठजोड़ के एक और मामले का खुलासा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी-गैंगस्टर का दूसरा गठजोड़ सामने आया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अब खालिस्तान टाइगर फोर्स के कनाड़ा में बैठे आतंकी अर्शदीप उर्फ अर्श डाला व गैंगस्टर नीरज बवानिया गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस इस गिरोह के एक शूटर सन्नी डागर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इससे पूर्व गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई गिरोह-गोल्डी बराड़- पाकिस्तान में बैठे आतंकी रिंदा व स्पेन में बैठे लकी पटियाल का गठजोड़ सामने आ चुका है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

स्पेशल सेल डीसीपी राजीव रंजन सिंह के अनुसार, बामनोली गांव, द्वारका में कारोबार करने वाले कारोबारी से जुलाई, 2022 से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी गई। रंगदारी मांगने वाले ने खुद को नीरज बवानिया गिरोह का सन्नी इस्सापुर बताया। रंगदारी नहीं देने पर कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की जांच स्पेशल सेल एसीपी संजय दत्त व जयप्रकाश की देखरेख में इस्पेक्टर संदीप डबास को सौंपी गई। पता लगा कि हाल ही में पंजाब पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए नीरज बवानिया गिरोह के नजफगढ़ निवासी शूटर सन्नी डागर उर्फ सन्नी इस्सापुर उर्फ विक्रम ने रंगदारी मांगी है।

दिल्ली पुलिस ने सन्नी डागर को पटियाला जेल से रिमांड पर लेकर पूछताछ तो उसने अपने गुनाह कबूल कर लिया। सन्नी ने बताया कि उसे कारोबारी के बारे में जानकारी व उसको मोबाइल नंबर उसके रिश्तेदार पुष्पेंद्र लोचव उर्फ डिंपी ने सूचना दी थी। वह अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला से सोशल मीडिया के जरिए सीधे संपर्क में था। अर्शदीप से संपर्क बनाने के लिए उसे नीरज बवानिया-नवीन बाली ने बोला था, ताकि लारेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी गिरोह पर हमला किया जा सके।

रंगदारी के पैसे से हथियार खरीदने की साजिश रची गई थी। अर्शदीप ने कारोबारी के बारे में सूचना देने के लिए पुष्पेंद्र उर्फ डिंपी को कनाड़ा से पैसे उसके बैंक खाते में ट्रांसफर किए थे। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पुष्पेंद्र लोचव को बामनोली, द्वारका से गिरफ्तार कर लिया।

### सन्नी के गिरफ्तार होने के बाद अर्शदीप के संपर्क में था

आरोपी पुष्पेंद्र लोचव ने खुलासा किया है कि वह सन्नी डागर के साथ उत्तराखंड व राजस्थान में कई जगहों पर गया और वहां से अर्शदीप से संपर्क किया। सन्नी डागर के गिरफ्तार होने के बाद वह सीधे अर्शदीप के संपर्क में आ गया। पुष्पेंद्र लोचव ने अर्शदीप को भी पीड़ित कारोबारी के बारे में पूरी जानकारी थी। इसके बाद कनाडा से अर्शदीप ने कारोबारी को रंगदारी के लिए दूसरी धमकी भरी कॉल की थी।

**जुलाई, 2020 में कनाडा भाग गया था :** दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अर्शदीप पंजाब का भगोड़ा बदमाश है और वहां उसके खिलाफ काफी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ पंजाब में हत्या, एक्सटॉर्शन व टॉरगेट किलिंग के 13 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। उसने नीरज बवानिया-कौशल चौधरी(गुरुग्राम)- देवेंद्र बंबीहा(पंजाब) सिंडिकेट से हाथ मिला रखा है। अर्शदीप जुलाई, 2020 में कनाडा भाग गया था। वह कनाडा से अपने गिरोह के सदस्यों के लिए पैसा भेजता रहता है।

**अर्शदीप के केटीएफ आतंकी हरदीप से है संपर्क :** कनाडा में बैठे आतंकी अर्शदीप के खालिस्तान टाइगर फोर्स(केटीएफ) के आतंकी हरदीप सिंह निज्जर से संबंध हैं। उसके कहने पर ही अर्शदीप ने वर्ष 2020 व 2021 में डेरा सच्चा सौदा के दो समर्थकों की हत्या करवा दी थी।

# अस्पताल के भीतर महिला का गला रेता, हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** जीटीबी अस्पताल के भीतर सोमवार को एक महिला घायलावस्था में सीढ़ियों पर मिली। महिला का गला रेता गया था। उसे गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया। यहां उसका ऑपरेशन किया गया है। हालत नाजुक बनी हुई है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जीटीबी एनक्लेव पुलिस को सोमवार जीटीबी अस्पताल के शुगर ब्लॉक के तीसरी मंजिल की सीढ़ियों में एक महिला के खून से लथपथ हालत में पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को आपातकाल विभाग में भर्ती करवाया। पुलिस ने आस पास मौजूद लोगों से महिला की पहचान के बारे में पूछताछ की। लेकिन पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिली। ब्यूरो

# आईएसआई की मदद से अर्शदीप ने पंजाब में भिजवाया था विस्फोटक

पुरुषोत्तम वर्मा

**बवानिया गिरोह से अपने शूटरों को दिल्ली में दिलवाई थी पनाह दिल्ली व पंजाब में कई लोगों की करनी थी टारगेट किलिंग**

**नई दिल्ली।** कनाडा में बैठा अर्शदीप पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से पंजाब में विस्फोटक व हथियार भिजवा रहा है। अगस्त महीने में गिरफ्तार नीरज बवानिया- बाली गिरोह के शूटरों की निशानदेही पर बरामद किया गया विस्फोटक भी अर्शदीप ने भिजवाया था। दहशत फैलाने के लिए वह दिल्ली व पंजाब में टॉरगेट किलिंग करवाना चाहता है। पुलिस जांच कर रही है कि अर्शदीप विस्फोटक व हथियार कहां से भिजवा रहा है।

स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पंजाब में वारदात करवा कर अर्शदीप ने अपने शूटर दीपक शर्मा व संदीप को दिल्ली भेज दिया था। उसके कहने पर नीरज बवानिया गिरोह ने इस शूटर को दिल्ली में पनाह दिलवाई थी। जांच करते-करते पंजाब पुलिस दिल्ली पहुंच गई थी। पंजाब पुलिस ने बाहरी दिल्ली से दीपक शर्मा, संदीप, सन्नी डागर व विपिन्न जाखड़ को 12 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इनकी निशानदेही पर पंजाब पुलिस ने पंजाब से काफी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया था। जांच में पता लगा कि विस्फोटक अर्शदीप पंजाब में भिजवा रहा है। स्पेशल सेल में तैनात इंस्पेक्टर संदीप डबास की टीम ने पांच करोड़ की रंगदारी में सन्नी डागर को पंजाब जेल से रिमांड पर लेकर गिरफ्तार किया है। सन्नी डागर ने पूछताछ में खुलासा किया है कि अर्शदीप अपने नेटवर्क का दिल्ली तक पैर पसार रहा है। इसके लिए उसने नीरज बवानिया-बाली गिरोह से गठजोड़ किया है। अर्शदीप को दिल्ली व पंजाब में कई टॉरगेट किलिंग करवानी थी। इसके लिए वह अपने शूटरों को तैयार कर रहा था। वह टॉरगेट किलिंग के लिए बवानिया गिरोह के शूटरों को इस्तेमाल करना चाहता है। बदले में वह नीरज बवानिया गिरोह को उसके विरोधी गिरोह लारेंस बिश्नोई के खात्मे में सहायता करने को राजी है। इस काम के लिए पैसा जुटाने के उद्देश्य से गठजोड़ ने दिल्ली व पंजाब से रंगदारी वसूलना शुरू किया है।

# डीटीसी बस ने स्कूटी सवार को कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग में मंगलवार शाम डीटीसी बस ने एक स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार की मौके पर मौत हो गई। पुलिस को घटनास्थल से एक हेलमेट भी मिला है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस को शिवाजी पार्क के पास सड़क हादसे की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि माजरा से पंजाबी बाग टर्मिनल की ओर जा रही डीटीसी बस रूट नंबर 935 ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी है। बस का पहिया स्कूटी सवार के सिर के ऊपर से गुजर गया था। स्कूटी सवार की मौके पर मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके पास से कोई कागजात नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। जांच में पता चला कि स्कूटी किसी महिला के नाम पर रजिस्टर है। महिला राजौरी गार्डन की रहने वाली है। ब्यूरो

# राजस्थान से बेटी से मिलने आई महिला को गोली मारी

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में बेटी से मिलने आई एक महिला को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। गोली पेट में लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को आशंका है कि रंजिश की वजह से गोली चलाई गई है। महिला अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस मामला दर्ज कर हमलावरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। घायल महिला की पहचान राजस्थान के मुकुंदगढ़ निवासी संतरा देवी (56) के रूप में हुई है।

शनिवार रात पुलिस को शाहबाद डेयरी के प्रकाश विहार में एक महिला को गोली मारे जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पेट में गोली लगी थी। पूछताछ में पता चला कि संतरा देवी अपनी बेटी विमला से मिलने उसके घर आई थी। रात में संतरा बेटी और नातिन ज्योति संग घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और धमकाने लगे। हाथापाई के दौरान गोली चला दी। ब्यूरो

MEWAR GROUP OF INSTITUTIONS
• Affiliated to CCS University Meerut • Approved by NCTE & Bar Council of India
• Recognized By UGC under Section 2(f)
Established 1997

24 Years of excellence
Spacious and L C D Projectors equipped classrooms
Banking service & ATM facility on the campus
Well connected By Metro and Public transport
20000+ Alumni
Admission 2022-23
BBA 3 Year • BCA 3 Year • B.Com 3 Year • M.Com 2 Year • B.Sc. Maths • M.Sc Bio-Tech
BA-LLB 5 Year • LLB 3 Year • LLM 2 Year • B.Ed 2 Year • BTC 2 Year
For online Admission go to www.mimcs.com/admission.php or scan
Our Placements: Our 180 plus BBA, B.Com, BCA, B.Sc (M), B.Ed and M.Sc. (Bio-Tech), students have been placed so far in the salary range 2.4 Lac to 9 Lac PA
Our Recruiters
PROFICIO GROUP, SSG LAW CHAMBERS LLP, TCS, AMAZON, ATHANCARE, RBH INDIA, RED CARPET, TECH MAHINDRA, HCL, VIVO, AMAR KHERA & ASSOCIATE, 3i INFOTECH LTD, RBL, LANDCRAFT LTD, ACM LEGAL, WORKSMITH, SHATAKSHI GROUP, LEVERAGE EDU, PLANET SPARK, VOTO, NETCORE INFO, EXCITEL, PRACTICALLYLTD.,CAREERLABS
Sector- 4C, Vasundhra, Ghaziabad. Ph.: 0120-2698218,19, 20,
Website: www.mimcs.com, E-mail: mim@mimcs.com

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹48100/- per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 8% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024. Ph: 47284728

चौ. बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी
(हरियाणा सरकार अधिनियम सं.25/2014 द्वारा संस्थापित राज्य विश्वविद्यालय)
एजुकेशन कोर्सिज़-2022-23 हेतु दाखिला सूचना
सत्र 2022-23 हेतु इस विश्वविद्यालय से मान्यताप्राप्त कॉलेजिस ऑफ एजुकेशन द्वारा प्रस्तावित बी.एड./बी.एड. एसपीएल./ एम.एड./एम.एड. एसपीएल./पीजीडीआरपी (नियमित प्रोग्राम) के लिये दाखिले हेतु 14.09.2022 से ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र आमंत्रित किये जाते हैं। दाखिले हेतु प्रक्रिया एवं सभी विवरणों वाली विवरणिका (प्रोस्पैक्टस) विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.cblu.ac.in या www.cbluonline.in पर उपलब्ध है। योग्य उम्मीदवार प्रोस्पैक्टस में दी गई अनुसूचि के अनुसार पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा काउंसलिंग हेतु स्वयं को पंजीकृत कर सकते हैं। यदि कोई परिवर्तन/अपडेट्स हुये तो चौ. बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी की वेबसाईट www.cblu.ac.in या www.cbluonline.in पर अधिसूचित किया जाएगा।
PRDH-1401/11/23/2023/12573/1/7/dt.13/09/2022
रजिस्ट्रार

Yamuna Expressway Industrial Development Authority
YEIDA FUTURE IS HERE
First Floor, Commercial Complex, Sector Omega-1 (P-2), Greater Noida
Toll Free No. : 18001808296 Website : www.yamunaexpresswayauthority.com
पत्रांक: वाई.ई.ए./कार्मिक/4883/2022 दिनांक : 08.09.2022
VACANCY FOR RETIRED PERSONNEL
Yamuna Expressway Industrial Development Authority wants Managerial Role Professionals Retired from the U.P. Govt./Govt. Corporations/Authorities on Consolidated salary with specific domain knowledge of the following posts:-

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Vacancies |
|---|---|---|
| 1 | Dy. General Manager (Planning) | 01 |
| 2 | Dy. General Manager (General Administrative) | 01 |
| 3 | Senior Manager (Civil) | 01 |
| 4 | Senior Manager (Planning) | 01 |
| 5 | Assistant General Manager (General Administrative) | 01 |
| 6 | Manager (Civil) | 03 |
| 7 | Manager (Planning) | 01 |
| 8 | Law Officer | 01 |
| 9 | Manager (General Administrative) | 01 |
| 10 | Consultant (Horticulture) | 01 |
| 11 | Assistant Law Officer | 02 |
| 12 | Assistant Manager (Civil/E&M) Project | 04 |
| 13 | Assistant (Ministerial Cadre) | 02 |
| 14 | 01 Junior Assistant (Ministerial Cadre)/01 Work Supervisor/Daftari | 02 |
| 15 | Lekhpal (Land Dept.) | 02 |
| 16 | Survey Amin (Land Dept.) | 02 |

• For Eligibility Criteria Application Format and related details, kindly visit http://www.yamunaexpresswayauthority.com
• The Applications duly filled should be sent to CEO/AGM (HR), Yamuna Expressway Industrial Development Authority, 1st Floor, Commercial Complex, Block P-2, Sector - Omega-1, Greater Noida City-201308, District-Gautam Buddh Nagar (U.P.) or send the same to ceo@yamunaexpresswayauthority.com / agmhr@yamunaexpresswayauthority.com.
• Last Date of Receipt of Applications : 15 days from the date of Advertisement.
Assistant General Manager (HR)

NOIDA INTERNATIONAL UNIVERSITY
Established by U.P. LEGISLATURE ACT NO. 27 OF 2010, under Section 2(f) of the UGC Act, 1956'
NIIMS MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
ADMISSIONS OPEN 2022-23
EXPERIENCE THE TRANSFORMATION AT NIU
75+ Programmes to choose from 12 Schools
Scholarships available for meritorious students
Programmes Offered
Engineering: B.Tech, M.Tech
ECE, CSE, IT, Electrical, Civil, Mechanical, Bio-Technology, Mechatronics, CSE (Data Science, AI/ML), ECE (Robotics, IOT), Lateral Entry, Diploma
Law: LLB, LLM
BA LLB, BA LLB (Hons.), LLB, LLM
Management: BBA, MBA, B.Com, M.Com,
Dual Specialisation, Hospital and Health Management, Industry Integrated, Executive
Journalism & Mass Comm.
BA-JMC, MA-JMC
Medical: MBBS
MBBS (admission through NEET Only)
Allied Health Sciences: BPH, MPH, BPT, MPT, BMLT, Optometry, MMLT
B.Sc (Radiology & Imaging Technology, OT Technician, Renal Dialysis Technology, Nutrition & Dietetics, Forensic Science)
M.Sc (Clinical psychology, Medical Radiology and Imaging Technology)
Postgraduate Diploma in Emergency Medicine
Diploma (ICU Technician, OT Technician)
Nursing: B.Sc Nursing, ANM, GNM
Diploma in Clinical Nurse Assistant
Other Programmes Offered- Fine Arts, Liberal Arts, Agriculture, Design, B.Ed, Ph.D
30+ Global Collaborations
Harvard Business Publishing Education | FORT HAYS STATE UNIVERSITY | Bukhara State Medical Institute | SWISS IM&H
Salient Features
75 Acres Fully Wi-Fi Campus
54+ Nations Student from over
Virtual Tour | Apply Now
0120-4862200 | 9667790158 | www.niu.edu.in | admissions@niu.edu.in
Campus: Noida International University, Plot 1, Sector-17 A, Yamuna Expressway, GB Nagar, U.P
Corporate Office: 309, Jaipuria Plaza, Sector-26, GB Nagar, Noida (U.P)



जीतो कब्ज़ वाली फाइट
रहो दिन भर लाइट


झंडु नित्यम टैबलेट। चूर्ण
कब्ज़ से एक शॉट में राहत
डॉक्टर से निःशुल्क सलाह 1800 572 8000 (9am - 6pm) | www.zanducare.com पर भी उपलब्ध

# गली में मारपीट का वीडियो वायरल, केस दर्ज





न्यू अशोक नगर में मारपीट का वीडियो वायरल। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर दर्ज किया मामला। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला के न्यू अशोक नगर इलाके में एक शख्स को गली में डंडे से पीटने का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें दो युवक पीड़ित को पीटते दिखाई दे रहे हैं जबकि एक युवक हमला करने वाले युवकों को रोक रहा है। जिला पुलिस उपायुक्त प्रियंका कश्यप ने बताया कि पीड़ित आरोपी के खिलाफ बयान नहीं दे रहे हैं। इसलिए पुलिस ने वीडियो पर संज्ञान लेकर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर की है। न्यू अशोक नगर गली नंबर-3 से झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तब तक चार पीड़ितों को अस्पताल ले जाया जा चुका था। हेडगेवार अस्पताल में पहुंची पुलिस को वहां विमल चंद और उनकी पत्नी नीता रानी के अलावा राजपाल सिंह और उनका बेटा संजय इलाज करवाते मिले। विमल ने बताया कि उन्हें और पत्नी को पड़ोस में रहने वाले राजपाल और उसके दो बेटों सन्नी और संजय ने पीटा है। ब्यूरो




# 3 करोड़ की कोकीन के साथ अफ्रीकी गिरफ्तार

## आरोपी से बरामद हुई 902 ग्राम कोकीन, पूछताछ में जुटी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निहाल विहार थाना पुलिस ने कोकीन तस्करी करने वाले अफ्रीकी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 902 ग्राम कोकीन बरामद की है। बरामद कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

आरोपी की पहचान एनोजी के रूप में हुई है। वह मूलतः अफ्रीकी देश नाइजीरिया का नागरिक है और चंद्र विहार कालोनी में किराए के मकान में रह रहा था। निहाल विहार थाना में तैनात हवलदार देवेंद्र को



गिरफ्त में आरोपी। अमर उजाला

सूचना मिली कि एक नाइजीरियाई नागरिक इलाके में मादक पदार्थ का खेप लेकर आ रहा है। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक काला बैग मिला। जिसमें कोकीन था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि साल 2020 में भारत आया। उसके देश में आय का कोई साधन नहीं था।

चंदर विहार में रहने लगा और अफ्रीकियों के लिए हेयर कटिंग सैलून खोला। करीब चार महीने पहले उसकी मुलाकात जॉन से हुई। जॉन कोकीन की तस्करी करता है। उसकी जीवन शैली से प्रभावित होकर उसने भी तस्करी शुरू कर दी। करीब 15 दिन पहले जॉन ने उसे किसी व्यक्ति को 900 ग्राम कोकीन देने के लिए कहा था। बदले में उसे बराबर का हिस्सा देने की बात कही थी। पुलिस मुख्य आरोपी जॉन की तलाश कर रही है। उसकी तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में ऋण दिलाने के नाम पर ठगी

## दो जालसाज गिरफ्तार, एक आरोपी कॉल सेंटर में कर चुका है काम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लाखों का ऋण दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। रोहिणी साइबर सेल ने दोनों आरोपियों को तकनीकी जांच की मदद से दिल्ली के कादीपुर और जहांगीरपुरी से गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी को कॉल सेंटर में काम करने का अनुभव है। पुलिस ने इनके कब्जे से 21 मोबाइल फोन, दो कम्प्यूटर, 2 लैपटॉप, वाईफाई राउटर और डोंगल बरामद किया है। आरोपियों की पहचान कादीपुर निवासी अजय सिंह और जहांगीरपुरी निवासी सचिन के रूप में हुई है।

कांति सोनी नाम की महिला ने पहचान पत्र, बैंक विवरण लेने के बाद धोखाधड़ी

**21 मोबाइल फोन, दो कंप्यूटर 2 लैपटॉप, वाईफाई राउटर और डोंगल बरामद**

करने के संबंध में एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत की थी। उसने बताया कि उनके पास एक महिला का फोन आया। उसने बताया कि वह प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ऋण प्रदान करते हैं और उन्हें 10 लाख रुपये का ऋण दिला सकते हैं। इसके एवज में उन्हें 6.50 लाख रुपये चुकाने होंगे। आरोपी ने ऋण प्रक्रिया के लिए पीड़िता से पहचान पत्र और बैंक विवरण लिया। पंजीकरण के एवज में पांच हजार रुपये बैंक खाते में जमा करने को कहा।

पैसा जमा कराने के बाद जब काफी दिन तक ऋण नहीं मिला तो उसने आरोपी से रुपये वापस मांगे। आरोपी ने उनका नंबर ब्लॉक कर दिया। पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल ने बताया कि सेल थाना प्रभारी अजय दलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। पता चला कि आरोपी आदर्श नगर इलाके से ठगी को अंजाम दे रहा है। तकनीकी जांच के बाद कादीपुर से अजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उसके साथी सचिन शर्मा को जहांगीरपुरी से पकड़ लिया। अजय पहले कॉल सेंटर में काम कर चुका है। छह साल से जगह बदलकर फर्जी कॉल सेंटर खोलता था। इन कॉल सेंटर के जरिए वह भोले भाले लोगों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में आसानी से लोन दिलाने के नाम पर ठगता था। उससे पूछताछ हो रही है।

# सोने की चेन झपटने में माहिर बदमाश साथी के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सोने की चेन झपटने में माहिर बदमाश अजय उर्फ गैंडा को बाहरी दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश अब तक 180 आपराधिक वारदात को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने बदमाश को एक सहयोगी के साथ राज पार्क इलाके में गिरफ्तार किया है। इस दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर कार चढ़ाने की कोशिश की। बदमाशों की गिरफ्तारी से पुलिस ने 12 मामले सुलझाने का दावा किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने एक पिस्टल, कारतूस, 23 ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन और अन्य नारकोटिक्स पदार्थ और एक शेवरले बीट कार बरामद की है। ब्यूरो

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹46600 Per 10g*
Today's B.I.S Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 01127042254

# 50 हजार रुपये का इनामी मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर व मादक पदार्थ तस्कर को बदायूं, यूपी से गिरफ्तार किया है। आरोपी अबरार उर्फ बाले पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। उसके खिलाफ दिल्ली व यूपी में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, रॉबरी व गैंगस्टर एक्ट के 24 से ज्यादा मामला दर्ज हैं। आरोपी वर्ष 2019 से फरार चल रहा था। ब्यूरो

डी एन ए फिंगरप्रिंटिंग एवं निदान केन्द्र
(जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान)
इनर रिंग रोड, उप्पल, हैदराबाद - 500039, तेलंगाना, भारत दूरभाष : +91-40-2721 6014 / 6091, फैक्स : +91-40-2721 6006, वेबसाईट: http://www.cdfd.org.in
CENTRE FOR DNA FINGERPRINTING AND DIAGNOSTICS
(An autonomous Institute of the Department of Biotechnology, Ministry of Science & Technology, Govt. of India) Inner Ring Road, Uppal, Hyderabad-500039, Telangana, India Tel: +91-40-2721 6014 / 6091, Fax: +91-40-2721 6006, Website: http://www.cdfd.org.in

विज्ञापन सं. 02/2022

डी.एन.ए फिंगर प्रिंटिंग एवं निदान केन्द्र (सीडीएफडी; www.cdfd.org.in), हैदराबाद, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक मुख्य स्वायत्त आर एण्ड डी केन्द्र है। सीडीएफडी, प्रत्यक्ष भर्ती के आधार पर निम्न रिक्ति को भरना चाहता है।

वैज्ञानिक -V
[ 1 पद ओ बी सी (नॉन क्रीमी लेयर) हेतु आरक्षित ]

मूल वेतन: ₹ 1,23,100/- पे मेट्रिक्स लेवल-13 में
अधिकतम आयु सीमा : 50 वर्ष से अधिक नहीं
इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत विज्ञापन हेतु सीडीएफडी वेबसाईट http://www.cdfd.org.in पर जाएं।

हस्ता/
प्रमुख-प्रशासन

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नौएडा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व आवंटित औद्योगिक भूखण्डों पर डाटा सैन्टर स्थापित किये जाने के संबंध में प्राधिकरण बोर्ड की 205वीं बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिस पर संचालक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। संचालक मण्डल द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन के क्रम में जन सामान्य से आपत्ति/सुझाव आंमत्रित करने एवं प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करते हुए पूर्व आवंटित औद्योगिक भूखण्डों पर अनुमोदित प्राविधानों के अंतर्गत डाटा सैन्टर स्थापित किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया जायेगा।

अतः उक्त के संबंध में जनसामान्य/हितबद्ध व्यक्तियों से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते है। यदि किसी जनसामान्य/हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर लिखित रूप में नियोजन विभाग में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार नही किया जायेगा।

महाप्रबन्धक (नियोजन)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

YEIDA FUTURE IS HERE
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
द्वितीय तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1, (पी–2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/तह०/531/2022 दिनांक : 13.09.2022

सार्वजनिक सूचना

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है–

ग्राम वीरमपुर सैक्टर-32, 24 मीटर आन्तरिक रोड़ के अन्तर्गत क्रय भूमि

| क्रमांक | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 303 | 361 | 1.9640 | रामवीर पुत्र मिश्री नि० ग्राम कुरैब, हाल नि० 130/1, जलालपुर रोड़, गंगाविहार कॉलौनी मुरादनगर गाजियाबाद | ¼ भाग | 0.4910 |
| | कुल | | | | | 0.4910 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अन्दर भूलेख विभाग, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

अपनी Skin को हानिकारक कैमिकल्स नहीं, आयुर्वेद की सुरक्षा दें

New Dr. Juneja's Roop Mantra®
Ayurvedic Face Cream & Face Washes

रूप मंत्रा आयुर्वेदिक क्रीम में मौजूद ऐलोवेरा, तुलसी, द्राक्षा, हरिद्रा, चंदन, बादाम इत्यादि आयुर्वेदिक जड़ी बूटियाँ चेहरे पर प्राकृतिक नमी सुरक्षित रख एक ट्रीटमेंट की तरह कार्य करती हैं। यह कोई कॉस्मैटिक नहीं आयुर्वेदिक औषधि है।


वास्तविक अनुभव : वंदना, महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। वह अपने चेहरे की रूखी और बेजान त्वचा की वजह से काफी परेशान रहती थी। लेकिन आयुर्वेदिक रूप मंत्रा क्रीम और फेसवॉश के रोजाना इस्तेमाल से चेहरे की रूखी और बेजान त्वचा से उन्हें काफी हद तक छुटकारा मिल गया है। उन्होंने बताया कि रूप मंत्रा के सभी प्रोडक्ट्स बहुत ही अच्छे हैं।


वास्तविक अनुभव : मैं मनदीप कौर, नई दिल्ली का रहने वाली हूं। कुछ समय पहले मेरी स्किन बहुत ही ज्यादा रूखी और बेजान दिखती थी, जिसके लिए मैंने कई दूसरे प्रोडक्ट्स भी यूज किए, पर कोई फर्क नहीं लगा। लेकिन एक दिन मेरे शुभचिंतक ने मुझे आयुर्वेदिक रूप मंत्रा क्रीम, फेसवॉश का कंप्लीट ट्रीटमेंट लेने को कहा। अब मेरी स्किन एकदम स्वस्थ है।


वास्तविक अनुभव : मेरा नाम विकास कुमार, उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं। पिछले काफी समय से मेरी आंखों के नीचे छाईयां काफी ज्यादा हो गई थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक रूप मंत्रा फेसवॉश और क्रीम के बारे में पता चला। जिसके नियमित इस्तेमाल से छाईयों के साथ-साथ पिम्पल की समस्या से भी बहुत आराम मिला। रूप मंत्रा का धन्यवाद।


वास्तविक अनुभव : मैं टीकाराम त्यागी, मध्य प्रदेश का रहने वाला हूँ। पिछले काफी समय से मेरे चेहरे पर कील-मुहांसे, दाग-धब्बे बहुत ज्यादा हो गए थे। फिर एक दिन एक मित्र ने मुझे आयुर्वेदिक रूप मंत्रा का कंप्लीट ट्रीटमेंट लेने की सलाह दी। इसके नियमित प्रयोग से मुझे चेहरे की सभी समस्याओं में काफी आराम मिला। इसका कोई साईड-इफैक्ट भी नहीं है।


वास्तविक अनुभव : मैं लता कोटलावर, महाराष्ट्र की रहने वाली हूं। मैं अपने चेहरे की रूखी और बेजान स्किन से बहुत परेशान रहने लगी थी। फिर एक दिन मैंने टी.वी. पर रूप मंत्रा आयुर्वेदिक फेसवॉश का एड देखा। इसके नियमित इस्तेमाल करने पर मात्र चार हफ्तों में ही मेरे चेहरे की रूखी और बेजान स्किन में बहुत फर्क महसूस होने लगा है। आप भी, आज ही अपनाइए।


वास्तविक अनुभव : सुषमा कुमारी, बिहार की रहने वाली हैं। यह बताती हैं कि कुछ समय पहले मेरे चेहरे पर कील-मुहांसे होने के कारण त्वचा काफी बेजान हो गई थी। लेकिन जब से आयुर्वेदिक रूप मंत्रा क्रीम और फेसवॉश का रोजाना यूज़ किया कील-मुहांसे बहुत कम हो गए हैं और त्वचा में भी निखार आया। इसकी अच्छी बात, इसका कोई साईड-इफैक्ट भी नहीं है।


वास्तविक अनुभव : मेरा नाम साहिद अली, उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं। पहले मेरे चेहरे पर बहुत ही दाग-धब्बे होते थे। लेकिन जब से आयुर्वेदिक रूप मंत्रा क्रीम और फेसवॉश का पूरा कोर्स निर्देशानुसार यूज़ करना शुरू किया तब से मेरे चेहरे के दाग-धब्बे बहुत कम हो गए है और अब तो मेरा चेहरा बिल्कुल ठीक हो गया है। यह सब रूप मंत्रा के कारण संभव हुआ। थैंक्यू रूप मंत्रा।


वास्तविक अनुभव : मेरा नाम कालू कुमार, हरियाणा का निवासी हूं। कुछ दिनों पहले मेरे चेहरे पर काफी दाग-धब्बे और त्वचा भी रूखी-बेजान हो गई थी। आयुर्वेदिक रूप मंत्रा क्रीम और फेसवॉश के कुछ हफ्तों के इस्तेमाल से ही मेरी त्वचा पहले से काफी ठीक हो गई है। यदि किसी और को भी इस तरह की कोई समस्या हैं तो रूप मंत्रा के प्रोडक्ट्स अवश्य इस्तेमाल करें।


वास्तविक अनुभव : सतीश कुमार, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। यह बताते हैं कि इनके चेहरे पर काफी दाग-धब्बे थे। जिसके लिए इन्होंने आयुर्वेदिक रूप मंत्रा क्रीम और रूप मंत्रा फेसवॉश रोजाना निर्देशानुसार इस्तेमाल करना शुरू किया। जिसका उन्हें बहुत ही पॉजीटिव रिज़ल्ट मिला। आज उनकी वाईफ और दोस्त भी रूप मंत्रा क्रीम और फेसवॉश का इस्तेमाल करते हैं।


वास्तविक अनुभव : मेरा नाम दिनेश कुमार, राजस्थान का रहने वाला हूं। मेरे चेहरे पर काफी दाग-धब्बे, कील-मुहांसे आदि की समस्या हो गई थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक रूप मंत्रा क्रीम और फेसवॉश के बारे में पता चला, जिसके नियमित इस्तेमाल से मुझे बहुत ही अच्छे रिज़ल्ट मिले। मैं दूसरों को भी रूप मंत्रा प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह देता हूं।



## न्यूज डायरी

### उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं रखेंगी विकास यात्रा की नींव : पांडेय



**नई दिल्ली।** लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। अगले 25 साल भारत के लिए बेहद अहम हैं। इसमें अनेक क्षेत्रों में उत्तरोत्तर विकास कर देश अपने को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में ला सकता है। यह विचार नई दिल्ली में आयोजित इंडो अमेरिकन चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 19वें इंडो यूएस इकोनामिक सम्मिट के प्रथम दिन हेल्थ केयर सेशन के दौरान कोचर केयर कनेक्ट के सीईओ गौरव पांडेय ने व्यक्त किए। ब्यूरो

### पेशी के दौरान भाग सकता है शाहरुख पठान : पुलिस

**नई दिल्ली।** पुलिस ने अदालत से कहा कि दिल्ली दंगे के आरोपी शाहरुख पठान पेशी के दौरान भाग सकता है या विरोधी दल उसपर हमला कर सकते हैं। उसे अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश करने की अनुमति दी जाए। कड़कड़डूमा कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने पुलिस की आवेदन पर विचार करने के बाद पठान को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश करने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके साथ ही अपने आदेश की प्रति संबंधित तिहाड़ जेल अधीक्षक को भेजने का निर्देश दिया है। ब्यूरो

### मुफ्त का वादा कर दंगा पीड़ितों को थमाए 5-5 लाख के बिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका व महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने तिलक विहार कॉलनी के फ्लैटों में 5-5 लाख रूपये के बिजली के बिल आने पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सिख दंगे में विधवा हुई महिलाओं को दिल्ली सरकार ने मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। सिखों का वोट लेने के लिए तिलक विहार के हर फ्लैट में 400 यूनिट मुफ्त बिजली देने और पिछले बकाया बिल माफ किए जाने का ऐलान किया था। ब्यूरो

### राजीव जनकपुरी क्लब के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** जनकपुरी क्लब की कार्यकारिणी का मंगलवार को चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष सहित 21 पदाधिकारी चुने गए। निर्वाचन अधिकारी प्रदीप आनंद ने बताया कि अध्यक्ष पद पर राजीव सेठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बीपी सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राधे श्याम त्योगी व डॉ. जनक राज सब्बरवाल, महासचिव पद पर ओमप्रकाश, सचिव पद पर अनिल नायर और कोषाध्यक्ष पद पर अमित गुलाटी को चुना गया है। ब्यूरो

**हिंदी दिवस**

कहावत है, कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी। हमारा शहर नोएडा हिंदी के विविध रुपों का संगम खुद में समाहित किए हुए है। यहां गैर हिंदी क्षेत्रों से यहां आए लोगों के बीच भी हिंदी का बोलबाला आसानी से देखा जा सकता है। जैसा देश वैसा भेष की कहावत में यकीन रखने वाले कई गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों के लोग मिल जाएंगे, जिनकी हिंदी पर पकड़ आश्चर्यचकित करती है। व्यवहार में हिंदी के बढ़ते प्रयोग के साथ-साथ तकनीक के क्षेत्र में इसका विकास भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हिंदी की पहुंच को गुणात्मक विस्तार दिया है।

# एक बार जो अपनाया तो फिर हिंदी के ही हो गए

प्रगति मिश्रा



**गैर हिंदीभाषी**

**नोएडा।** हिंदी भाषियों का हिंदी प्रेम तो स्वाभाविक बात है लेकिन शहर में रह रहे तमाम गैर हिंदी भाषी लोग भी इसके आकर्षण में सहज ही बंध गए हैं। उन्हें पता नहीं चला कि कब उन्होंने हिंदी को अपनी मात्र भाषा की तरह अपना लिया और अब वह संवाद के लिए इसे माध्यम बनाने में किसी भी हिंदी भाषी की तरह ही सहज हैं।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा जोन राजेश एस कहते हैं कि भारतीय पुलिस सेवा में शामिल होने से पहले मुझे सिर्फ तमिल और अंग्रेजी आती थी, लेकिन 2013 में यूपी कैडर में आने पर लगा कि हिंदी सीखना बेहद आवश्यक है। भाषायी ज्ञान आम लोगों से जुड़ने उनकी समस्याओं को समझने के लिए बेहद जरूरी है। एक अधिकारी के तौर पर मेरे लिए महत्वपूर्ण है कि जहां रहूं वहां के लोगों की बातों को समझ सकूं। अच्छी हिंदी बोलने में मुझे करीब दो साल लगे। अब भी मैं नए-नए शब्द सीखता रहता हूं। मेरा मानना है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा भारतीय भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। मैं हिंदी वेबसाइट और किताबों आदि के माध्यम से भी लगातार ज्ञान अर्जित करने के प्रयास करता हूं। संविधान में हिंदी सहित 22 राजभाषाओं को मान्यता दी गई है। देश में भाषा आम लोगों से जुड़ने का और आसपास के वातावरण को समझने का सबसे जरूरी माध्यम है।



राजेश्वरी त्यागराजन



बर्षा छबारिया



राजेश एस

थ्यागराजा म्यूजिक एंड डांस अकादमी की संचालिका राजेश्वरी त्यागराजन बताती हैं कि वह मूल रूप से केरल से हैं। उन्हें बचपन में मलयालम का ही ज्ञान था, लेकिन जब उच्च शिक्षा के लिए राजस्थान गई तो थोड़ा-बहुत हिंदी बोलना सीखा। 1991 में पति के साथ नोएडा आई, यहां जब नृत्य अकादमी खोली तो अच्छी हिंदी बोलना और सीखना जरूरी था। वह कहती हैं कि मेरी ज्यादातर छात्राएं हिंदी भाषी हैं। उन्हें सिखाते या उनके लिए वीडियो बनाते वक्त मैं हिंदी का ही उपयोग करती हूं। अपनी कला को बच्चों तक आसानी से पहुंचाने के लिए जरूरी है कि मैं उनकी भाषा को समझूं। यह कला ही मेरी पहचान और जीवन का उद्देश्य है। मैं सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़ी हूं। अक्सर नोएडा के गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुनती हूं और उनके निवारण के लिए हर संभव प्रयास करती हूं। इस क्रम में भी जरूरी है कि मैं लोगों की भाषा समझूं ताकि वह अपना दर्द मुझसे साझा करने में सहज महसूस कर सकें।

सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो की हेड बर्षा छबारिया कहती हैं कि वह मूल रूप से बंगाली हैं। जब बड़ी हुई और कॅरिअर चुनाव की बात आई तो उन्हें लगा कि किसी ऐसे कार्य क्षेत्र में जाना चाहिए जहां लोगों से जुड़ने और अपनी बात रखने का जरिया मिल सके। मुझे बोलना बेहद पसंद है इसलिए रेडियो एक अच्छा माध्यम लगा। वह सामुदायिक रेडियो के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाना चाहती थी। नोएडा जैसे हिंदी भाषी क्षेत्र में हिंदी रेडियो के क्षेत्र में ही संभावनाएं अधिक हैं, इसलिए हमेशा अपनी भाषायी समझ को विकसित करने का प्रयास किया। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पढ़ने और हिंदी संगीत सुनने पर जोर दिया। हिंदी साहित्य पढ़ना और हिंदी गाने सुनना रेडियो कंटेंट बनाने में भी खासा मददगार बना। एक रेडियो जॉकी से रेडियो चैनल का हेड बनने तक के उनके सफर में हिंदी ज्ञान बेहद काम आया। वह दिनभर अपने रेडियो स्टेशन पर हिंदी में ही बोलती रहती हैं उनकी भाषायी पकड़ को देखकर सहयोगी कई बार भूल ही जाते हैं कि उनकी पृष्ठभूमि बंगाली है।

# तकनीक के पंखों के सहारे भरी नई उड़ान

सर्वेश कुमार

**नई दिल्ली।** आप बेशक पढ़ना-लिखना नहीं जानते हों, आपकी अंग्रेजी अच्छी हो या खराब, बोलचाल की हिंदी से आप अपनी आवाज पूरी दुनिया तक पहुंचा सकते हैं। हिंदी में बोले गए शब्द आपको आपकी मंजिल तक पहुंचा रहे हैं। इसका माध्यम बनी है तकनीक, जिसके पंखों पर सवार होकर हिंदी ने नई उड़ान भरी है। मजेदार बात ये है कि इसके लिए संगठित तौर पर किसी ने कोई संजीदा कोशिश भी नहीं की। हिंदी के बड़े बाजार को देखते हुए तकनीक ने अपने को अपग्रेड किया है। इसका फायदा सेवा प्रदाताओं के साथ उपभोक्ताओं को भी मिला है, तभी लिखना न जानते हुए भी बोलकर हिंदीभाषी अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से संवाद के लिए जरूरी तमाम सुविधाओं के एकीकरण ने हिंदी की राह में भाषाई अड़चनों को दूर कर दिया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जमाना हिंदी का होगा। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के निदेशक (भारतीय भाषाएं एवं सुगम्यता) बालेंदु शर्मा दाधीच का कहना है कि हिंदी के इस्तेमाल के प्रोत्साहन में पहली क्रांति यूनीकोड से आई। वर्ष 2000 में विंडोज और एक्सपी से भारत में इस दिशा में कदम आगे बढ़े। इससे अंग्रेजी का प्रभुत्व कम होने लगा और जिनके लिए हिंदी में काम करना मुश्किल था उनके लिए कीबोर्ड और अलग-अलग फॉन्ट का भी पदार्पण हुआ। इससे अंग्रेजी में लिखकर हिंदी में अपनी बातों को रखने का मौका मिला। हिंदी के लिए एनकोडिंग के जरिये यूनीकोड ने ऐसे नियम पेश किए, जिससे काम करना सुलभ हो गया।

यूनीकोड के बाद टाइपिंग और टेक्सट के लिए इन स्क्रप्ट लागू किया गया। बाद में कई और कंपनियों ने इसे लागू किया। हिंदी न सीख पाने वालों के लिए अंग्रेजी में टाइप करने की सुविधा नई प्रणाली (ट्रांसलिटरेशन) से लिपि को बदलने की सुविधा मुहैया की गई। कंपनी ने इसके बाद इंडिक-1, 2, 3 सहित कई और टूल्स को पेश किया। इससे कंप्यूटर और स्मार्ट फोन के जरिये 12 भारतीय भाषाओं के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने हिंदी को आम लोगों के जीवन के साथ जोड़ दिया है। इससे छोटी और बड़ी कई जरूरतें बेहद कम वक्त में पूरी की जा सकती हैं।



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा जमाना

सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग (सी डैक) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रमुख अजय कुमार के मुताबिक, पहले भी ई-औषधि, ई-पासपोर्ट, निर्वाचन आयोग सहित कई विभागों और दफ्तरों में हिंदी के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किए हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना होगा। कंठस्थ को सी डैक ने विकसित किया है। इससे अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने की सुविधा है। सी डैक के हिंदी कार्यान्वयन अधिकारी प्रभाकर पांडेय का कहना है कि श्रुतलेखन सहित कई सुविधाएं विकसित की गई हैं। अब ई-मेल एड्रेस और वेबसाइट भी हिंदी में बनाई जा रही हैं ताकि हिंदी को अधिक से अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

### ई-कॉमर्स के जरिये खरीदारी हुई आसान

कौटिल्य फेलोशिप नेटवर्क के संस्थापक अजय चतुर्वेदी का कहना है कि तकनीक की बदौलत हिंदी की पहुंच बढ़ी है। रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारों के मुताबिक, देश में करीब 54 फीसदी लोग हिंदी का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में तकनीकी सुविधाओं के विकास से हिंदी की पहुंच के साथ-साथ स्वीकार्यता भी बढ़ी है। किचन के लिए महिलाएं अगर कुछ खरीदारी करती हैं तो उन्हें रिटेल स्टोर तक जाने की जरूरत नहीं है। महज हिंदी में बोलकर राशन के जरूरी सामान के लिए ऑर्डर कर सकती हैं। महज चंद मिनटों के अंदर उन्हें घर पर सभी उत्पादों की डिलीवरी कर दी जाएगी। भाषाई बाधा के दूर होने से खरीदार और विक्रेताओं के लिए भी सहूलियतें बढ़ीं। देश-विदेश के किसी शहर में अपनों से बातचीत हो या हिंदी का इस्तेमाल बेहद आसान हो गया है।

# शहरी गरीब बने उद्यमी खड़ा किया अपना व्यापार

अमर उजाला ब्यूरो

**राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़कर सपनों को पंख लगाए सुनाई सफलता की कहानी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हजारों शहरी गरीब उद्यमी बनकर उभरे हैं और गरीबी की जिंदगी से निकलकर अपना व्यापार शुरू किया है। इन्होंने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) से जुड़कर सपनों को पंख लगाए हैं और उड़ान भरने की तैयारी में हैं।

मंगलवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित आजीविका संवाद कार्यक्रम में इन्होंने सफलता की कहानी सुनाई। मास्क, बैग, झंडे, मोमबत्ती, सजावट का सामान बनाकर अपना व्यवसाय लगाया। अब एनयूएलएम के कारण इन्हें लगातार अपना सामान बेचने का मौका भी मिल रहा है।

दिल्ली के 650 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को पिछले दो साल में एनयूएलएम के जरिये व्यवसाय खड़ा करने में मदद मिली। एक स्वयं सहायता समूह में करीब 10-12 महिलाएं शामिल होती हैं। इस तरह करीब 6500 से अधिक महिलाएं उद्यमी बनकर उभरीं। दिल्ली के सभी 11 जिलों के स्वयं सहायता समूह इस कार्यक्रम में शामिल थे। इस मौके पर एनयूएलएम की निदेशक नई दिल्ली की जिला अधिकारी डॉ. मोनिका प्रियदर्शी भी मौजूद थीं।

डॉ. प्रियदर्शी ने बताया कि कोविड काल में एनयूएलएम ने बेहतर काम किया। एनयूएलएम का दिल्ली मॉडल ूरे देश में उदाहरण के तौर पर पेश करने लायक है। महिलाओं, पुरुषों व ट्रांसजेंडर ने अपना व्यवसाय शुरू किया। आने वाले समय में ये अपनी कंपनी के सीईओ होंगे। उन्होंने इन उद्यमियों को डिजिटल मार्केटिंग और व्यवसाय बढ़ाने के तरीकों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पिटबुल के प्रजनन को प्रतिबंधित करने की मांग

**नई दिल्ली।** पेटा ने पिट बुल व अन्य बुली नस्लों के कुत्तों के पालन और प्रजनन पर रोक लगाने की मांग की है। पेटा का कहना है कि इन प्रजाति के कुत्तों की अवैध लड़ाई करवाकर खूनी खेल खेला जाता है। ऐसे में संस्था ने मतस्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय से पशु क्रूरता निवारण अधिनियमनियम, 2017 में बदलाव करने की मांग की गई है।

पेटा इंडिया के वेटरनरी नीति सलाहकार डॉ. नितिन कृष्णागौड़ा ने कहा कि कुत्तों को लड़वाने वाले लोग गुप्त स्थानों का चयन करते हैं, जहां कुत्तों की लड़ाई करवाने के लिए उन्हें उकसाते हैं। ऐसे में किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार के गिरोह की जानकारी मिले, तो उन्हें तुरंत पुलिस को रिपोर्ट करना चाहिए। भारत में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत जानवरों को एक-दूसरे से लड़ने के लिए उकसाना अवैध है, लेकिन फिर भी देशभर में कुत्तों की लड़ाइयों का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाता है। ब्यूरो

## मौत के दो साल बाद सरकारी कर्मी के सेवानिवृत्ति बकाये का हुआ भुगतान

**नई दिल्ली।** एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी अपनी जिस बकाया पेंशन के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगाता रहा उसका भुगतान उसकी मौत के दो साल बाद हुआ। मामला डाक एवं टेलीग्राफ विभाग का है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि उसने एक सरकारी कर्मी के सेवानिवृत्ति बकाये का भुगतान सुनिश्चित कराया है जिसे तीन साल तक वैध पेंशन बकाये से वंचित रहना पड़ा। आयोग ने सेवानिवृत्त कर्मी के पुत्र की शिकायत के आधार पर 2021 में मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके पिता अनुभाग अधिकारी के पद से रिटायर हुए थे। जीवन प्रमाण पत्र नहीं दे पाने की वजह से 2017 में उनकी पेंशन रोक दी गई थी। 2018 में उन्होंने जीवन प्रमाण पत्र और अन्य सहायक दस्तावेजों को जमा करा दिया लेकिन, इसके बाद भी पेंशन नहीं चालू हुई। अंततः सितंबर 2020 में उनका निधन हो गया। शिकायत के आधार पर आयोग ने जब डाक विभाग को नोटिस जारी किया तो उसने आरोपों को सही मानते हुए सूचित किया कि मृत सेवानिवृत्त कर्मी की 12,36,235 रुपए की बकाया पेंशन जारी की जा रही है। एजेंसी

# सत्येंद्र जैन मामले की जिरह पूरी

अमर उजाला ब्यूरो



**धन शोधन मामले में ईडी आज रखेगी पक्ष**

**नई दिल्ली।** धन शोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के वकील ने कहा कि सिर्फ संदेह के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता है जैन किसी कंपनी पर कंट्रोल कर रहे थे। 2010 में जैन विधायक थे न मंत्री। इसके अलावा न ही आप अस्तित्व में आई थी। अदालत के समक्ष अधिवक्ता ने यह तर्क रखते हुए कहा, जैन को जेल में रख कर इनको क्या सुख मिल रहा है हम नहीं जानते।

अदालत के समक्ष सत्येंद्र जैन के वकील ने कहा कि स्वाति जैन को जो प्रॉपर्टी ट्रांस्फर हुई उसपर मेरा दस्तखत नहीं है, चेक पीरियड के समय किसी प्रॉपर्टी ट्रांसफर के दस्तावेज पर जैन के हस्ताक्षर नहीं है। सत्येंद्र जैन के वकील ने कहा कि उनका शेयर कभी कंपनी में बढ़ा नहीं बल्कि कंपनी में शेयर परसेंटेज कम हुआ जैसे ही कंपनी वैभव जैन को मिली हम खुद नहीं समझ पा रहे है किसने हेराफेरी किया है।

सत्येंद्र जैन के वकील ने कहा कि 2010 का एमओयू को छुपाने की कोशिश की गई, जिसमें कहा गया है कि सत्येंद्र जैन आर्किटेक्ट के रूप में सेवा देंगे वैभव और अंकुश जैन शेयर के दाम तय करे करेंगे कंपनी के फैसले लेंगे उनके पास कंपनी का पूरा नियंत्रण होगा मेरी भूमिका सिर्फ आर्किटेक्ट की होगी।

## जैकलिन के लिए सवालों की फेहरिस्त तैयार, पूछताछ आज

**नई दिल्ली।** सुकेश चंद्रशेखर मामले में दिल्ली पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडिस से पूछताछ के लिए सवालों की फेहरिस्त तैयार कर ली है। इस मामले में अभिनेत्री से आज पूछताछ होगी।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) बुधवार को जैकलिन से 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली को लेकर सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मामले में पूछताछ करेगी। एक अधिकारी ने बताया, जैकलिन को बुधवार सुबह 11 बजे मंदिर मार्ग स्थित ईओडब्ल्यू के कार्यालय पर पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभिनेत्री से पूछे जाने वाले सवालों की सूची तैयार कर ली गई है। जैकलिन से सुकेश के साथ संबंध और उससे लिए गए उपहारों की बाबत सवाल किए जाएंगे।

साथ ही अभिनेत्री से पूछा जाएगा कि वह कितनी बार सुकेश से मिली और फोन पर कितनी बार संपर्क किया। ईओडब्ल्यू ने पिंकी ईरानी को भी पूछताछ के लिए समन भेजा है। एजेंसी

# कुतुब मीनार की जमीन किसकी, फैसला सुरक्षित

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** अदालत ने कुंवर महेंद्र ध्वज प्रसाद सिंह द्वारा दायर हस्तक्षेप आवेदन में आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें आगरा से यमुना और गंगा नदी के बीच मेरठ, अलीगढ़, बुलंदशहर और गुड़गांव वाले क्षेत्रों पर अधिकार की मांग की गई है। उन्होंने कुतुब मीनार परिसर में कथित मंदिरों के जीर्णोद्धार की मांग करने वाली अपीलों के संबंध में यह आवेदन दायर किया है। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार शनिवार 17 सितंबर को शाम 4 बजे आदेश पारित करेंगे। अदालत ने हस्तक्षेप करने वाले अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से पेश अधिवक्ता सुभाष गुप्ता का पक्ष सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया।

एएसआई ने तर्क दिया है कि हस्तक्षेप आवेदन इस कारण से खारिज करने योग्य है कि सिंह ने विशेष रूप से अपील में किसी भी अधिकार का दावा नहीं किया है और उनके पास पक्ष के रूप में पक्षकार होने का कोई अधिकार नहीं है। एएसआई ने आगे तर्क दिया था कि सिंह ने बड़े और विशाल क्षेत्रों के अधिकारों का दावा किया है। एएसआई ने दावा किया कि पिछले साल दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुल्ताना बेगम द्वारा दायर एक समान याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें लाल किले पर कब्जा करने की मांग की गई थी, जिसमें महिला ने खुद को अंतिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा होने का दावा किया गया था। अदालत का दरवाजा खटखटाने में अत्यधिक देरी होने के आधार पर उसकी याचिका खारिज कर दी गई। अभियोग आवेदन के बारे में आवेदक ने कहा कि हस्तक्षेपकर्ता बेसवान परिवार का कर्ता है, जो राजा रोहिणी रमन धवज प्रसाद सिंह का उत्तराधिकारी है, जिनकी मृत्यु वर्ष 1950 में हुई थी। आवेदन के अनुसार, बेसवान परिवार के रूप में जाना जाने वाला परिवार मूल रूप से राजा नंद के वंशज जाट थे।

## कोविड के गंभीर रोगों के इलाज में आयुर्वेद और योग असरदार

**नई दिल्ली।** योग और आयुर्वेद कोविड के गंभीर रोगों के इलाज में असरदार है। आईआईटी दिल्ली और हरिद्वार का देव संस्कृति विश्वविद्यालय के अनुसंधान में यह खुलासा हुआ है। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञों ने 30 मरीजों पर शोध किया था।

टेलीमेडिसिन और वीडियो कांफ्रेसिंग से योग सेशन के जरिये इनका इलाज किया गया। यह मरीज डायबिटीज, हाइपरटेंशन, क्रोनिक, किडनी डिसीज, दिल की बीमारियों से ग्रसित थे। इन मरीजों को कोरोना होने पर गंभीर रिस्क की श्रेणी में रखा गया था।

शोध में पता चला है कि योग और आयुर्वेद कोविड-19 के उच्च जोखिम वाले मरीजों के उपचार में प्रभावकारी हो सकते हैं। कोविड-19 के उच्च जोखिम वाले 30 मरीजों के सफल उपचार का अध्ययन इंडियन जर्नल ऑफ ट्रेडिशनल नॉलेज में भी प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि योग और आयुर्वेद कोविड-19 के उपचार के अलावा मरीजों को चिंता व व्याकुलता से राहत प्रदान करता है। ब्यूरो

# ग्राहकों का पोर्टफोलियो बनाने पर फोकस



**नई दिल्ली।** येस सिक्योरिटीज का फोकस ग्राहकों का अच्छा पोर्टफोलियो बनाने में मदद करने पर है। वह इक्विटी में इनवेस्ट को सबसे बेहतर विकल्प मानते हैं। अपने ग्राहकों को डेथ और इक्विटी में मिक्स रिस्क लेने की सलाह देते हैं। इसमें ग्राहकों को कम से कम 3-4 साल का समय देना होता है और इसके बाद अच्छा रिटर्न मिलता है।

मंगलवार को येस सिक्योरिटीज के कार्यकारी निदेशक व मुख्य व्यवसाय अधिकारी अंशुल अरजारे ने मीडिया मीट में यह जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि येस सिक्योरिटीज में हर महीने 12-15 हजार खाते खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय बैंकिंग सेक्टर में 95% फ्यूचर एंड ऑप्शन पर काम हो रहा है, जबकि येस सिक्योरिटीज का फोकस डिलिवरी स्टॉक की तरफ है। वह इक्विटी में निवेश को सबसे बेहतर विकल्प मानते हैं। क्योंकि इसके रिटर्न दूसरे एसेट क्लास से बेहतर होते हैं। उनकी सेवाएं बेहद आसानी से देशभर में उपलब्ध हैं। उनके सलाहकार येस सिक्योरिटीज एप, वेबसाइट और टोल फ्री फोन सेवा के जरिए ग्राहकों को इक्विटी में निवेश करने के सही तरीके बताते हैं। ब्यूरो


**उ. प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.,**
जी-4/5बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ।

नोटिस सं.-मु.अभि. सी-149/ई.टे.प्र./टी-400(IX) दिनांक: 13.09.2022

**ई-निविदा सूचना**

उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. द्वारा निम्नलिखित जनपदों में निर्माण कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित बिड डाक्यूमेन्ट, नियम/शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा से संबंधित सूचना विभागीय वेबसाइट www.uprnss.org पर भी देखी जा सकती है:-

| क्र. सं. | निविदा नोटिस संख्या | जनपद का नाम | निविदा अपलोड करने की तिथि | कार्य का नाम | निविदा की लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | /UPRNSS/Aligarh-11/E-TENDER/ 2022-23 Dt-12.09.2022 | बुलन्दशहर | 12.09.2022 | Remaining Work of G.G.I.C. 100 bed Girls Hostel at Bulandsahar | 61.10 |

मुख्य अभियंता



**Kalyan Singh Super Speciality Cancer Institute**
**C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002**
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: jdmm.ssclh@gmail.com

**GeM Bid Notice**

It is hereby informed that a GeM bid ref No. **GeM/2022/B/2522832 dated 12-09-2022** has been uploaded on GeM Portal for Procurement of Operation and Maintenance of HVAC System (Heating, Ventilation and Air Conditioning System) - Complete System for KSSSCI. All interested service providers/ bidders are required to submit their bids on GeM Portal in accordance with the terms and conditions of the GeM bid documents. The Director reserves the right to accept or reject any or all bids at any stage without assigning any reason thereof.

The Tender documents are available on the website of the Institute www.cancerinstitute.edu.in

Advt No. KSSSCI/PRO-15/2022-23 DIRECTOR



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत, जयपुर**

क्रमांक : 2534 दिनांक : 06.09.2022

**संशोधित ई-निविदा सूचना संख्या 01/2022-23**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित ई-निविदा सूचना संख्या 1/2022-23 में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिसकी बिड डाउनलोड व अपलोड करने की दिनांक 22.09.2022 को साय 6:00 बजे व खोलने की दिनांक 23.09.2022 दोपहर 3:00 बजे तक बढाई जाती है, जिसको निम्न वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित विवरण संबंधित वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in, www.waterresources.rajasthan.gov.in http://www.eproc.rajasthan.gov.in, http::/sppp.rajastnan.gov.in से देखी जा सकती है।

UBN NO. - 1. WRD2223WLOB01206
2. WRD2223WLOB01208

अधीक्षण अभियंता
जल संसाधन वृत,जयपुर

DIPR/C/11657/2022



**दिल्ली जल बोर्ड : एन.सी.टी दिल्ली सरकार**
कार्यालय, अति. मुख्य अभियंता (पी)-2/ईई(ईएंडएम)-II
वजीराबाद वाटर वर्क्स, तीमरपुर, दिल्ली - 110054
ई-मेल: djbeeemii@gmail.com

"कोरोना रोकें : मास्क पहनें, शारीरिक दूरी का पालन करें व हाथों को साफ रखें"

**प्रेस एनआईटी न.-12(2022-23)**

| एनआईटी सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रू.में) | ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन में निविदा रिलीज करने की तिथि | ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन के जरिये निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 12.1 | वजीराबाद वाटर वर्क्स पर पहले 40 एमजीडी प्लांट हेतु स्टाफ को हायर करना। | वस्तु दर | 88000/- | निविदा आईडी न. : 2022_DJB_229105_1 प्रकाशन तिथि : 09 सितंबर-2022 को सायं 06:55 बज से | 22 सितंबर-2022 को अप. 01.15 बजे तक |
| 12.2 | वजीराबाद वाटर वर्क्स पर बैराज के सुपरस्ट्रक्चर की पेंटिंग, मजबूतीकरण एवं मरम्मत करना। | प्रतिशत दर | 83000/- | निविदा आईडी न. : 2022_DJB_229105_2 प्रकाशन तिथि : 09 सितंबर-2022 को सायं 06:55 बज से | 22 सितंबर-2022 को अप. 01.15 बजे तक |

सभी शर्तों व नियमों के साथ एनआईटी डीजेबी की वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर उपलब्ध है। (योगेश लोहचाब)
ज.सं. कार्या. (जल) द्वारा जारी, विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 331(2022-23) अधिशासी अभियंता(ईएंडएम)-II



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक, खान पान, संसद भवन, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली, एम पी कैंटीन नार्थ अवनेउ, पी एम ओ तथा वी आई पी कैंटीन रेलवे बोर्ड नई दिल्ली, स्थित खान पान इकाइयों में निम्न खाद्य पदार्थों की आपूर्ति के लिए ई-निविदा www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं:

| क्र. सं. | आइटम | निविदा संख्या | निविदा का मूल्य (रु. में) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मिठाई, सनेक्स और बेकरी आइटम्स | 86-AC-O-DC-PH-Sweets SnacksBakery-2022 | 96,700/- | 06.10.2022 up to 1100 hrs. |

निविदाकारों द्वारा **निविदा दस्तावेज की कीमत** रुपये 1,770/- (जी एस टी @ 18% सहित) का भुगतान एन आई टी दस्तावेज, www.ireps.gov.in पर दिए निर्देश के अनुसार किया जाना है। विस्तृत जानकारी और निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर ई-निविदा (E-TENDER) पर उपलब्ध है। ई-बिड जमा करने के लिये निविदाकारों को निर्देश लर्निंग सेंटर (यूजर मैन्युअल) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है। 2384/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीयू : आवंटित सीट नहीं लेने पर दाखिला सिस्टम से हो जाएंगे बाहर

## काउंसलिंग के किसी राउंड में हिस्सा नहीं ले सकेंगे

रश्मि शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के इस सत्र में स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले की दौड़ शुरू हो चुकी है। दाखिला पक्का करने के लिए विद्यार्थियों को आवंटित सीट को स्वीकारना होगा। ऐसा नहीं करने पर सीट रद कर दिया जाएगा और वह दाखिला प्रक्रिया से बाहर हो जाएगा। इस तरह वह काउंसलिंग के किसी भी चरण में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

डीयू दाखिला डीन प्रो. हनीत गांधी ने कहा कि कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम के माध्यम से सीयूईटी स्कोर के आधार पर मेरिट तैयार कर सीटों का आवंटन किया जाएगा। लेकिन छात्र ने स्वीकार नहीं किया तो वह सीट खाली हो जाएगी और रद्द मानी जाएगी। प्रो. गांधी ने कहा कि एक बार छात्रों को आवंटित सीट स्वीकार करना पड़ेगा ताकि वह सिस्टम में बना रहे और आगे के राउंड में भी हिस्सा ले सके।



### सीट आवंटन रद्द करने के लिए चार कारण तय

**पहला :** छात्र निर्धारित समय सीमा के भीतर आवंटित सीट को स्वीकार करने में विफल रहता है

**दूसरा :** कोई छात्र निर्धारित समय के भीतर फीस का भुगतान नहीं करता है

**तीसरा :** छात्र के दस्तावेज और प्रमाणपत्र अमान्य या फर्जी पाए जाने पर किसी भी समय आवंटित सीट पर प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।

**चौथा :** कोई छात्र स्नातक स्तर के लिए तय न्यूनतम पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है तो सीट पर प्रवेश रद कर दिया जाएगा।

## दाखिले में दिक्कत तो ऑनलाइन सवाल समाधान सिस्टम से लें मदद

अमर उजाला ब्यूरो

**चैटबोट से 24 घंटे सवालों के जवाब देने की दी जा रही सुविधा**

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नात्तक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ऐसे में दाखिले से जुड़े छात्रों के सवालों के जवाब देने और उनकी मदद के लिए प्रशासन ने चैटबोट, हेल्पडेस्क की सुविधा दी है। इसके अलावा ऑनलाइन सवाल समाधान सिस्टम भी शुरू किया जाएगा। यह कॉलेज व छात्रों के लिए होगा। जहां पर दस्तावेज से संबंधित सवाल-जवाब किए जा सकेंगे।

डीयू कॉलेजों व छात्रों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन सवाल समाधान सिस्टम शुरू करेगा। यह सीट आवंटन के बाद उपयोगी होगा। इसमें कॉलेज दस्तावेज के संबंध में अपने सवाल सीधे छात्र के डैशबोर्ड पर भेजेंगे। मसलन कॉलेज को दस्तावेज के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी चाहिए तो वह अपना सवाल छात्रों को भेजेंगे। ऐसे में छात्रों को लगातार अपने डैशबोर्ड को देखते रहना होगा। कॉलेज से प्राप्त सवाल का जवाब छात्रों को देना होगा। इससे छात्रों को कपरेशानी नहीं होगी और ऑनलाइन ही समाधान हो जाएगा।

वहीं बीते साल शुरू किए गए चैटबॉट की सुविधा इस साल भी दाखिला पोर्टल पर छात्रों को मिलेगी। चैटबॉट पर आवेदनकर्ता 24 घंटे अपने सवालों के सीधे जवाब ले सकते हैं। जवाब पाने के लिए उन्हें लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा। इस सुविधा के तहत इसमें दाखिले से संबंधित कुछ भी लिखकर खोजा जा सकता है। इस तरह से यहां से विद्यार्थी अपनी जरूरत के मुताबिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह से 24 घंटे सवालों के जवाब यहां से मिल सकते हैं।

# अंबेडकर विश्वविद्यालय में यूजी में दाखिले की दौड़ शुरू

## दाखिला पोर्टल पर अब तक 800 से अधिक आवेदन

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के अंबेडकर विश्वविद्यालय में स्नातक दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दाखिले के लिए पोर्टल शुरू कर दिया है। एक दिन में ही 800 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। इच्छुक छात्र 12 अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय दाखिले को लेकर अधिक जानकारी आगामी शुक्रवार को जारी करेगा।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार नितिन मलिक के मुताबिक, जिन छात्रों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेंस्ट (सीयूईटी) दिया है, वे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अभी तक 800 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया है। सीयूईटी के माध्यम से किए जाने वाले दाखिले, नए पाठ्यक्रम और हेल्पलाइन नंबर को लेकर जानकारी जारी की जाएगी।

विश्वविद्यालय के मुताबिक, सीयूईटी के अंकों के आधार पर छात्रों को दाखिला दिया जाएगा। यदि किसी छात्र के सीयूईटी अंक समान होते हैं, तो इस स्थिति में छात्रों के चार विषयों को जोड़ा जाएगा। यदि फिर भी अंक समान होते हैं, तो जिस छात्र ने पहले आवेदन किया है, उसे दाखिला देने में तवज्जों दी जाएगी।

### आईपीयू : बीटेक में काउंसलिंग के लिए 19 तक करें आवेदन

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विवि से बीटेक और लैटरल एंट्री टू बीटेक में दाखिले के लिए सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन काउंसलिंग का दूसरा राउंड शुरू होने जा रहा है। दूसरे राउंड की काउंसलिंग प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए 19 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। इन दोनों प्रोग्राम के लिए योग्य आवेदक एक हजार रुपये की काउंसलिंग फीस 19 सितंबर तक ऑनलाइन जमा करा सकते हैं। बीटेक के ऐसे आवेदक जिन्होंने 12,00 रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा नहीं किया है वे काउंसलिंग फीस के साथ इसे भी 19 सितंबर तक जमा करा सकते हैं। दोनों प्रोग्राम के लिए च्वाइस फीलिंग का विकल्प 21 से लेकर 26 सितंबर तक उपलब्ध रहेगा। ब्यूरो




# अमर उजाला Job Alert

## BARC में भर्ती ■ 51 पद




**चिकित्सा/वैज्ञानिक अधिकारी के विभिन्न पदों पर मौके**

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु वर्गानुसार 35/38/40/50 वर्ष निर्धारित। आयु-सीमा में छूट नियमानुसार दी जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विषय में एमएस/एमडी एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं व कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** चयन के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट/व्यक्तिगत साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं मूल दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा। आवेदन से पूर्व विस्तृत जानकारी के लिए कृपया ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य देखें।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** योग्य अभ्यर्थी 30 सितंबर, 2022 तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें।

आवेदन शुल्क : रुपये 500/- http://www.barc.gov.in

## MSMETC, रोहतक ■ 17 पद

**मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर व अन्य पद खाली**

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु पदानुसार 30/32/35/40 वर्ष। आयु की गणना 27 सितंबर, 2022 के अनुसार की जाएगी। आयु-सीमा में छूट नियमानुसार दी जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मैकेनिकल/प्रोडक्शन/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स आदि विषयों में इंजीनियरिंग डिग्री व अन्य निर्धारित पात्रताएं एवं कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** चयन के लिए टेस्ट/साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए होगी।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** अभ्यर्थी 27 सितंबर, 2022 तक अपने आवेदन पत्र उप महाप्रबंधक, एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रोहतक, हरियाणा में अवश्य भेज दें।

आवेदन का माध्यम : ऑफलाइन https://www.msmetcrohtak.org

## माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. ■ 1041 पद



**कारपेंटर, ड्राइवर इत्यादि पदों पर अवसर**

Job of the day

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 38 वर्ष। आयु की गणना 01 सितंबर, 2022 के अनुसार की जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पदानुसार डिप्लोमा/डीफार्मा/बीफार्मा/पोस्ट-ग्रेजुएशन/कंप्यूटर का ज्ञान व अन्य निर्धारित पात्रताएं व संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन का तरीका :** चयन के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा/अनुभव/ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट के समय अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों को प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवारों को चिकित्सकीय रूप से फिट होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** 30 सितंबर, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क : रुपये 100/- https://mazagondock.in

## योग्य अभ्यर्थी करें अप्लाई...

- **ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान :** योग्य अभ्यर्थी प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर आवेदन कर सकते हैं। **अंतिम तिथि :** 01 अक्टूबर, 2022 ■www.thsti.res.in
- **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक :** विकास सहायक/विकास सहायक (हिंदी)-ग्रुप 'बी' के पद रिक्त। **तिथि :** 10 अक्टूबर, 2022 ■https://www.nabard.org

## इकोनॉमिक्स विषय से कॅरिअर बनाना चाहता हूं...

*प्रयागराज से सूरज का सवाल-* **मैंने इकोनॉमिक्स से एमए किया है। इस विषय से कॅरिअर की क्या संभावनाएं हैं?**

Expert की राय



सुनंदा राव
कॅरिअर एक्सपर्ट

कॅरिअर के लिहाज से इकोनॉमिक्स यानी अर्थशास्त्र विषय आज के दौर में अपनी उपयोगिता को स्थापित कर चुका है। वैकल्पिक कॅरिअर के रूप में इकोनॉमिक्स में अन्य विषयों की तुलना में अधिक अवसर उपलब्ध हैं। इकोनॉमिक्स विषय से एमए करने के बाद आप अखिल भारतीय स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित की जाने वाली भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इसके अलावा, सांख्यिकीय अधिकारी और सांख्यिकीय अन्वेषक जैसे पदों पर निकलने वाली रिक्तियों के लिए भी आप आवेदन कर सकते हैं। इकोनॉमिक्स से पीजी करने के बाद आप रिजर्व बैंक (आरबीआई) में स्पेशल ऑफिसर (ग्रुप 'बी') पद के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। अगर आप शिक्षा के क्षेत्र में जाना चाहते हैं, तो नेट/पीएचडी की योग्यताएं हासिल कर डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर भी बन सकते हैं।


उड़ान-अमर उजाला




**NCERT आधारित पर्यावरण और पारिस्थितिकी**

100% प्रामाणिक व्याख्या के साथ

नोट
ऑर्डर करने के लिए कॉल करें 9811413743, टोल फ्री नंबर 18001211166 पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक।

ऑनलाइन खरीदने के लिए QR कोड को तुरंत स्कैन करें।


अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें:
jobalert@amarujala.com

# पशुओं और मानवों में बीमारी स्थानांतरण पर शोध जरूरी : मनसुख मांडविया

## चार मंत्रियों ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन में लिया हिस्सा, कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

माई सिटी रिपोर्टर

**ग्रेटर नोएडा।** 'पशुओं से मानव और मानव से पशुओं में बीमारी स्थानांतरित होती है। कोरोना में भी यह देखने को मिला है, इसलिए बीमारी से निपटने के लिए शोध जरूरी है। इसके आधार पर एकत्र किया गया डाटा आगे चलकर बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण में मदद करेगा।'

मंगलवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में आए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने विश्व डेयरी सम्मेलन में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि डेयरी उद्योग तभी सफल है जब तक पशु हैं। इसके लिए स्वास्थ्य दृष्टिकोण को बढ़ावा देना होगा। मनुष्य और मवेशियों में स्थानांतरित होने वाली वायरल बीमारियों के प्रति बड़े स्तर पर विश्वभर में शोध की आवश्यकता है। इसके लिए देश में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की ओर से एक शोध प्रयोगशाला भी शुरू होने जा रही है।

उन्होंने सम्मेलन के आयोजकों से कहा कि सत्र में निकलने वाले निष्कर्षों की रिपोर्ट को भी मंत्रालय से साझा करें, ताकि अधिक गंभीरता से काम हो सके। वहीं, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी और सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने डेयरी क्षेत्र में सहकारी समितियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के कार्य से डेयरी क्षेत्र में भारत 6% की निरंतर उच्च वृद्धि कर रहा है।






### गोबर से तैयार उत्पादों को देंगे बढ़ावा : गिरिराज

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने सम्मेलन में कहा कि दुग्ध उत्पाद को वित्तीय लाभ दिलाने के साथ सरकार मवेशियों के गोबर-मूत्र के माध्यम से किसानों की आमदनी बढ़ाने के स्रोत को मजबूत बनाएगी। इससे छोटे और सीमांत किसानों को लाभ मिलेगा। साथ ही, दूध देने वाले पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण पर बल दिया जा रहा है। मवेशियों के कचरे का उपयोग बायो गैस, उर्वरक प्लास्टर या पेंट आदि बनाने के लिए किया जा रहा है। यह एक अच्छी बात है। इससे किसानों की आय का साधन भी और मजबूत होगा।

## 75 हजार पशुओं की लंपी से मौत : बालियान

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन-2022 में मंगलवार को पशुपालन, डेयरी और मतस्य पालन राज्यमंत्री संजीव बालियान ने विश्वभर में मवेशियों को होने वाली बीमारियों और इनसे बचाव के सत्र में हिस्सा लिया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में करीब 10 करोड़ मवेशी हैं। करीब 10 लाख मवेशी लंपी बीमारी की चपेट में आए हैं। इससे 75 हजार मवेशी दम तोड़ चुके हैं। यह महज एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि गुजरात से शुरू हुई बीमारी राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों में फैली है, लेकिन अब यह खत्म होने को है। लंपी के लिए शोध में 100 फीसदी असर करने वाली वैक्सीन खोज ली गई है। वैक्सीन की कोई कमी नहीं है। राज्यों की जितनी मांग होगी, उतना हम आपूर्ति करेंगे।

राजस्थान की दुग्ध उत्पादक सहकारिता की निदेशक गीता चौधरी की बालियान से गुहार लगाते समय आंखें भर आईं। उन्होंने कहा कि लंपी के कारण मवेशी ही नहीं खत्म हुए, बल्कि आजीविका भी छिन गई। ब्यूरो

## रहस्यमयी रोशनी वाली ट्रेन का वीडियो हो रहा वायरल



**ग्रेटर नोएडा।** जेवर-रबूपुरा क्षेत्र में सोमवार और मंगलवार देर रात एक रोशनी वाली ट्रेन जैसी आकृति आसमान में दिखाई दी। इसमें हूबहू ट्रेन के हार्न जैसी आवाज सुनाई दी। कुछ लोगों ने इसे अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया तो कुछ ने इसका वीडियो बना लिया। फोटो और वीडियो दोनों वायरल हो गए। इसे देखने के लिए लोग रात में मकान की छत पर जा चढ़े। कुछ लोग इस आकृति से डर गए। किसी ने इसे उड़नतश्तरी तो किसी ने एलियन बताया। करीब 10 से 15 मिनट के बाद यह लाइन आसमान से गायब हो गई। बताया जा रहा है कि यह छोटे-छोटे तीन हजार से ज्यादा सेटेलाइट की एक चेन है, जो एक कंपनी ने आकाश में भेजे गए थे। यह धरती की लो ऑर्बिट में चक्कर लगाती है। धरती से यह आसमान में उड़ती ट्रेन की तरह लगती है। संवाद

# चॉकलेट नहीं मिली तो दी होटल लीला को उड़ाने की धमकी, ढाई घंटे बाहर रहे लोग

### दिल्ली बॉर्डर पर एंबियंस मॉल में पसरी रही दहशत, पुलिस ने होटल खाली कराया

गुरुग्राम का मामला

### जांच में पाया गया ऑटिज्म रोग से ग्रसित युवक ने किया था फोन

अमर उजाला ब्यूरो

**गुरुग्राम।** चॉकलेट न मिलने से नाराज एक ऑटिज्म पीड़ित 24 वर्षीय मरीज ने गुरुग्राम-दिल्ली बॉर्डर पर स्थित एंबियंस मॉल के पांच सितारा होटल लीला को बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। आरोपी ने होटल स्टाफ को फोन करके बताया कि उसने होटल में बम प्लांट कर दिया है।

होटल स्टाफ से कंट्रोल में मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पूरे होटल को खाली कराया। डॉग और बम स्क्वॉयड ने करीब ढाई घंटे होटल की पूरी तरह से जांच की जिसमें कुछ नहीं मिला, इसके बाद ठहरने वालों को दुबारा से प्रवेश दिया गया। साइबर सेल को जांच के दौरान पता चला है कि 11 बजकर 6 मिनट पर फोन आया था। होटल में 100 से अधिक लोग ठहरे हुए थे, जिन्होंने दर्द और दहशत में ढाई घंटे गुजरे।




जांच के लिए होटल पहुंची पुलिस और मौके पर खड़ी एंबुलेंस व मौजूद लोग।

### पहले भी लीला होटल को मिल चुकी धमकी

लीला होटल में बम लगाने की सूचना देना कोई नई बात नहीं है। करीब दस साल पहले लीला होटल को उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच गुरुग्राम पुलिस को सौंपी थी। उस मामले की छानबीन में भी कुछ नहीं निकला।

*लीला होटल प्रबंधन की ओर से कंट्रोल रूम में मिली सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल में सघन जांच की। फोन करने वाले की पहचान हो गई है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। -**विकास कौशिक**, एसीपी डीएलएफ, गुरुग्राम।*

### अस्पताल के काउंसलर ने युवक को चॉकलेट देने का वादा किया था

पता चला कि ऑटिज्म पीड़ित एक 24 वर्षीय युवक ने यह फोन किया था। इस युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवक के परिजन भी अस्पताल में ही मिल गए। पुलिस ने उनसे भी कड़ी पूछताछ की। पता चला है कि सोमवार को ही अस्पताल के काउंसलर ने युवक को चॉकलेट देने का वादा किया था।

**ऐसे खुला मामला :** जांच में पता चला कि जिस मोबाइल नंबर से फोन किया गया था, वह दिल्ली में एक व्यक्ति के नाम पर था। परेशानी इस बात की थी कि घटना के बाद से ही उपरोक्त मोबाइल नंबर गुरुग्राम क्षेत्र में ही स्विच ऑफ कर दिया गया था। पुलिस तलाशते हुए सेक्टर-47 स्थित एक अस्पताल पहुंची तो पूरा मामला ही खुल गया।

## अस्पताल में कार्यरत सफाईकर्मी के साथ दुष्कर्म कर कार से कुचला

**पलवल।** जिला नागरिक अस्पताल में कार्यरत सफाईकर्मी महिला को 7 सितंबर को जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर आरोपी युवक और उसके साथी ने महिला को कार से कुचलकर जान से मारने का प्रयास किया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दिल्ली ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर थाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत नामजद युवक सहित दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है।

जांच अधिकारी एएसआई सुनीता के अनुसार कैंप थाना अंतर्गत एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी जिला नागरिक अस्पताल में सफाई का काम करती है। बीती सात सितंबर की शाम को उसकी पत्नी को गांव टीकरी ब्राह्मण निवासी सौरव ने अपनी बाइक पर बिठा लिया और टीकरी ब्राह्मण के खेतों में ले गया, जहां सौरव ने उससे दुष्कर्म किया। आरोपी उसे गांव मीतरोल के समीप पुल के नीचे ले गया और अपने साथी की कार उसपर चढ़ाकर उसकी पत्नी को कुचलने का प्रयास किया। संवाद

# आम्रपाली लॉ रेजिडेंसियल पर 43 लाख का जुर्माना

### राज्य उपभोक्ता आयोग ने दो अलग अलग मामलों में सुनाया फैसला, निर्धारित समय पर नहीं दिए फ्लैट

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** निर्धारित समय पर फ्लैट न देने के एक जैसे दो अलग अलग मामलों में राज्य उपभोक्ता आयोग ने लॉ रेजीडेंसियल डेवलपर्स प्रा. लि. ग्रेटर नोएडा पर 43 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आठ सप्ताह के भीतर इस रकम को अदा न करने पर 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी अदा करना होगा।

परिवादी गौरव भटनागर ने लॉ रेजीडेंसियल डेवलपर्स प्रा.लि0. ग्रेटर नोएडा के विरुद्ध एक परिवाद प्रस्तुत किया। कहा गया कि डेवलपर ने एक योजना आम्रपाली ला. रेजीडेंसियल के नाम से निकाली, जिसमें परिवादी ने एक 3 बीएचके फ्लैट कुल मूल्य 30,27,500 रुपये में बुक कराया। कंपनी ने तीन मार्च 2011 को फ्लैट का बायर एग्रीमेंट किया। कंपनी ने यह फ्लैट दिनांक एक मार्च 2014 तक देने का वायदा किया था पर समय से फ्लैट नहीं दिया गया। परिवादी ने बार-बार इस बाबत कंपनी को पत्र लिखा पर कोई हल नहीं निकला जबकि उसने आवश्यक धनराशि कर जमा दी थी। इस तरह के प्रकरणों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने निर्णय में कहा है कि जहां पर कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होती है वहां पर योजना को 03 वर्ष में पूरा करना होता है।

### मानसिक पीड़ा के लिए भी चुकाने होंगे 20 लाख

परिवादी को हुई मानसिक पीड़ा, उत्पीड़न, अवसाद व क्लेश के मद में निर्णय के 8 सप्ताह के भीतर 20 लाख रुपये भी विपक्षीगण अदा करेंगे। यदि यह समस्त धनराशि 08 सप्ताह के अंदर अदा नहीं की गई तो ब्याज की दर 15 प्रतिशत वार्षिक की दर से होगी। ठीक इसी तरह का दूसरा प्रकरण भी इसी पीठ केसमक्ष पेश हुआ जिसमें परिवादी सचिन भटनागर ने इसी योजना में फ्लैट बुक कराया था। उनका फ्लैट भी समय से नहीं दिया गया। पीठ ने इस प्रकरण में भी पहले प्रकरण की तरह ही निर्णय सुनाया। विपक्षी को बीस लाख रुपये व अन्य हर्जाना देना होगा।

## केआईएसएस को यूनेस्को इंटरनेशनल लिट्रेसी अवार्ड

**भुवनेश्वर (वि)।** कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस) ने यूनेस्को किंग सेजांग लिट्रेसी प्राइज-2022 जीता है। केआईएसएस को यह सम्मान मातृ भाषा आधारित बहुभाषीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दिया गया है। इसे रिपब्लिक आफ कोरिया की ओर से दिया जाता है। अवार्ड के तहत 20,000 यूएस डालर की राशि प्रदान की जाती है। केआईआईटी और केआईएसएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। केआईएसएस के वाइस चांसलर प्रो. दीपक कुमार बेहरा ने मल्टी लैंग्वेल लैब के बारे में जानकारी दी। केआईएसएस के सीईओ और रजिस्ट्रार डॉ. प्रशांत कुमार रोटरी ने इस पर खुशी जाहिर की।




## जेईई एडवांस्ड में एलन के टॉप 30 में 10 क्लासरूम स्टूडेंट

**कोटा (वि)।** जेईई एडवांस्ड के रिजल्ट्स में एलन करिअर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का दबदबा रहा। एलन के टॉप 30 में से 10 क्लासरूम स्टूडेंट रहे। इसके अलावा टॉप 100 में एलन के 34 विद्यार्थी शामिल हैं। एलन करिअर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के कुल 5571 विद्यार्थियों ने काउंसिलिंग के लिए क्वालीफाई किया। इनमें 3910 क्लासरूम विद्यार्थी तथा 1661 दूरस्थ शिक्षा के विद्यार्थी रहे। एलन के क्लासरूम स्टूडेंट माहित राजेश गढ़ीवाला ने आल इंडिया रैंक 09 हासिल की तथा दिव्यांश मालू ने आल इंडिया रैंक-11 हासिल की। इंस्टीट्यूट के छात्र अभिजित आनंद ने गुवाहाटी जोन, कनिष्क शर्मा ने आईआईटी कानपुर जोन तथा एलन के रिलायबल डिवीजन के छात्र मयंक मोटवानी ने दिल्ली जोन में टॉप किया।



## एचबीएम गोल्ड टीएमटी रिबार्स का धमाकेदार प्रवेश

**नई दिल्ली (वि)।** भारतीय निर्माण क्षेत्र में स्टील टीएमटी रिबार्स की बढ़ती मांग को देखते हुए देश की अग्रणी भवन निर्माण सामग्री कंपनी एचबीएम गोल्ड ने बाजार में एचबीएम गोल्ड-550, एसडी ब्रांड नाम से टीएमटी रिबार्स लांच किया है। इसे आज गाजियाबाद जिले के लोनी बाजार में दिल्ली स्टील्स एंड सेनेटरी स्टोर्स पर उपलब्ध कराया गया। एचबीएम गोल्ड के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल कनोडिया ने बताया कि एचबीएम गोल्ड कंपनी के माध्यम से सीमेंट और स्टील के साथ बिल्डिंग मैटेरियल के अन्य सामान भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कंपनी के डायरेक्टर विक्रम अग्रवाल ने बताया कि मैटेरियल की आसानी से उपलब्धता के लिए विशाल नेटवर्क खड़ा किया है। इस मौके पर लोनी के प्रमोटर नितिन गर्ग, जनरल मैनेजर ब्रांड केएन झा तथा सेल्स मैनेजर सुरेंद्र कुमार मौजूद थे।



## इंडियन आयल नए युग के ईवी ग्राहकों की सेवा को तैयार

व्यावसायिक गतिविधि

**नई दिल्ली (वि)।** इंडियन आयल के निदेशक (विपणन) ए सतीश कुमार ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के ग्राहकों और हितधारकों को विश्व ईवी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन अब एक वास्तविकता है तथा इंडियन आयल चुनौतिया का सामना करने के लिए तैयार है। हमारे रिटेल आउटलेट पर ईवी चार्जिंग सहित सभी प्रकार की ऊर्जा की पेशकश शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इंडियन आयल देश भर के अपने 2500 से अधिक स्टेशनों पर चार्जिंग स्टेशन की सुविधा प्रदान कर चुका है। चालू वित्तीय वर्ष तक इसे 4000 तक बढ़ाने की योजना है। आईओसी का लक्ष्य 2046 तक नेट जीरो परिचालन कार्बन उत्सर्जन हासिल करना है।



# ज्ञानवापी : मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक संबंधी वाद पर प्रतिदिन होगी सुनवाई

### मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता के बीमार होने के कारण नहीं हुई सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक और सर्वे में मिले कथित शिवलिंग के पूजा-पाठ के साथ परिसर को हिंदुओं को सौंपने की मांग पर दायर वाद में मंगलवार को मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता के बीमार होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख छह अक्तूबर नियत की है। इसके साथ ही वादी पक्ष के अधिवक्ता शिवम गौड़ के अनुरोध पर अदालत ने छह अक्तूबर से प्रतिदिन सुनवाई करने का आदेश दिया।

सिविल जज फास्ट ट्रैक महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में भगवान आदि विश्वेश्वर मामले में किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद में अंजुमन की तरफ से एक अधिवक्ता के बीमार होने के कारण सुनवाई टालने का अनुरोध किया गया। अदालत ने वाद सुनवाई योग्य है या नहीं के मुद्दे पर रूल 7 नियम 11 के तहत दिए गए आवेदन पर वादी पक्ष की आपत्ति के बाद विपक्षी अंजुमन इंतजामिया को प्रति उत्तर दाखिल करने के लिए आदेश दिया है। अदालत में वादी की तरफ से मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़ और अनुपम द्विवेदी, एडीजीसी सिविल सुलभ प्रकाश और अंजुमन की तरफ से मुमताज अहमद आदि उपस्थित रहे। विश्व वैदिक सनातन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बिसेन की पत्नी किरन सिंह की तरफ से वाद दाखिल कर परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक, सर्वे में मिले कथित शिवलिंग के पूजा पाठ के साथ परिसर हिंदुओं को सौंपे जाने की मांग की गई है।

अदालत से यह अंतरिम निषेधाज्ञा आदेश दिए जाने का अनुरोध किया गया है कि आदि विश्वेश्वर की पूजा पाठ करने में अंजुमन इंतजामिया और अन्य विपक्षियों को व्यवधान डालने से रोका जाए।



### अदालत ने मुस्लिम पक्ष को लगाई फटकार

विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख व मुकदमे के पैरोकार जितेंद्र सिंह बिसेन ने दावा किया कि भगवान आदि विश्वेश्वर मामले में किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद में मंगलवार को मुस्लिम पक्ष को जवाब दाखिल नहीं करने पर फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी दी कि यदि छह अक्तूबर तक मुस्लिम पक्ष अपना जवाब फाइल नहीं करता है तो उनका अवसर समाप्त करते हुए न्यायिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रकरण

### सुन्नी वक्फ बोर्ड को नोटिस न पहुंचने पर सुनवाई टली

**मथुरा।** ठाकुर केशवदेव के केस में जिला जज राजीव भारती की अदालत में रिवीजन पर सुनवाई नहीं हो सकी। कारण केस के प्रतिवादीगणों में से एक सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को केस के नोटिस का न मिलना रहा। इसके चलते अदालत ने न केवल केस में 3 अक्तूबर की तारीख लगा दी बल्कि पक्षकार को इस दौरान सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को सूचित करने के लिए भी कहा है। उधर, पक्षकार ने ज्ञानवापी शृंगार गौरी के केस के निर्णय की प्रति जिला जज की अदालत को सौंपी। श्री कृष्ण जन्मस्थान ईदगाह प्रकरण में मंगलवार को सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड अदालत में हाजिर नहीं हो सका। पक्षकार अधिवक्ता महेन्द्र प्रताप सिंह व अधिवक्ता राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि वह तीन अक्तूबर तक सुन्नी सेंटल वक्फ बोर्ड को नोटिस उपलब्ध करा देंगे। शाही ईदगाह के सचिव एडवोकेट तनवीर अहमद ने बताया कि पक्षकार केवल अदालत का समय नष्ट कर रहे हैं। पहले उनके द्वारा हर दिन सुनवाई की मांग की गई । जब सिविल जज ने हर दिन सुनवाई का आदेश किया तब पक्षकार ने बहस नहीं की और अब वह जिला जज की अदालत में सभी प्रतिवादियों को नोटिस तक नहीं दे रहे हैं। संवाद

# यूपी में एक और आईएएस जी श्रीनिवासुलु का इस्तीफा

**लखनऊ।** प्रदेश में एक और आईएएस अधिकारी जी. श्रीनिवासुलु ने अपना इस्तीफा नियुक्ति विभाग को भेज दिया है। 2005 बैच के आईएएस श्रीनिवासुलु यहां विशेष सचिव के पद पर तैनात हैं। हाल ही में उन्हें वित्त विभाग से राजस्व विभाग में भेजा गया था। इस साल स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) मांगने या इस्तीफा देने वाले वे पांचवें आईएएस अधिकारी हैं। वहीं, केंद्र से एनओसी आते ही आईएएस जूथिका पाटणकर और रेणुका कुमार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी। प्रदेश के सभी संबंधित विभागों से इन दोनों के मामले में एनओसी मिल चुकी है।



जी. श्रीनिवासुलु

जी. श्रीनिवासुलु का कार्यकाल जुलाई 2030 तक बचा है। अपने इस्तीफा का कारण उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें बताई हैं। कुछ ही दिनों पहले 2008 बैच के आईएएस और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विद्या भूषण ने वीआरएस के लिए आवेदन किया था, लेकिन न्यू पेंशन स्कीम में वीआरएस का प्रावधान नहीं है। इसलिए सरकारी सेवा से अलग होने के लिए उन्होंने त्यागपत्र भेज दिया है। 2003 बैच के आईएएस अधिकारी विकास गोठलवाल भी वीआरएस के लिए आवेदन कर चुके हैं। उनकी सेवा फरवरी 2038 तक है। नियम है कि 30 साल या 50 वर्ष की आयु पूरी कर चुके आईएएस अधिकारी को राज्य सरकार ही वीआरएस दे सकती है। ये दोनों शर्तें पूरी न करने पर मामला केंद्र को संदर्भित किया जाता है। इसलिए नियुक्ति विभाग गोठलवाल के आवेदन को केंद्र को भेज रहा है। ब्यूरो

# यूपी : दिसंबर के पहले सप्ताह तक होंगे निकाय चुनाव

### अंतिम चरण में चल रहा परिसीमन

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव नवंबर अंतिम या दिसंबर के पहले सप्ताह तक कराए जाएंगे। इसके लिए परिसीमन का कार्य अंतिम चरण में है।

शर्मा ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत निकाय चुनाव समय पर ही कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 756 नगरीय निकाय संस्थाओं में चुनाव होंगे। इनमें 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 539 नगर पंचायत शामिल हैं। इस बार 104 नई नगर पंचायतों का गठन किया गया है। शर्मा ने कहा, परिसीमन पर पार्टी आपत्ति दे सकती है, नियमानुसार समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण निर्धारण व्यवस्था के अनुसार तय होगा। ब्यूरो

- *परिसीमन के बाद तैयार होगी मतदाता सूची : राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्याधिकारी एसके सिंह ने बताया कि निकाय चुनाव का परिसीमन पूरा करने के बाद रिपोर्ट आयोग को भेजी जाएगी। आयोग मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराएगा। फिर वार्ड, चेयरमैन और महापौर का आरक्षण तय किया जाएगा। मतदाता सूची तैयार होने के बाद आयोग चुनाव कार्यक्रम तैयार कर नगर विकास विभाग को भेजेगा।*

## दुष्कर्म में तीन मौलवी कांग्रेस नेता समेत पांच के खिलाफ केस

**मथुरा।** सदर बाजार के सादुल्लाह मस्जिद में शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कर लिया गया है। एसएसपी के आदेश पर मौलवी राशिद, मौलवी सद्दाम, मौलवी हाशिम, प्रबंध समिति सचिव अब्दुल जब्बार व कमाल कुरैशी खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना सदर बाजार के एक मोहल्ले की युवती एक साल से छोटी बहन को पढ़ने के लिए मस्जिद में छोड़ने जाती थी। यहां मौलवी ने शादी का झांसा देकर युवती से एक साल तक दुष्कर्म किया। युवती ने शादी के लिए मौलवी से कहा तो उसने इन्कार दिया। इसकी शिकायत युवती के पिता ने मस्जिद के सचिव से की तो मौलवी को साजिश के तहत भगा दिया। युवती ने दो दिन पूर्व एसएसपी अभिषेक यादव से गुहार लगाई थी। संवाद

इतिहास | ब्रिटिश शासन काल में कलेक्टर रहे फैड्रिक सेलमोन ग्राउस की किताब 'मथुराः ए डिस्ट्रिक्ट मेमोयर' में है उल्लेख

# 158 वर्ष पहले बनकर तैयार हुआ था ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर

**वृंदावन।** जन-जन के आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारीजी महाराज के सेवायत आराध्य की सेवार्थ सर्वस्व समर्पण करने से पीछे नहीं रहते हैं। कई बार मंदिर पर आये संकटकाल में सेवायतों ने तन, मन और धन सहित शहादत तक दी है।

**13 वर्ष में बनकर तैयार हुआ था, 70 हजार रुपये आई थी लागत**

158 वर्ष पहले 13 वर्ष में 70 हजार रुपये की लागत से ठाकुर बांके बिहारी मंदिर बनकर तैयार हुआ था।

मंदिर के सेवायत आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी ने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में फतेहपुर, मैनपुरी, बुलंदशहर एवं मथुरा के जिला कलेक्टर रहे फैड्रिक सेलमोन ग्राउस (वर्ष 1836-93) द्वारा लिखित पुस्तक 'मथुराः ए डिस्ट्रिक्ट मेमोयर' में श्रीबांकेबिहारी मंदिर के इतिहास का उल्लेख किया है। अपनी पुस्तक में लिखा है कि 1864 में बिहारीजी के तेज तर्रार पढ़े-लिखे विद्वान सेवायतों ने 70 हजार रुपयों में 13 वर्षों की मेहनत के बाद बिहारीजी का मौजूदा मंदिर बनाया था। संवाद



## भगदड़ मामला : यूपी सरकार दो सप्ताह में हाईकोर्ट में दाखिल करेगी अपनी योजना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में दर्शनार्थियों की सुरक्षा, उनके उचित रखरखाव की योजना बनाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की गई। प्रदेश सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सरकार के समक्ष 10 सितंबर को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। सरकार इस रिपोर्ट का परीक्षण कर रही है। कोर्ट से दो सप्ताह का समय कार्य योजना को प्रस्तुत करने के लिए मांग की गई। कोर्ट ने दो सप्ताह बाद 28 सितंबर को इस जनहित याचिका पर फिर से सुनवाई करने का निर्देश दिया है।

मामले में मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल एवं न्यायमूर्ति जेजे मुनीर की खंडपीठ अनंत शर्मा व अन्य की तरफ से दाखिल इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने पिछली तारीख पर भगदड़ तथा इसमें हुई मौत का उल्लेख करते हुए सरकार से तीर्थयात्री व दर्शनार्थियों की सुरक्षा की प्रस्तावित कार्य योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। ब्यूरो

राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है। -महात्मा गांधी

**गोगरा-हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में स्थित पीपी-15 से भारत और चीन की सेनाओं की वापसी से निश्चित रूप से इस क्षेत्र में 28 महीने से जारी तनाव को घटाने में मदद मिलेगी। लेकिन चीन से सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि यह तनाव उसकी भड़काने वाली कार्रवाई से ही पैदा हुआ था।**

## चौथे दौर की वापसी

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक गोगरा-हॉटस्प्रिंग क्षेत्र में स्थित पीपी-15 से भारत और चीन की सेनाओं की वापसी से निश्चित रूप से इस क्षेत्र में 28 महीने से जारी तनाव को घटाने में मदद मिलेगी, लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय ने जिस तरह से भारत पर कथित रूप से 'यथास्थिति' को बदलने का आरोप लगाया है, उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह बयान दोनों पक्षों के बीच सोमवार तक पीपी-15 से सेनाओं की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने पर बनी सहमति के बाद दिया है, जिससे चीन की नीयत का पता चलता है। वास्तविकता यह है कि पूर्वी लद्दाख में मौजूदा तनाव 28 महीने पहले अप्रैल-मई, 2020 में एलएसी के नजदीक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की भड़काने वाली कार्रवाई से पैदा हुआ था, जिसके कारण उसी साल जून में दोनों पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे और चीन के तीस से अधिक जवान मारे गए थे। दरअसल चीन हमेशा एलएसी पर यथास्थिति को भंग करने की कोशिश करता रहता है, उसकी यह कार्रवाई भी इसी विस्तारवादी नीति का हिस्सा थी। उसका रवैया इसी से समझा जा सकता है कि तनाव के बिंदु से सैनिकों की वापसी का यह चौथा दौर एक साल बाद संभव हो पाया है, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच सैन्य कमांडर स्तर की बातचीत में गतिरोध आ गया था। मौजूदा वापसी के लिए इसी साल जुलाई में हुई 16वें दौर की बैठक में सहमति बनी थी। इससे पहले गलवान घाटी, पैंगोंग त्सो और गोगरा (पीपी 17) से सैनिकों की वापसी हो गई है, और दोनों पक्षों ने अस्थायी ढांचे हटा लिए हैं। पीपी-15 चौथा ऐसा तनाव का क्षेत्र है, जहां से सैनिकों की वापसी से निश्चय ही इस क्षेत्र में शांति कायम करने और स्थिरता लाने में मदद मिलेगी। दोनों पक्षों द्वारा ताजा कार्रवाई को लेकर जारी बयान में स्पष्ट किया गया कि नियोजित



तरीके से दोनों पक्ष पीपी-15 से अपनी सेनाएं हटाएंगे। इसके साथ ही इस क्षेत्र में बफर जोन बनाए जाने पर भी सहमति बनी है। लेकिन गौर किया जाना चाहिए कि यहां तनाव चीन की भड़काने वाली कार्रवाई से पैदा हुआ था और यह तब तक पूरी तरह से खत्म नहीं होगा, जब तक कि देपसांग और डेमचोक में वह अपनी गतिविधियों को विराम नहीं देता है।

# सांस्कृतिक व भाषायी मानसिकता की अनुगूंज

**मीर की पंक्ति है- *आया नहीं ये लफ्ज-ए हिंदी जुबां के बीच* और गालिब ने तो अपनी भाषा को हिंदी ही कहा है। इसलिए जब आप हिंदी की बात करते हैं, तो वस्तुतः उसकी एक आधारभूमि है। ऐसा नहीं हुआ कि आजादी के बाद एकदम से हिंदी संपर्क भाषा या राजभाषा के रूप में थोप दी गई।**

अपने देश में हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा आजादी मिलने के बाद ही मनाया जाने लगा, इसका उद्देश्य यह स्मरण दिलाना था कि भारतीय गणराज्य की राजकीय भाषा हिंदी है। पहले हिंदी के लिए राष्ट्रभाषा शब्द ज्यादा सुनाई पड़ता था, लेकिन धीरे-धीरे लोगों के दिमाग में यह बात आने लगी कि केवल हिंदी ही राष्ट्रभाषा नहीं है। राष्ट्र की जितनी भी भाषाएं हैं, वे राष्ट्रभाषा हैं। इस पर काफी बहस भी हुई है। इसलिए अब हिंदी को राष्ट्रभाषा से ज्यादा राजकीय भाषा या राजभाषा कहा जाने लगा है। केंद्र या राज्यों के बीच सूचनाओं एवं पत्र-व्यवहार के लिए हिंदी को संपर्क भाषा माना जाता है। इसका व्यावहारिक उपयोग कितना होता है, यह अलग बात है।



**विश्वनाथ त्रिपाठी**
*वरिष्ठ साहित्यकार*

आजादी के बाद राजकीय भाषा के रूप में हिंदी की घोषणा स्वाभाविक बात थी, हालांकि इसको लेकर संविधान सभा में काफी बहस भी हुई। हिंदी और इसकी बोलियां भारतवर्ष में विद्रोह, आंदोलन की भाषा रही हैं। इसे आप भक्ति आंदोलन और स्वाधीनता आंदोलन से जोड़ सकते हैं। पहली रचना जो हमारे देश में हिंदी की मिलती है, वह रामानंद की मिलती है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वह भक्ति आंदोलन को दक्षिण भारत से उत्तर भारत में ले आए- *भक्ति द्रविड़ उपजी लाए रामानंद, प्रकट किया कबीर ने, सात दीप नौ खंड।* वह सिर्फ भक्ति आंदोलन ही नहीं लाए, बल्कि यहां की भाषा में उन्होंने अपनी भक्ति का प्रचार किया। इसी तरह से जब वली दकनी दक्षिण से दिल्ली आए, तो वह अपने साथ अपनी भाषा लेकर आए, जिसे दकनी हिंदी कहा जाता है, जिसे आजकल उर्दू वाले अपनी भाषा मानते हैं, क्योंकि वली दकनी उर्दू के शायर हैं। इसी तरह 1857 का जो स्वतंत्रता आंदोलन था, वह हिंदी और उर्दू में साथ-साथ चला था। बहादुरशाह जफर के नाम से एक शेर प्रसिद्ध है-*हिंदियों में बू रहेगी जब तलक ईमान की, तख्ते लंदन तक चलेगी तेग हिंदुस्तान की।* यह दिलचस्प है कि भाषा के लिए जो हिंदी शब्द है, वह मुसलमानों का



दिया हुआ है। पुरुषोत्तम दास टंडन से पहले भाषा-विशेष के रूप में हिंदी शब्द का इस्तेमाल मीर और गालिब ने किया है। मीर की पंक्ति है- *आया नहीं ये लफ्ज-ए हिंदी जुबां के बीच* और गालिब ने तो अपनी भाषा को हिंदी ही कहा है। इसलिए जब आप हिंदी की बात करते हैं, तो वस्तुतः उसकी एक आधारभूमि है। ऐसा नहीं हुआ कि आजादी के बाद एकदम से हिंदी संपर्क भाषा या राजभाषा के रूप में थोप दी गई। असल में हमारी जो सांस्कृतिक भाव-भूमि थी या आजादी पाने के लिए हमारी जो मानसिकता थी, उसी का परिणाम था हिंदी को संपर्क भाषा या राजभाषा के रूप में बढ़ावा देना।

जब हमें आजादी मिली, तो वह एक तरह से भारत का गैर-उपनिवेशीकरण था, क्योंकि आजादी अपने-आप में उपनिवेशवाद विरोधी अवधारणा है। हमने जो *भारत छोड़ो* का नारा दिया था, वह सिर्फ अंग्रेजों के लिए ही नहीं, बल्कि अंग्रेजी और अंग्रेजियत के लिए भी था। और यह काम किस पैमाने पर हुआ था, उसे देखने की जरूरत है। भारतीय गणराज्य का जो प्रतीक वाक्य चुना गया, वह है *सत्यमेव जयते।* हाउस ऑफ कामन्स के लिए हमारे यहां लोकसभा शब्द बनाया गया, जो ज्यादा स्वाभाविक लगता है। इसी तरह सड़कों-बस्तियों (राजपथ, जनपथ, चाणक्यपुरी, कौटिल्य मार्ग, शांति पथ, सत्य मार्ग, विनय मार्ग) और संस्थाओं के स्वाभाविक से नाम रखे गए थे। यह सब जो हो रहा था, वह केवल भाषायी आंदोलन का परिणाम नहीं था, बल्कि हमारी राजनीतिक और सामाजिक समझ थी। योजनाबद्ध तरीके से देश के विकास का जो सपना था, किसी भी उपनिवेश या साम्राज्यवादी ताकत से अलग रहने की जो हमारी गुटनिरपेक्षता की नीति थी, वह हमारी सांस्कृतिक और भाषायी मानसिकता की अनुगूंज थी।

एक और बात ज्यादा सावधानी से समझने की जरूरत है कि हिंदी का अपना एक वृहत्तर भाषा-क्षेत्र है, जिसे हिंदी हृदय प्रदेश कहा जाता है। इसमें कई राज्य शामिल हैं। आजादी के बाद इन राज्यों ने बिना दबाव के स्वतः स्वयं को हिंदी राज्य घोषित किया था। हिंदी का अखिल भारतीय होना सिर्फ इन्हीं हिंदी प्रदेशों पर निर्भर नहीं है, बल्कि हिंदीतर भाषी राज्यों और क्षेत्रों पर निर्भर है। हमारी जनतांत्रिक मानसिकता की मांग यही है।

आजादी के बाद हिंदी का विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थाओं में प्रचार-प्रसार और उपयोग बढ़ा है, अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रशासनिक हिंदी के शब्द धड़ल्ले से प्रयोग होने लगे हैं, जैसे- पंचायत, पंजीकरण आदि। विदेशों में भी जो हिंदी का प्रचार-प्रसार हुआ है, उसका आधार मजदूर वर्ग है। औपनिवेशिक शासन के दौरान हमारे यहां से जो गिरमिटिया मजदूर ले जाए गए थे, वे अपने साथ *रामचरित मानस*, कबीरदास, रैदास आदि का साहित्य भी ले गए थे। यही वजह है कि आज फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम, ट्रिनिडाड, और अन्य कैरिबियाई देशों में हिंदी प्रचलित है। लेकिन दुखद है कि इन सबके बावजूद देश में अंग्रेजी का वर्चस्व अब भी कायम है। अंग्रेजी का प्रभाव इस हद तक बढ़ रहा है कि हमारे बच्चे अब ग्यारह, बारह, छियासठ, सड़सठ नहीं समझते हैं, बल्कि अंग्रेजी के अंकों को ही समझते और बोलते हैं। ऐसा केवल अंकों के मामले में नहीं है, बल्कि जीवन-शैली, पोशाक आदि विभिन्न मामलों में है। इसका मूल कारण है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय बाजार की भाषा है, जो अंग्रेजियत की मानसिकता को बढ़ावा देती है। हमारे यहां यह मानसिकता अपसंस्कृति का कारण बन रही है।

हालांकि बाजार ने अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में हिंदी को काफी बढ़ावा दिया है, लेकिन भाषा जब अवसरवाद से जुड़ जाती है, विवेकहीन हो जाती है, तो वह भाषा का विकास नहीं करती। यह मत भूलिए कि हिंदी आंदोलनों और विद्रोह के अलावा दरबार की भाषा भी रही है। भाषा का विकास जोखिम उठाकर ही हो सकता है। अन्य भारतीय भाषाओं पर हिंदी का वर्चस्व भी ठीक नहीं है। अंग्रेजियत की मानसिकता हमारी स्वाधीन मनोवृत्ति को क्षति पहुंचा रही है और अपसंस्कृति का प्रसार करती है, जो हिंदी भाषा को भी नुकसान पहुंचा रही है। हिंदी का विकास हमारे देश के आर्थिक विकास और अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के साथ ही जुड़ा हुआ है। बेशक अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में हिंदी में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लेकिन अंग्रेजी की तुलना में नहीं।



पुरुषोत्तम दास टंडन
(1882-1962)

### आजादी के अमृत कथन

मैं पूरी तरह से उस अच्छाई को स्वीकार करने के लिए तैयार हूं, जो पश्चिम हमें दे सकता है। लेकिन जो पश्चिम में है, जरूरी नहीं कि वह अच्छा ही हो।

## दक्षिण भारत के लोग हिंदी से अपरिचित नहीं हैं

**अध्यक्ष** महोदय, श्री गोपालस्वामी आयंगर ने जो भाषण दिया, वह उनके द्वारा किए गए प्रस्तावों की भावना को दर्शाता है। उनके अनुसार, अंग्रेजी भाषा के बल पर ही आजादी मिली, और इसलिए प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए अंग्रेजी को बनाए रखना आवश्यक है।

मैं इस सदन के माननीय सदस्यों से इनके विचारों की थोड़ी बारीकी से जांच करने का अनुरोध करता हूं, यह याद करते हुए कि आज हम जो कुछ भी करते हैं वह केवल खुद से या विभिन्न राज्यों के उन कुछ पुरुषों और महिलाओं से संबंधित नहीं है, जो अंग्रेजी में शिक्षित हुए और अंग्रेजी भाषा के बल पर पुष्पित-पल्लवित हुए, बल्कि हमारे ये निर्णय उन लाखों पुरुषों और महिलाओं के जीवन को प्रभावित, प्रेरित करेंगे और आकार देंगे, जिनका अंग्रेजी भाषा से कोई संपर्क नहीं है या जिनके लिए अंग्रेजी से संपर्क असंभव है और जिन्हें अपनी वर्तमान स्थिति से ऊपर उठाना है और लोकतंत्र और प्रशासन के तरीकों में प्रशिक्षित करना है। श्रीमान, हमें यह भी याद रखना होगा कि आज हम जो निर्णय लेंगे, वे न केवल वर्तमान पीढ़ी को प्रभावित करेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी आकार देंगे।



मैं बस यही कहता हूं कि हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया गया है और यही वह भाषा है, जिसमें आज सभी आधिकारिक नियम और अधिनियम पारित किए जा रहे हैं।

मैं पूरी तरह से उस अच्छाई को स्वीकार करने के लिए तैयार हूं, जो पश्चिम हमें दे सकता है। लेकिन मैं यहां मौजूद हर व्यक्ति से यह याद रखने के लिए कहता हूं कि पश्चिम में हर चीज जो चमकती है, वह सोना नहीं है। जो पश्चिम में है, जरूरी नहीं कि वह अच्छा ही हो। हमारे अपने देश ने उच्च कोटि की अवधारणाओं और परंपराओं का निर्माण किया है, जो समय के साथ पूरी मानवता के भविष्य को प्रभावित करने की संभावना रखता है। इन्हीं सिद्धांतों के आलोक में मैं चाहता हूं कि माननीय सदस्य उस मसौदे की जांच करें, जिसे मित्र श्री गोपालस्वामी आयंगर ने स्वीकृति के लिए रखा है।

मैंने सोचा था कि बहुत जल्दी हम लोगों के पास जा सकेंगे और उनकी समझ में आने वाली भाषा में काम कर सकेंगे। मैं यह नहीं भूलता कि हमारे उन भाइयों के लिए, जो यहां दक्षिण भारत से आए हैं, हिंदी सीखना आसान नहीं होगा, जिसे आधिकारिक भाषा बनाया जाना प्रस्तावित है। साथ ही मैं यह निवेदन करता हूं कि दक्षिण के लोग हिंदी से अपरिचित नहीं हैं। वर्ष 1918 में दक्षिण भारत में हिंदी का काम शुरू हुआ और इस अवधि के दौरान कई लाख पुरुषों और महिलाओं ने हिंदी सीखी और जैसा कि यहां बैठे मेरे मित्र श्री मोटूरी सत्यनारायण आपको बेहतर बता सकते हैं, हर साल लगभग 55 से 60 हजार परीक्षार्थी दक्षिण भारत हिंदी द्वारा आयोजित हिंदी परीक्षाओं में बैठते हैं, जिसे हाल ही में हिंदुस्तानी प्रचार सभा नाम दिया गया है।

मैं बस यही कहता हूं कि हिंदी को संयुक्त प्रांत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया गया है और यही वह भाषा है, जिसमें आज सभी आधिकारिक नियम और अधिनियम पारित किए जा रहे हैं। निस्संदेह अंग्रेजी में अब भी काफी काम हो रहा है, लेकिन धीरे-धीरे वह काम भी हिंदी भाषा के माध्यम से ही हो जाएगा।

*-14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा में हिंदी पर दिए गए भाषण के संपादित अंश*

**दूसरा पहलू**

चंद्रमा के लिए नासा के नए मिशन का नाम एक प्राचीन चंद्र देवी के नाम पर है, जो नारीवादी आइकन बन गईं।

## चंद्र अभियान आर्टमिस के जरिये पौराणिक संदेश

**आर्टमिस**-1 जल्द ही बिना किसी क्रू के चंद्र अभियान के लिए एक रॉकेट भेजेगा। उसका यह अभियान एक माह का है। इसे इस तरह तैयार किया गया है, जिससे अंतरिक्ष संबंधी खोजों में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। इसमें तीस फीसदी इंजीनियर महिलाएं हैं। इसके अलावा आर्टमिस-1 अभियान महिलाओं के शरीर पर विकिरण के प्रभावों का अध्ययन करने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए दो पुतले भी ले जाएगा, ताकि नासा यह अध्ययन कर सके कि महिला अंतरिक्ष यात्रियों की बेहतर सुरक्षा कैसे की जाए।

अभी पुरुषों की तुलना में महिला अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन के लिए चुने जाने की संभावना कम है, क्योंकि नासा के विकिरण की अधिकतम स्वीकार्य सीमा का प्रभाव उनमें पहले होता है। नासा को उम्मीद है कि 2024 के बाद कभी पहली महिला और अश्वेत व्यक्ति को आर्टमिस-3 के जरिये चंद्रमा में भेजा जा सकेगा। यूनानी पौराणिक कथाओं की अध्येता होने के नाते मुझे इसका नाम काफी विचारोत्तेजक लगता है : यूनान और रोमन ने आर्टमिस को चंद्रमा से जोड़ा था और वह एक आधुनिक नारीवादी प्रतीक भी बन गई है।



**मैरी क्लेएर ब्यूली**

इसे इस तरह तैयार किया गया है, जिससे अंतरिक्ष संबंधी खोजों में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। इस में तीस फीसदी इंजीनियर महिलाएं हैं।

आर्टमिस प्राचीन यूनान की एक प्रमुख देवी थी। वह ओलंपियन के मुख्य देवता जीउस की बेटी थी, जिसने माउंट ओलंपस के शिखर से दुनिया पर शासन किया था। वह सूर्य और दैवज्ञ के देवता अपोलो की जुड़वां बहन भी थीं। आर्टमिस की स्वतंत्रता और ताकत ने लंबे समय से महिलाओं को प्रेरित किया है। आर्टमिस ने पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों को भी प्रेरित किया है। नासा का अपने मिशनों का नामकरण पौराणिक हस्तियों के नाम पर करने का एक लंबा इतिहास रहा है। 1950 के दशक की शुरुआत में, कई रॉकेट और लॉन्च सिस्टम के नाम यूनानी आकाश देवताओं के नाम पर रखे गए थे, जैसे एटलस और सैटर्न, जिनका यूनानी नाम क्रोनोस है। अंतरिक्ष शटल कार्यक्रम 1981 से 2011 तक चला और उसने पौराणिक उपनाम त्यागकर कोलंबिया, चैलेंजर, डिस्कवरी, अटलांटिस और एंडेवर जैसे नाम नवाचार की भावना पैदा करने के लिए इस्तेमाल किए। आर्टमिस के साथ, नासा अपोलो कार्यक्रम की ओर लौट रहा है, जो 1963 से 1972 तक चला और 1969 में जिसके जरिये चंद्रमा पर पहली बार मनुष्य ने कदम रखे थे। 50 से अधिक वर्षों के बाद आर्टमिस अभियान इस सिलसिले को वहां से आगे बढ़ाएगा, जहां उसके जुड़वां भाई ने उसे छोड़ दिया था। इस तरह अब और अधिक विविधता के साथ मानव अंतरिक्ष उड़ान का युग शुरू हो रहा है।



**नासा का अपने मिशनों का नामकरण पौराणिक हस्तियों के नाम पर करने का लंबा इतिहास रहा है। 1950 के दशक की शुरुआत में, कई रॉकेट के नाम यूनानी आकाश देवताओं के नाम पर रखे गए थे।**

**आंकड़े**

### देश में आत्महत्या

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, देश में वर्ष 2017 और 2021 के बीच आत्महत्याओं की संख्या में 26 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है।

| वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2021 | 1,64,033 |
| 2020 | 1,53,052 |
| 2019 | 1,39,123 |
| 2018 | 1,34,516 |
| 2017 | 1.29,887 |

स्रोत : Accidental Deaths and Suicides in India 2021, NCRB

दिव्य पुरुष ने कहा, 'प्रत्येक शुभ कार्य में पत्नी को साथ रखना चाहिए। तुमने पत्नी को साथ बिठाए बिना श्राद्ध किया, जो कि धर्म विरुद्ध कार्य है।

## असली श्राद्ध

**अंतर्यात्रा**
शिवकुमार गोयल

**काशी** में कृकल नामक वैश्य रहता था। वह और उसकी पत्नी, दोनों परम धर्मात्मा और परोपकारी थे। एक बार कृकल की इच्छा हुई कि तीर्थस्थलों पर जाकर धार्मिक अनुष्ठान, जप-दान आदि किए जाएं। उसकी पत्नी भी तीर्थयात्रा पर जाना चाहती थी, किंतु इस आशंका से कि कहीं वह बीमार न पड़ जाए, कृकल उसे अपने साथ नहीं ले गए। पितृपक्ष के दौरान उन्होंने एक नदी के पावन तट पर विधि-विधान से अपने माता-पिता और अन्य पूर्वजों का श्राद्ध किया। उन्हें यह विश्वास था कि श्राद्ध से उनके पितर संतुष्ट हुए होंगे। अचानक उन्हें लगा कि कोई दिव्य पुरुष उनके पितरों को बंधन में बांधे खड़ा है। कृकल ने यह देखा, तो दुखी होकर पूछा कि जब उन्होंने विधिवत इनका श्राद्ध कर दिया है, तो इन्हें बंधन में क्यों बांधा गया है?

दिव्य पुरुष ने कहा, 'तुमने पत्नी के बगैर तीर्थयात्रा पर आकर धर्म विरुद्ध कार्य किया है। प्रत्येक शुभ कार्य में पत्नी को साथ रखना चाहिए। बिना पत्नी को बगल में बिठाए पितरों का श्राद्ध करने से तुम्हारे पितर भी संतुष्ट नहीं हुए और बंधन में जकड़े रहे। अब तुम घर लौटकर पत्नी के साथ मिलकर दोबारा श्राद्ध करो, तभी इनकी मुक्ति होगी।'

उन्होंने ऐसा ही किया, तभी उनके पितरों को तृप्ति मिली।

*(अमर उजाला आर्काइव से)*

**पुराने पन्नों से**

## संपर्क की भाषा हिंदी के अलावा और कोई नहीं: नेहरू


अमर उजाला
THE DAILY AMAR UJALA
सम्पर्क की भाषा हिन्दी के अलावा और कोई नहीं: नेहरू

**प्रधानमंत्री नेहरू ने कहा कि मैंने जो आश्वासन दिया था कि अहिंदी भाषी लोगों की अनुमति के बिना अंग्रेजी के प्रयोग के संबंध में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा, उस पर हम पूर्णतः कायम हैं। लेकिन अंग्रेजी राष्ट्रभाषा नहीं हो सकती।**

अमर उजाला, 25 अप्रैल, 1963

# जोड़ने वाली जुबान बनती हिंदी



**भारत-पाकिस्तान के बीच भले ही विरोधी माहौल हो, लेकिन अगर हिंदी हमें जोड़ने का माध्यम बन रही है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए।**

उमेश चतुर्वेदी | हिंदी दिवस

हिंदी को लेकर संविधान सभा की बहस पर बहुत चर्चा हो चुकी है। संविधान को अंगीकृत करते वक्त सेठ गोविंद दास ने जो कहा था, उसे याद किया जाना बहुत जरूरी है। संविधान सभा में उन्होंने कहा था, 'मुझे एक ही बात खटकती है और वह सदा खटकती रहेगी कि इस प्राचीनतम देश का यह संविधान देश के स्वतंत्र होने के पश्चात विदेशी भाषा में बना है। ....हमारी गुलामी की समाप्ति के पश्चात, हमारे स्वतंत्र होने के पश्चात जो संविधान हमने विदेशी भाषा में पास किया है, हमारे लिए सदा कलंक की वस्तु रहेगी। यह गुलामी का धब्बा है, यह गुलामी का चिह्न है।' चूंकि सेठ गोविंददास सिर्फ राजनेता नहीं, हिंदी के प्रतिष्ठित रचनाकार भी थे। हिंदी के प्रति अपने सम्मान और अपने प्यार के ही चलते शायद उन्होंने इतनी कठोर बात कहने की हिम्मत की।

सेठ गोविंद दास जैसी भाषा और हिंदीप्रेमियों की भाषा



भले ही न हो, लेकिन हिंदी को लेकर उनकी सोच ऐसी ही है। यह सच है कि मूल रूप से अगर संविधान अपनी भाषा में लिखा गया होता, तो उसका भाव दूसरा होता और उसका संदेश भी। चूंकि आजादी मिलने के बाद लोगों के सामने देश को बनाने का उदात्त सपना था, समूचा देश इसके लिए एकमत भी था। तब हिंदी को सही मायने में सांविधानिक दर्जा दिलाया भी जा सकता था। लेकिन जैसे-जैसे इसमें देर हुई, वैचारिक वितंडावाद बढ़ता गया। वोट बैंक की राजनीति भी बढ़ती गई और जैसे-जैसे राजनीति का लक्ष्य सेवा के बजाय सत्ता साधन होता गया, वैसे-वैसे हिंदी ही क्यों, अन्य भाषाओं की राजनीति भी बदलती गई।

लेकिन किसे पता था कि बीसवीं सदी की शुरुआत में जो दुनिया समाजवाद और मार्क्सवाद के इर्द-गिर्द समाजवादी दर्शन की बुनियाद पर आगे बढ़ने की बात कर रही थी, वह इसी सदी के आखिरी दशक तक आते-आते उस ट्रिकल डाउन सिद्धांत के भरोसे खुद को पूंजीवादी व्यवस्था को सौंप देगी! बाजार ने जैसे-जैसे समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पैठ बढ़ानी शुरू की, खुद को अभिव्यक्त करने और खुद की पहुंच बढ़ाने के लिए उसने स्थानीय भाषाओं को माध्यम बनाना शुरू किया। उसे स्थानीय भाषाएं ही साम्राज्यवादी भाषाओं की तुलना में ज्यादा मुफीद नजर आईं। रही-सही कसर तकनीकी क्रांति ने पूरी कर दी। तकनीक और बाजार के विस्तार के साथ स्थानीय भाषाओं का तेजी से विस्तार हुआ और हिंदी भी उसी तरह बढ़ती गई। उसने अपनी पहुंच और पैठ के इतने सोपान तय किए, जिसे परखने के लिए गहरे शोध की जरूरत है।

कहने को तो हर साल ऑक्सफोर्ड शब्दकोश में हिंदी के कुछ शब्दों को जगह मिल रही है, इससे हम गर्वित भी होते हैं। जिस साम्राज्यवाद ने हमें करीब दो सौ साल तक गुलाम रखा, जिसने हमारी भाषाओं को गुलाम भाषा का दर्जा ही दे दिया, वे अगर हमारे शब्दों को अपने यहां सादर स्वीकार कर रहे हैं, तो उसके लिए गर्वित होना भी चाहिए।

तकनीक ने हिंदी का विस्तार सात समंदर पार तक पहुंचा दिया है। अपने वतन और माटी से दूर रहने वाले लोग अपनी पहचान और अपनी एकता के लिए अपनी माटी को ही बुनियाद बनाते हैं। अब इस बुनियाद में भारतीय भाषाएं भी जुड़ गई हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के लोग भी विदेशी धरती पर खुद की पहचान हिंदी या हिंदुस्तानी जुबान के जरिये बनाने की कोशिश करते हैं। भारतीय उपमहाद्वीप की अपनी सरजमीन पर भारत-पाकिस्तान के बीच भले ही विरोधी माहौल हो, लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप से दूर सात समंदर पार अगर हिंदी हमें जोड़ने का साधन और माध्यम बन रही है, तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए। हिंदी को इस चुनौती को भी स्वीकार करना होगा, ताकि उसका रूप और विकसित हो तथा वह सीमाओं के आर-पार की मादरी जुबान की तरह विकसित हो सके। वैसे जिस तरह बाजार इस मोर्चे पर हिंदी को आधार दे रहा है, उससे साफ है कि हिंदी यह लक्ष्य भी जल्द हासिल कर लेगी। इसलिए उसे तैयार होना होगा। यह तैयारी शब्द संपदा बढ़ाकर, उसकी बुनियादी पहचान बनाकर, ज्ञान-विज्ञान की भाषा के तौर पर उसका व्यवहार बढ़ाकर की जा सकती है।

# जम्मू-कश्मीर एसआई भर्ती घोटाला...सीबीआई ने दिल्ली समेत छह राज्यों के 36 जगहों पर मारे छापे

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर सब इंस्पेक्टर भर्ती घोटाला मामले में छह राज्यों के 36 ठिकानों पर छापे मारे। यूपी के गाजियाबाद, हरियाणा के नारनौल, रेवाड़ी और करनाल में दबिश देकर बैंक खाते, लैपटॉप से जानकारियां जुटाईं।

अगस्त से इस मामले की चल रही जांच से मिले सुराग के बाद एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर सर्विस सेलेक्शन बोर्ड (जेकेएसएसबी) के पूर्व अध्यक्ष खालिद जहांगीर और परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार के निवास समेत अन्य ठिकानों पर भी दबिश दी। अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी व अन्य अधिकारियों के यहां भी छानबीन की गई। हरियाणा के अलावा जम्मू, श्रीनगर, गांधीनगर, गाजियाबाद, बंगलूरू और दिल्ली में कार्रवाई की गई। 36 लोगों को नामजद किया है। इसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के मेडिकल ऑफिसर डॉ. करनैल सिंह और जेकेएसएसबी के अधिकारी भी शामिल हैं। ब्यूरो

### 1,200 पदों के लिए चार जून को हुई थी परीक्षा

चार जून को जेकेएसएसबी ने परीक्षा के बाद 12,000 सफल परीक्षार्थियों की सूची जारी की थी। इनमें 97,000 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। जेकेएसएसबी ने बंगलूरू की एक एजेंसी को भर्ती कराने का जिम्मा दिया था। पेपर हरियाणा में प्रकाशित किए गए थे। आरोप है कि पेपरों को अलग-अलग जगह लीक किया गया।

**यह है आरोप...**छात्रों का आरोप था कि एक खास कोचिंग संस्थान के छात्रों को ही पास किया गया है। मामले को तूल पकड़ता देख उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने परीक्षा रद्द करते हुए जांच के आदेश दिए। बाद में सिन्हा ने जांच सीबीआई को सौंप दी। एजेंसी ने अगस्त महीने में एफआईआर दर्ज कर जम्मू-कश्मीर और बंगलूरू में छापे मारे थे।

# सुविधाओं के बाद भी नहीं घटी विचाराधीन कैदियों की संख्या

## इंडिया जस्टिस रिपोर्ट में खुलासा, 10 में से आठ कैदी ट्रायल खत्म होने का कर रहे इंतजार

**नई दिल्ली।** आधुनिक सुविधाओं के बावजूद जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या कम नहीं हो रही। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अनुसार, जेलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तकनीक के इस्तेमाल के बाद भी जेल में बंदी बने रहने की औसत समयसीमा में कमी नहीं आई है। इन सुविधाओं के बाद भी ट्रायल की अवधि में कमी नहीं आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2019 से 2021 के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तकनीक का इस्तेमाल 808 जेलों में (कुल जेलों का 60%) से बढ़कर 1102 जेलों (84%) में किया गया। इस तकनीक का उद्देश्य मामले का निस्तारण शीघ्रता से करना है। देश के 13 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की 100%, जबकि चार राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की आधे से कम जेलों में ये तकनीक मौजूद है। देश की सभी 1,319 जेलों में कैदियों की संख्या दिसंबर, 2020 में 4,88,511 थी, जो 2021 में बढ़कर 5,54,034 हो गई। कोविड-19 की दूसरी लहर के बावजूद जेलों में कैदियों की संख्या 118% से बढ़कर 130% हो गई। देश में लगभग 10 में आठ कैदी ट्रायल खत्म होने के इंतजार में हैं। रिपोर्ट हर साल टाटा ट्रस्ट के द्वारा प्रकाशित की जाती है, जिसमें राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाता है। एजेंसी

**■ जेलों में क्षमता से ज्यादा कैदी**

रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में 54,287 (14.6%) विचाराधीन कैदियों ने जेल में एक से दो साल का समय बिताया, जबकि 2021 में 56,233 (13.16%) विचाराधीन कैदियों ने इतना ही समय जेल में बिताया। दिसंबर, 2021 में देश के 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में से 19 में जेलों में क्षमता से 100.2% से 185% अधिक कैदियों को रखा गया है।

**■ दिल्ली में 10 में से नौ अंडरट्रायल**

पांच सालों से ज्यादा समय से जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की सबसे बड़ी संख्या यूपी और महाराष्ट्र में है। दिल्ली की जेलों में 91% विचाराधीन कैदी हैं। यानी 10 में नौ कैदी अंडरट्रायल हैं। देश में हुए 24,033 अंडरट्रायल को पूरा होने में तीन से पांच वर्ष का समय लगा, जबकि 11,490 में पांच साल से भी अधिक का समय लग गया।

- **इन कारणों से बढ़ी मुकदमों की अवधि...**कोविड प्रतिबंधों ने मुकदमों की अवधि को बढ़ा दिया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तकनीक ने निःसंदेह कानूनी प्रक्रियाओं पर आने वाली लागत को कम किया, लेकिन कैदियों की निगरानी में काफी मानवीय क्षमता लगानी पड़ी।
- **कोविड प्रतिबंध के बीच बढ़ रही थीं गिरफ्तारियां...**रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में 1.47 करोड़ लोगों को गिरफ्तार किया गया। 2020 की तुलना में ये आंकड़ा 7.7 लाख अधिक था। ये आंकड़ा एक विशेष चिंताजनक स्थिति उत्पन्न करता है, क्योंकि 2021 लगातार ऐसा दूसरा साल था जब पूरे देश में भीड़भाड़ को कम करने के प्रयास किए जा रहे थे।

## न्यूज डायरी

### खराब मौसम के चलते कमलनाथ के हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग



**भोपाल।** मप्र के पूर्व सीएम कमलनाथ और दो अन्य कांग्रेस नेताओं को ले जा रहे हेलिकॉप्टर की मंगलवार दोपहर खराब मौसम के कारण सीहोर शहर के एक कॉलेज के मैदान में आपात लैंडिंग करानी पड़ी। पूर्व सीएम के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने बताया, कमलनाथ, जेपी अग्रवाल व जयवर्धन सिंह एक रैली में भाग लेकर आगर मालवा से भोपाल लौट रहे थे। खराब मौसम के चलते हेलिकॉप्टर को उतरना पड़ा। एजेंसी

### छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 20 किलो वजनी दो बम बरामद

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने लगभग 20 किलोग्राम वजन के दो पाइप बम बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे गश्ती दल को सड़क किनारे बम होने की जानकारी मिली। हालांकि, बाद में बम निरोधक ने दो पाइप बम बरामद कर उन्हें निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों ने बताया क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। एजेंसी

### दादरा नगर हवेली में जदयू के 15 सदस्य भाजपा में शामिल

**सिलवासा।** दादरा नगर हवेली के जनता दल (यूनाइटेड) के पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सहित 17 में से 15 जिला पंचायत सदस्यों ने भाजपा का दामन थाम लिया। पाला बदलने वालों में जदयू के निकाय अध्यक्ष धर्मेश चौहान और जिला पंचायत अध्यक्ष भी शामिल हैं। 20 सदस्यीय निकाय वाले दादर और नगर हवेली जिला पंचायत के चुनाव दो साल पहले हुए हुए थे। इसमें भाजपा मात्र 3 सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर रही थी। इनमें 17 सीटें जदयू के खाते में गई थीं। ब्यूरो

### भारत-चीन सेनाओं ने फौज की वापसी को किया सत्यापित

**नई दिल्ली।** भारत और चीन की सेनाओं ने लद्दाख के गोगरा और हॉटस्प्रिंग इलाके में पेट्रोलिंग प्वाइंट 15 से दोनों देशों के सैन्य बलों की वापसी को संयुक्त रूप से सत्यापित किया। यहां किए गए सभी अस्थायी निर्माण भी ढहा दिए गए हैं। 8 सितंबर से शुरू हुई सैन्य बलों की वापसी की प्रक्रिया सोमवार को ही पूरी कर ली गई थी। घटना से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। एजेंसी

### शिवसेना ने कहा, वंशवादी शासन मौजूदा 'निरंकुशता' से बेहतर

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की सराहना करते हुए कहा कि देश की मौजूदा 'निरंकुशता' से वंशवादी शासन बेहतर प्रतीत हो रहा है। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राहुल गांधी के कपड़ों पर निशाना साधने के बजाय उनके द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए। संपादकीय में कहा गया है कि राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे सवालों में दम है और उन्होंने भाजपा का मुंह बंद कर दिया है। एजेंसी

### हिंदुओं के खिलाफ विवादित टिप्पणी पर घिरे ए राजा

**चेन्नई।** द्रमुक सांसद ए राजा द्वारा हिंदुओं को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने राजा के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। दरअसल डीएमके सांसद ए राजा ने नमक्कल में पिछले हफ्ते कार्यक्रम में हिंदुओं के बारे में आपत्तिजनक बातें कही थीं। उन्होंने कहा था कि जब तक आप हिंदू हैं, तब तक आप शूद्र हैं। जब तक आप हिंदू हैं, तब तक आप दलित हैं और जब तक आप हिंदू हैं, तब तक आप अछूत हैं। उन्होंने हिंदुओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में की टिप्पणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करते हुए कहा है, 'सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर आप ईसाई, मुस्लिम और पारसी नहीं हैं, तो आपको हिंदू होना चाहिए। क्या आपने कभी ऐसा अत्याचार किसी दूसरे देश में देखा है। एजेंसी

# उत्तराखंड में भी होगा मदरसों का सर्वे

## मुख्यमंत्री धामी ने दिए आदेश, कहा-प्रदेश में आधे से अधिक मदरसे बिना मान्यता के संचालित

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तरप्रदेश की तर्ज पर उत्तराखंड की धामी सरकार ने भी प्रदेश में संचालित मदरसों का सर्वे कराने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मदरसों के सर्वे को नितांत जरूरी बताया है।

प्रदेश में मदरसा बोर्ड के तहत 419 मदरसे संचालित हैं। इनमें से आधे से अधिक बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। केवल 192 मदरसे वित्त पोषित हैं, जो केंद्र एवं राज्य सरकार से मदद ले रहे हैं। 103 मदरसों का संचालन वक्फ बोर्ड कर रहा है जबकि 500 से अधिक निजी मदरसों के संचालन की भी सूचना है।

सरकार को राज्य में संचालित हो रहे इन मदरसों के संबंध तमाम तरह की शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों की सच्चाई का पता लगाने के लिए सरकार सभी मदरसों का सर्वे कराना चाह रही है। वहीं, समाज कल्याण मंत्री चंदनराम दास तो पहले ही सरकार की मदद से संचालित हो रहे मदरसों की जांच के निर्देश दे चुके हैं। लेकिन मुख्यमंत्री ने सभी मदरसों का सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।



### मदरसों का सर्वे नितांत जरूरी



बहुत सारी जगहों पर मदरसों को लेकर तमाम तरह की बातें सामने आ रही हैं। इसलिए एकबार उनका सर्वे होना नितांत जरूरी है, जिससे सारी वस्तु स्थिति स्पष्ट हो जाए।

**- पुष्कर सिंह धामी, सीएम**

### इन बातों की जाएगी पड़ताल

- प्रदेश में कितने गैर मान्यता प्राप्त मदरसे हैं।
- इनके के लिए कहां से वित्त पोषण हो रहा है।
- किस जिले में कितने गैर मान्यता प्राप्त मदरसे हैं।
- मदरसों में कितने बच्चे तालीम ले रहे हैं।
- मदरसों में किस तरह की शिक्षा दी जा रही है।

### कोई राजनीतिक द्वेष भावना नहीं

समाज कल्याण मंत्री चंदनराम दास का कहना है कि मदरसों की जांच में कोई राजनीतिक द्वेष भावना नहीं है। यह सब छात्र हित में किया जा रहा है।

## यूपी : संचालक खुद भी दे सकेंगे मदरसे से जुड़ा ब्योरा

**लखनऊ।** गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालक संबंधित प्रारूप में अपने मदरसे की खुद ही पूरी जानकारी दे सकेंगे। मदरसों का सर्वे कर रहीं टीमें बाद में इसका भौतिक सत्यापन करेंगी। सर्वे के बीच सरकार ने उन्हें यह मौका दिया है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अगर मदरसा संचालक मानक पूरे करेंगे तो उनके लिए मान्यता देना आसान होगा। हालांकि पूरे प्रदेश में टीमों का सर्वे चलता रहेगा और उन्हें निर्धारित समय में ही इसे पूरा करना होगा। ब्यूरो

### सरकार ने दिया मौका, 11 बिंदुओं पर देनी होगी सूचना

- गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे फंडिंग समेत 11 बिंदुओं के आधार पर किया जा रहा है। टीमों को 15 अक्तूबर तक सर्वे पूरा करना है। डीएम को 25 अक्तूबर तक इसकी रिपोर्ट शासन को भेजनी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लखनऊ सोन कुमार ने कहा कि मदरसा संचालक जो सूचना देंगे, जिसका भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।

### मदनी बोले- सर्वे नहीं, सरकार की नीयत पर शक



**देवबंद (सहारनपुर)।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमें सर्वे पर कोई शक नहीं है। हमें सरकार की नीयत पर शक है। नीयत साफ है तो वह सभी शिक्षण संस्थानों का सर्वे क्यों नहीं कराती? हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि हमारी धार्मिक संस्थाओं को संविधान में दिए गए अधिकार के आधार पर चलने दिया जाए, लेकिन सांप्रदायिक लोग उन्हें तबाह करने के षड्यंत्र में लगे हुए हैं। संवाद

# पैरों के छाले हमें नहीं रोक पाएंगे हम भारत को जोड़ेंगे : राहुल

## पदयात्रियों का अभिवादन करने सड़कों के किनारे उमड़ा लोगों का हुजूम

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल में कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के तीसरे दिन कहा कि यात्रा में शामिल लोगों के पैरों में छाले पड़ गए हैं, लेकिन अभियान जारी रहेगा। हम भारत को जोड़ेंगे।

फेसबुक पर एक पोस्ट में राहुल ने हिंदी की एक कविता का जिक्र करते हुए लिखा, भले ही पैरों में छाले हैं, लेकिन हम देश जोड़ने निकले हैं, हम नहीं रुकने वाले हैं। उन्होंने इससे संबंधित एक वीडियो क्लिप भी साझा की। मंगलवार को भी यात्रा के लिए उत्साहजनक भीड़ उमड़ी और रुक-रुक कर हो रही बारिश के बीच कांग्रेस नेता और सैकड़ों समर्थक बिना छतरी के सड़कों पर पदयात्रा करते दिखे। यात्रा यहां कझाकूटम के पास कन्यापुरम से सुबह सवा सात बजे शुरू हुई। एजेंसी



केरल में पदयात्रा करते राहुल गांधी। -एजेंसी

- **भारत का सपना टूटा है, बिखरा नहीं है :** गांधी ने ट्वीट किया, भारत का सपना टूटा है, बिखरा नहीं है। उस सपने को साकार करने के लिए, हम भारत को एक साथ ला रहे हैं।

## राष्ट्रीय बाल आयोग ने कहा-राहुल व कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई करे निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' विवादों में घिर गई है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने निर्वाचन आयोग से कहा है कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' में बच्चों का कथित रूप से राजनीतिक साधन के तौर पर दुरुपयोग करने के मामले में पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई व जांच की जाए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राहुल गांधी और 'जवाहर बाल मंच' राजनीतिक मंशा से बच्चों को निशाना बना रहे हैं और उन्हें राजनीतिक गतिविधियों में शामिल कर रहे हैं।

**बच्चों के दुरुपयोग पर घिरी कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा'**

**जयराम रमेश ने कहा-एनसीपीसीआर आरएसएस से संबद्ध...**कांग्रेस ने एनसीपीसीआर के आरोपों पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उस पर आरएसएस से संबद्ध होने का आरोप लगाया। रमेश ने एनसीपीसीआर के इस प्रयास को भारत जोड़ो यात्रा को पटरी से उतारने का दयनीय प्रयास करार दिया।

## भारत-वियतनाम के बीच बढ़ेगा समुद्री सुरक्षा सहयोग

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम के बीच यहां हुई सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई। वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच आतंकवाद से मिलकर लड़ने पर सहमति बनी।

दूसरी सुरक्षा वार्ता में भारत की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा उपसलाहकार विक्रम मिसरी और वियतनाम की ओर से जनसुरक्षा के उपमंत्री वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल लुयोंग ताम कुआंग ने भाग लिया। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और वियतनाम के जनसुरक्षा मंत्रालय के बीच 2016 में संस्थागत तंत्र विकसित हुआ था। इस पर शुरुआती वार्ता अप्रैल 2018 में हनोई में हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, वार्ता के दौरान मिसरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हिंद-प्रशांत समुद्री पहल को दोहराया। यह हिंद-प्रशांत पर दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के रुख का समर्थन करती है। एजेंसी

## तिब्बती बच्चों के डीएनए नमूने ले रहा चीन, हिमाचल में विरोध शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** तिब्बत में बच्चों के चीन की ओर से डीएनए नमूने लेने का हिमाचल प्रदेश में विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में भारत-तिब्बत समन्वय संघ पत्र लिखकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से शिकायत करेगा। भाजपा के उत्तर क्षेत्रीय अध्यक्ष बीआर कौंडल और राज्य उपाध्यक्ष तेनजिन ने इसे दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा है कि इस मसले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा करेंगे और कार्रवाई की मांग की जाएगी।

चीन ने तिब्बती नागरिकों के डीएनए संग्रह के प्रयास तेज कर दिए हैं। इस कार्रवाई में वह पांच साल से कम उम्र के बच्चों के रक्त के नमूने ले रहा है। मानवाधिकार निगरानी समूह की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन तिब्बत में गंभीर अधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। वर्ष 2020 में ऑस्ट्रेलियाई रणनीतिक संस्थान ने भी ऐसी एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें बताया था कि चीन 2013 से रक्त के नमूने जुटाने के लिए मुफ्त शारीरिक परीक्षा की पेशकश कर रहा है। मौजूदा मामले में वह इन लोगों का डाटा एकत्र कर मनमानी कर सकेगा। हालांकि चीन इसे जनसंख्या प्रबंधन नीति का हिस्सा बता रहा है। चीन इस प्रक्रिया के सबूत भी मिटा रहा है, ताकि दुनिया को इसका पता न चले। चीन बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा के अनुयायियों को भी जेल में बंद कर रहा है। तिब्बती युवाओं को जबरन चीनी सेना में भर्ती किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार मामले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाकर तिब्बत को आजाद करवाने व कैलाश मानसरोवर को चीन के चंगुल से छुड़ाने के लिए कदम उठाए।

**अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से चीन की शिकायत करेगा भारत-तिब्बत समन्वय संघ**

## भोपाल : स्कूल बस में चालक ने नर्सरी की छात्रा से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** भोपाल में नर्सरी में पढ़ने वाली साढ़े तीन साल की छात्रा के साथ स्कूल बस के चालक द्वारा कथित तौर पर बस में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची के माता-पिता ने दावा किया है कि घटना के वक्त महिला अटेंडेंट भी बस में मौजूद थी। पुलिस ने बस चालक और महिला अटेंडेंट को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बस में महिला अटेंडेंट की मौजूदगी में हुई वारदात**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि छात्रा स्कूल बस से घर लौट रही थी। जब बच्ची घर पहुंची तो उसकी मां ने देखा कि किसी ने उसके कपड़े बदलकर उसके बस्ते में रखी दूसरी यूनिफॉर्म पहनाई थी। मां ने क्लास टीचर और प्रधानाध्यापिका से बात की लेकिन दोनों ने कपड़े बदलने से इन्कार कर दिया। बच्ची ने बाद में अपने गुप्तांग में दर्द की शिकायत की। इसके बाद अभिभावकों की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। एजेंसी

## कर्नाटक : पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने कहा, नहीं मनाएं हिंदी दिवस

**बंगलूरू।** कर्नाटक में सरकारी स्तर पर हिंदी दिवस मनाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल एस नेता एचडी कुमारस्वामी ने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को पत्र लिखकर 14 सितंबर को हिंदी दिवस नहीं मनाने के लिए कहा है। उन्होंने करदाताओं के पैसे को बचाने का आग्रह किया है। पत्र में लिखा है कि कर्नाटक में हिंदी दिवस कार्यक्रम को जबरदस्ती मनाना कन्नड़ वासियों के साथ अन्याय होगा। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियांक खरगे ने भी केंद्र पर यह कहते हुए हमला किया कि वे हम पर हिंदी नहीं थोप सकते। हिंदी के उठे विवाद के बीच कर्नाटक के प्राथमिक शिक्षा मंत्री ने बीसी नागेश ने कहा, हिंदी समेत सभी भाषाओं को महत्व देना चाहिए। कुमारस्वामी सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस को पीएम मोदी ने नहीं लागू किया, बल्कि यह परंपरा 1949 से चला आ रही है। एजेंसी

### इरिट्रिया में भारतीय राजदूत बने प्रकाश चंद

**नई दिल्ली।** प्रकाश चंद को मंगलवार को इरिट्रिया में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। भारतीय विदेश सेवा के 2004 बैच के अधिकारी चंद वर्तमान में इंडोनेशिया के बाली में भारतीय महावाणिज्य दूत हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, उनके जल्द ही इरिट्रिया में पदभार संभालने की उम्मीद है। बाली में अपने वर्तमान कार्यभार से पहले वह विदेश मंत्रालय में कांसुलर, पासपोर्ट और वीजा डिवीजन में निदेशक (कांसुलर) थे। एजेंसी

## अमेरिका में मंकीपॉक्स से मौत का पहला मामला आया सामने

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी लॉस एंजिलिस काउंटी के एक निवासी की मंकीपॉक्स के चलते मौत हो गई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि अमेरिका में मंकीपॉक्स से मौत का यह पहला मामला है।



लॉस एंजिलिस काउंटी के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स को व्यक्ति मौत का कारण बताया है। एक प्रवक्ता ने कहा कि पोस्टमॉर्टम में इसकी पुष्टि हो गई है। रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली बहुत कमजोर थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा, उस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। मंकीपॉक्स मामलों पर नजर रखने वाले रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने अमेरिका में इस संक्रमण से किसी की मौत की पुष्टि नहीं की है। एजेंसी

# याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-गरीबों को आरक्षण संविधान के साथ धोखाधड़ी



**नई दिल्ली।** सवर्ण गरीबों को आरक्षण के मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में इस वर्ग के लिए 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान संविधान के साथ धोखाधड़ी है। यह देश को जाति के आधार पर विभाजित करता है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है।

चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, जस्टिस एस रवींद्र भट, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने एनजीओ जनहित अभियान और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर बहस शुरू की। इन याचिकाओं में 2019 में अधिनियमित 103वें संविधान संशोधन की वैधता को चुनौती दी गई है। इसके जरिये सरकारी नौकरियों और दाखिले में गरीबों (ईडब्ल्यूएस) को 10 फीसदी आरक्षण दिया गया है। कुछ याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे लीगल स्कॉलर जी मोहन गोपाल ने दावा किया कि यह संशोधन सामाजिक न्याय की सांविधानिक दृष्टि पर हमला है। ईडब्ल्यूएस कोटा ने वंचित समूहों के प्रतिनिधित्व के साधन के रूप में आरक्षण की अवधारणा को उलट दिया। ब्यूरो

## बंगाल की खाड़ी में भारत-जापान का मेगा नौसैनिक अभ्यास शुरू



■ भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व स्टील्थ युद्धपोत सह्याद्री, पनडुब्बी रोधी युद्धपोत कदमत और कवरत्ती ने किया। निर्देशित मिसाइल विध्वंसक रणविजय, मिग 29 और जहाज से चलने वाले हेलीकॉप्टर भी शामिल हुए।

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित जापान-भारत समुद्री अभ्यास (जिमेक्स) 2022 का छठा संस्करण 11 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में शुरू हुआ। अभ्यास में जापान की ओर से एक हेलिकॉप्टर इजुमो और मिसाइल विध्वसंक ताकानामी को तैनात किया गया। एजेंसी

## बंगलूरू के डॉ. संदीप नायर को रोबोटिक सर्जरी का शीर्ष सम्मान

**बंगलूरू।** बंगलूरू के डॉ. संदीप नायक अमेरिका, भारत और स्पेन के उन तीन सर्जनों में शामिल हुए, जिन्होंने अमेरिका के मिशिगन स्थित रोबोटिक सर्जरी इंजीलिस्ट वटटीकुटी फाउंडेशन द्वारा 'केएस इंटरनेशनल रोबोटिक सर्जरी इनोवेशन' प्रतियोगिता में शीर्ष सम्मान जीता है। इस सम्मान के लिए तीन विजेताओं को यूरोलॉजी, स्त्री रोग, जनरल सर्जरी, हेपेटो-पित्त-अग्नाशय सर्जरी, कोलोरेक्टल, सिर और गर्दन, बाल चिकित्सा, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी की 100 वैश्विक प्रविष्टियों में से चुना गया था। 'रोबोटिक इन्फ्राक्लेविकुलर अप्रोच फॉर मिनिमली इनवेसिव नेक डिसेक्शन' के लिए दूसरा पुरस्कार फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. नायक को दिया गया। एजेंसी

# ईवी : रजिस्ट्रेशन पर पूरी खरीद पर 15 फीसदी छूट

## यूपी में इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति का मसौदा तैयार

सचिन मुद्गल

**लखनऊ।** यूपी सरकार अगले आठ साल में पूरे प्रदेश को इलेक्ट्रिक व्हीकल के मोड पर लाने की तैयारी में है। इसके लिए दो से चार पहिया इलेक्ट्रिक व्हीकल, ई-बसों की खरीद पर 15 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, रजिस्ट्रेशन और रोड टैक्स पर पूरी छूट दी जाएगी।

नीति लागू होने के शुरुआती तीन वर्ष में इलेक्ट्रिक व्हीकल के रजिस्ट्रेशन और रोड टेक्स में शत-प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उसके बाद चौथे और पांचवें वर्ष में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति 2022-27 का मसौदा तैयार कर लिया है। इससे करीब 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आएगा।

दस लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। ईवी पॉलिसी के क्रियान्वयन के लिए औद्योगिक विकास एवं अवस्थापना आयुक्त की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय एम्पावर्ड कमेटी का गठन किया जाएगा।




### ये सुविधाएं मिलेंगी

- एक साल तक दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर फैक्ट्री कीमत पर 15 फीसदी (अधिकतम पांच हजार रुपये) की छूट दी जाएगी। पहले दो लाख वाहनों को छूट मिलेगी। बजट में 100 करोड़ का प्रावधान होगा।
- तीन पहिया ईवी खरीदने पर 15% (अधिकतम 12 हजार रुपये) की छूट दी जाएगी। पहले 50 हजार वाहनों को छूट। 60 करोड़ का प्रावधान।
- चार पहिया खरीदने पर 15% (अधिकतम एक लाख रुपये) की छूट दी जाएगी। पहले 25 हजार वाहनों को छूट मिलेगी। 250 करोड का बजट।
- ई-बस की खरीद पर 15% ( 20 लाख तक) तक छूट। 400 बसों को छूट देने के लिए 80 करोड़ का बजट प्रावधान किया जाएगा।

# 5 करोड़ लोग बंधुआ मजदूर, जबरन विवाह के शिकार

## अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने पेश की रिपोर्ट-2021, पांच साल में 25% बढ़े 'आधुनिक गुलाम'

**जिनेवा।** दुनियाभर में करीब पांच करोड़ लोग बीते साल बंधुआ मजदूरी और जबरन विवाह का दंश झेल रहे थे। 'आधुनिक गुलामी' पर यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी ने पेश किया है, जो पांच साल पहले आई ऐसी ही रिपोर्ट से 25 फीसदी अधिक है।

**गरीब महिलाएं व बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित**

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और साझेदार संस्थाओं ने अपनी रिपोर्ट में व्यावसायिक यौन शोषण सरीखे चिंताजनक रुझानों की तरफ इशारा किया है, जो चार में से करीब एक व्यक्ति को प्रभावित कर रहे हैं। गरीब महिलाएं और बच्चे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासी मामलों के संगठन और आधुनिक दासता पर काम करने वाले अधिकार समूह, वॉक फ्री फाउंडेशन के साथ मिलकर जुटाए आंकड़ों में आईएलओ ने बताया, 2021 के अंत में बंधुआ मजदूरों की संख्या 2.8 करोड़ थी। वहीं, 2.2 करोड़ को जबरन विवाह में धकेल दिया गया। सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 के मुकाबले ताजा आंकड़ों में आधुनिक गुलामी के शिकार लोगों की तादाद एक करोड़ बढ़ गई है। दो-तिहाई वृद्धि अकेले जबरन विवाह में हुई है। वॉक फ्री के संस्थापक निदेशक ग्रेस फॉरेस्ट का कहना है, आधुनिक गुलामी में वृद्धि ग्रीस की आबादी के बराबर है। एजेंसी



### *अरब में सबसे ज्यादा जबरन विवाह*

*रिपोर्ट की मानें तो जबरन विवाह के दो तिहाई से अधिक मामले एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मिले, जो दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र है। लेकिन प्रति व्यक्ति पैमाने पर सबसे अधिक संख्या अरब देशों में मिली, जहां लगभग एक हजार में से पांच लोग जबरन विवाह वाले थे।*

ट्रेड यूनियन, नियोक्ता समूह, नागरिक समाज व आम लोग आधुनिक गुलामी से निपटने में अहम भूमिका निभाएं। **-गाय राइडर, महानिदेशक, संयुक्त राष्ट्र श्रम एजेंसी**

# आंखों की स्क्रीन में दुनिया के राज खुलेंगे

**वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कॉन्टैक्ट लेंस बनाया है, जिसे आंखों पर लगाने के बाद आपको रास्तों, जगहों और सेहत की सटीक जानकारी मिलेगी।**



अब आपके कॉन्टैक्ट लेंस और भी स्मार्ट होने वाले हैं। वैज्ञानिक एक ऐसा स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस बनाने पर काम कर रहे हैं, जो कंप्यूटर स्क्रीन की तरह काम करता है। यानी उस लेंस को पहनकर आप जिस भी दिशा में देखेंगे, अत्याधुनिक तकनीक के जरिए आपकी नजरों के सामने एक पारदर्शी स्क्रीन बन जाएगी, जिस पर आपकी जरूरत के अनुसार कंटेंट नजर आता रहेगा। आप इन लेंस के जरिए कंप्यूटर या किसी पेपर के बगैर स्पीच दे सकते हैं, गाने के लिरिक्स पढ़ सकते हैं, किसी जगह की जानकारी ले सकते हैं या दूरी माप सकते हैं।

स्मार्ट उपकरण में 'स्क्लेरल लेंस' (एक बड़ा-सा लेंस) का उपयोग किया गया है। इस लेंस में माइक्रो-एलईडी डिसप्ले लगा हुआ है, जो उपयोगकर्ता की आंखों के सामने एक पारदर्शी स्क्रीन बनाता है। अगर कमजोर नजर वाले इस लेंस को पहनते हैं तो यह उनकी नजर तो बढ़ाता ही है, साथ ही इसमें लगे छोटे-छोटे चिप, स्मार्ट सेंसर और सॉलिड-स्टेट बैटरी इसके उपयोग को न सिर्फ स्मार्ट बनाते हैं, बल्कि यूजर फ्रेंडली भी। स्मार्ट लेंस में यूजर्स की डिमांड को ध्यान में रखते हुए कई और फीचर्स को भी विकसित किया जा रहा है, जैसे- ये लेंस आपकी आंखों की स्थिति को मॉनिटर करने के साथ ही आपकी बीमारियों पर भी नजर रखेंगे। ये आपको बताएंगे कि जिस जगह पर आप हैं या जहां जाने की योजना बना रहे हैं, वहां प्रकाश का स्तर कितना है। आंसुओं में ग्लूकोज के स्तर और अन्य बायोमार्कर को भी ट्रैक करते रहेंगे। स्मार्ट कॉन्टैक्ट लेंस में ऑप्टिकल जानकारी प्राप्त करने के लिए एक फोटो-डिटेक्टर और तापमान सेंसर जैसे अत्याधुनिक फीचर्स शामिल करने पर काम किया जा रहा है। आप इन्हें कब, कहां और कितनी देर तक पहन सकते हैं, विशेषज्ञों की टीम इस पर काम कर रही है। हालांकि लेंस की बैटरी पावर को लेकर अभी टेस्टिंग चल रही है। स्मार्ट लेंस तकनीक को ऑपरेट करने के लिए जिन बैटरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, वे आकार में बहुत छोटी हैं। ऐसे में यह भी अध्ययन किया जा रहा है कि लेंस में लगी ये बैटरी कितने समय तक काम करती हैं और इन्हें कब और कैसे चार्ज किया जाए। बैटरी की उपयोगिता इस बात पर निर्भर करेगा कि इसका उपयोग कैसे और कितनी बार किया जाता है। ठीक वैसे ही जैसे आज आप अपने स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच को उपयोग करते हैं। स्मार्ट लेंस आप तक यह जानकारी भी पहुंचातें कि उन्हें कब साफ करना है और क्या इनका सही तरह से इस्तेमाल कर रहे हैं या नहीं। यहां तक कि जब लेंस बदलने की आवश्यकता हो तो उपयोगकर्ताओं को इसकी जानकारी भी लेंस की स्क्रीन की मदद से ही मिलती है। फिल्हाल इस लेंस पर अभी काम चल रहा है। वैज्ञानिक इस बात का पता लगा रहे हैं कि क्या आप इन्हें लंबे समय तक पहन सकते हैं या तय सीमा तक उपयोग करने के बाद इन्हें उतारकर रखना होगा या चार्ज करना होगा।

## पुरानी हिस्ट्री हो जाएगी ऑटो डिलीट

**यूट्यूब** पर हिस्ट्री को ऑटो डिलीट करने के लिए सबसे पहले आपको अपने स्मार्टफोन में यूट्यूप एप खोलनी होगी और फिर गूगल अकाउंट पर जाना होगा। यहां आपको 'सेटिंग्स' का विकल्प नजर आएगा, उस पर क्लिक करें। अब 'हिस्ट्री एंड प्राइवेसी' विकल्प को दबाएं। यहां 'मैनेज ऑल एक्टिविटी' पर क्लिक कर 'ऑटो डिलीट' का विकल्प चुनें। उस पर क्लिक करते ही आपको 'ऑटो डिलीट टाइम फ्रेम' चुनने को कहा जाएगा। यहां आप यूट्यूब हिस्ट्री को ऑटो डिलीट करने की समय सीमा तय कर सकते हैं। उसके बाद आपको 'नेक्सट' विकल्प को दबाना होगा। अब 'ऑटो-डिलीट एक्टिविटी' विकल्प को सेव करने के लिए 'कंफर्म' पर क्लिक करें। डेस्कटॉप के जरिए यूट्यूब हिस्ट्री ऑटो डिलीट करने के लिए वेब ब्राउजर पर यूट्यूब वेबसाइट ओपन करें। इसके बाद बाईं ओर हिस्ट्री सेटिंग को क्लिक करें। यहां 'मैनेज ऑल हिस्ट्री' विकल्प पर जाएं। यहां आपकी स्क्रीन पर नया वेब पेज पॉप-अप होगा। आपको केवल ऑटो डिलीट हिस्ट्री पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको टाइम पीरियड सेलेक्ट करना होगा और 'नेक्सट' विकल्प को दबाना होगा। यूजर्स को यहां टाइम पीरियड के लिए 3 महीने, 18 महीने और 36 महीने का विकल्प मिलेगा। इसके बाद आपको सेलेक्ट किए गए टाइम पीरियड के हिसाब से ही वीडियो नजर आएंगी। तय समय के बाद आपके अकाउंट के वॉच हिस्ट्री से ये वीडियो स्वचालित रूप से हमेशा के लिए डिलीट हो जाएंगी।



जानकारी

## एंड्रॉइड फोन पर फोटो से कॉपी करें टेक्स्ट

**एंड्रॉइड** यूजर्स फोटो से टेक्स्ट कॉपी करने के लिए कुछ जरूरी स्टेप्स फॉलो कर सकते हैं। सबसे पहले अपने स्मार्टफोन की गैलरी में जाएं और उस फोटो का चयन करें, जिससे आप टेक्स्ट कॉपी करना चाहते हैं। अब स्क्रीन के ऊपरी दाएं कोने पर उपलब्ध लेंस आइकन पर क्लिक करें। आइकन आपको गूगल लेंस पर ले जाएगा। टेक्स्ट विकल्प पर क्लिक करें और उस टेक्स्ट को चुनें, जिसे आप कॉपी करना चाहते हैं। कॉपी टेक्स्ट पर क्लिक करें और टेक्स्ट आपके क्लिपबोर्ड पर कॉपी हो जाएगा। अगर स्मार्टफोन की गैलरी में फोटो से टेक्स्ट कॉपी करने के लिए इन-बिल्ट लेंस का विकल्प नहीं है तो आप गूगल फोटो एप का उपयोग कर सकते हैं।




टिप्स

**न्यू लॉन्च**

## वोल्वो की 2 नई एसयूवी में क्या है खास

**वोल्वो** कंपनी के दो अपडेटेड एसयूवी मॉडल भारत में 21 सितंबर को लॉन्च हो सकते हैं। माना जा रहा है कि कंपनी अपने लॉन्च में 'एक्ससी40' मॉडल और 'एक्ससी90' मॉडल को बाजार में उतारेगी। वोल्वो की एक्ससी40 कार में कई सारे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कार के फ्रंट में एलईडी हेडलैंप, एक फ्रेमलेस ग्रिल और नए डिजाइन का फ्रंट बंपर लगा हो सकता है। वहीं इसके रियर में सिग्नेचर एल-शेप्ड टेल लाइट्स दिए जा सकते हैं। बात इंटीरियर की करें तो इस कार में एक बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर भी दिया जा सकता है। वहीं एक्ससी90 कार को भी कई सारे अपडेट्स के साथ पेश किया जा सकता है।



## जल्द आ रही है कावासाकी 'डब्ल्यू175'

**कावासाकी** की नई बाइक 'डब्ल्यू175' 25 सितंबर को लॉन्च हो सकती है। दावा किया जा रहा है कि इस बाइक में आपको 177सीसी का सिंगल सिलिंडर इंजन देखने को मिल सकता है, जो कि 13पीएस की पावर और 13.2 एनएम टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। बाइक का लुक एकदम रेट्रो रखा गया है। इस मोटरसाइकल में 5 स्पीड गियरबॉक्स मिल सकता है। इसके साथ ही इसमें एनालॉग ओडोमीटर और ट्रिप मीटर, स्पीडोमीटर, हैलोजन हेडलाइट, टेललाइट और टर्न इंडिकेटर जैसे नए और अत्याधुनिक फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। बाइक में स्पोक व्हील्ज भी लगे हो सकते हैं। कावासाकी डब्ल्यू175 को करीब 1.75 लाख रुपये तक की कीमत में लॉन्च किया जा सकता है।



## कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2079

24 भाद्रपद मास शाके 1944, भाद्रपद मास 30 प्रविष्टे, 17 सफर हिजरी 1444, आश्विन कृष्ण पक्ष पंचमी 11.00 तक उपरांत षष्ठी, भरणी नक्षत्र 08.04 तक उपरांत कृतिका नक्षत्र, हर्षण योग 29.26 तक उपरांत वज्र योग, तैतिल करण 11.00 तक उपरांत गर करण, चंद्रमा वृष राशि में 14.31 बजे।

सूर्योदय : 06.10
सूर्यास्त : 18.23
(भारतीय मानक समयानुसार)

- आज : आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी
- कल : षष्ठी का श्राद्ध, शरद ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, उत्तर गोले।
- राहुकाल : दिन में 13.30 से 15.00 तक।

## आपका राशिफल

**मेष** भाग्य सहायक रहेगा। राजकीय क्षेत्र में सफलता मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा।

**वृषभ** व्यावसायिक देनदारी बढ़ सकती है। नौकरी में सम्मान बना रहेगा।

**मिथुन** राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। कॅरिअर में उन्नति के अवसर मिलेंगे।

**कर्क** नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। भू-संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** टैक्स आदि के मामले में परेशानी होगी। मान-सम्मान की चिंता बनी रहेगी।

**कन्या** स्वजन सहयोग मिलेगा। व्यवसाय में श्रमोपरांत सामान्य लाभ होगा।

**तुला** कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक संबंध सहायक रहेंगे। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा।

**धनु** धैर्य बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में उलझने बढ़ेंगी। व्यावसायिक लाभ में कमी रहेगी।

**मकर** दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। बनते कार्यों में निराशा होगी।

**कुंभ** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन** धन के लेन-देन में सर्तक रहें। व्यवसाय में जोखिम-जमानत से बचना शुभ रहेगा।

## सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 3 | | | 1 | |
| 4 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| | | | 6 | 2 | | | | 7 |
| 1 | | 7 | | | | 4 | | 2 |
| 5 | | | | 1 | 8 | | | |
| | | | 4 | | | 2 | 7 | |
| | | 6 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | 5 | 2 | | | |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 6 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |

## आपका आज जन्मदिन है

- पं. विनोद त्यागी



आयुष्मान खुराना

- इस मूलांक के जातक व्यवहार कुशल, कूटनीतिज्ञ और कर्मशील होते हैं। लक्ष्य प्राप्ति प्रायः 23वें या 32 वें वर्ष में होती है। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव बना रहता है। वैवाहिक जीवन सामान्य व्यतीत होता है।
- यह वर्ष आपके भविष्य को एक नई दिशा प्रदान करेगा। प्रयासों में सफलता से आप उत्साहित रहेंगे। विदेश यात्रा का अवसर मिल सकता है। रोजगारपरक परीक्षाओं में अनुकूल सफलता मिलेगी।

## आज की फिल्में

**बी4यू मूवीज :** 11:00 बादशाह, 03:00 हैलो ब्रदर, 07:00 रूप की रानी चोरों का राजा
**यूटीवी एक्शन :** 10:15 किंग्समैन, 03:45 फाइनल डेस्टिनेशन, 05:45 एक्वामैन
**मूवीज नाओ :** 09:40 असैसिन्स क्रीड, 11:35 वैन हेल्सिंग, 01:50 द स्कोर्पियन किंग

# कारोबार

बीएसई ↑ 455.95 (60,571.08) | एनएसई ↑ 133.70 (18,070.05) | डॉलर ↑ ₹0.36 (₹79.17) | सोना /10 ग्राम ↓ ₹50,905 (314) | चांदी /1 किग्रा ↑ ₹57,974 (760)

दिल्ली में 24 कैरेट की हाजिर दरें ▪ स्रोत : पीटीआई

# भारतीय कंपनियां हनुमान की तरह, उन्हें अपनी ताकत का अंदाजा नहीं : वित्त मंत्री

## सीतारमण ने निवेश को लेकर घरेलू निवेशकों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत की तुलना हनुमान से करने के साथ उन पर निशाना भी साधा है। उन्होंने घरेलू कंपनियों से पूछा कि आखिर वे विनिर्माण क्षेत्र में निवेश को लेकर क्यों झिझक रही हैं और कौन सी चीज उन्हें रोक रही है, जबकि विदेशी निवेशक भारत पर भरोसा जता रहे हैं। उन्होंने घरेलू कंपनियों से कहा, आप अपनी क्षमता पर भरोसा कीजिए। हालांकि, आप हनुमान हैं, यह कौन बताएगा? यह सरकार का काम नहीं है। आप अपनी ताकत में भरोसा नहीं करते हैं।

वित्त मंत्री ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा, सरकार उद्योग के साथ मिलकर काम करने को इच्छुक है और सभी तरह की समस्याओं को भी दूर करेगी। इस तर्ज पर सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना भी शुरू की है। इसके साथ दरों में कटौती कर घरेलू उद्योगों को विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के लिए भी प्रोत्साहित किया है।

**सब कुछ करेंगे, पर घरेलू कंपनियां जवाब दें :** वित्त मंत्री ने कहा, मैं भारतीय उद्योग जगत से यह जरूर जानना चाहूंगी कि आखिर वे क्यों निवेश से झिझक रहे हैं। हम उद्योगों को यहां लाने और निवेश करने के लिए सब कुछ करेंगे। पर यह बताना होगा कि आपको कौन सी चीज रोक रही है। एजेंसी

### यह समय भारत का, हम नहीं खो सकते अवसर

वित्त मंत्री ने कहा कि विदेशी कंपनियों और बाहरी देशों को लगता है कि भारत निवेश के लिहाज से बेहतर स्थान है। यह प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के निवेश में भी दिख रहा है। इस लिहाज से यह समय भारत का है। हम इस अवसर को खो नहीं सकते हैं। विदेशी निवेशकों की तरह हमें भी आगे आना होगा।



**80** के पार पहुंच गया था रुपया अगस्त में

**कोई भी नीति अपने आप में अंतिम नहीं**

कोई भी नीति अपने-आप में अंतिम नहीं हो सकती। आगे बढ़ने के साथ यह विकसित होती रहती है। यह उन उद्योगों पर भी लागू है, जिनके लिए हमने प्रोत्साहन से नीतिगत समर्थन दिया है।

### कई देश रुपये में द्विपक्षीय कारोबार करने को इच्छुक

सीतारमण ने कहा, हाल में आरबीआई द्वारा रुपये में कारोबार के तरीके को घोषित करने के बाद कई देश भारत के साथ भारतीय मुद्रा में द्विपक्षीय कारोबार करने को इच्छुक हैं। यह रूबल और रुपया नहीं है, जो पुराने प्रारूप में था। आरबीआई ऐसे समय में यह तरीका लाया है, जो काफी महत्वपूर्ण है।

**एशियाई देशों के लिए महंगाई और आपूर्ति सबसे बड़ा जोखिम :** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा, उभरते एशियाई देशों के लिए 12-18 महीने में महंगाई और आपूर्ति में बाधा सबसे बड़ा जोखिम है। इन देशों में भारत, इंडोनेशिया, चीन, मलयेशिया, फिलीपींस, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। दोनों जोखिम के अलावा बढ़ती ब्याज दरें भी समस्या है।

### रुपये को बचाने के लिए नहीं कर रहे प्रयास, वह खुद सक्षम : सीईए

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा, भारत रुपये की गिरावट को बचाने के लिए कोई कोशिश नहीं कर रहा है क्योंकि हमारी मुद्रा खुद ही इसमें सक्षम है। उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है, इसलिए हमें रुपये की रक्षा करने की जरूरत नहीं है। इसके प्रबंधन के लिए आरबीआई जरूरी कदम उठा रहा है। वह सुनिश्चित कर रहा है कि बाजार के रुझान के अनुरूप रुपया जिस भी दिशा में आगे बढ़ रहा है, आयातकों या निर्यातकों पर बोझ न पड़े। अगस्त में डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे निचले स्तर 80.15 पर पहुंच गया, जो अभी 79.25 पर है।



- विदेशी मुद्रा भंडार में भारी गिरावट पर कहा, वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचाव का रुख पूंजी को यहां आने से रोक रहा है। निश्चित रूप से इससे विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट देखने को मिली है।

### इस दशक में 7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है अर्थव्यवस्था

नागेश्वरन ने कहा, इस दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना 7 फीसदी की दर से बढ़ने में सक्षम हो सकती है। निवेश पर खर्च बढ़ रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था में भी रफ्तार है। जीडीपी में अप्रैल-जून में 13.5 फीसदी की बढ़त दिखी थी। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों का रुझान भले ही 6 फीसदी की वृद्धि दिखा रहा हो, पर हमारा मानना है कि यह सात फीसदी की दर से होगी।

## 1.54 लाख करोड़ के निवेश से गुजरात में खुलेगा पहला चिप कारखाना, मिलेंगी एक लाख नौकरियां

**नई दिल्ली।** वेदांता व ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन मिलकर अहमदाबाद में देश का पहला सेमीकंडक्टर कारखाना खोलेंगी। इसमें 1.54 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिनमें 94 हजार करोड़ डिस्प्ले निर्माण इकाई पर और 60 हजार करोड़ रुपये सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई पर खर्च होगा। इससे एक लाख रोजगार मिलेंगे।

इस संयुक्त उपक्रम में वेदांता की हिस्सेदारी 60 फीसदी और फॉक्सकॉन की 40% होगी। यह कारखाना 1,000 एकड़ में होगा, जहां से अगले दो साल में उत्पादन शुरू हो जाएगा। इस संबंध में वेदांता ने गुजरात सरकार से समझौता किया है। घरेलू सेमीकंडक्टर बाजार 2026 तक 19% बढ़कर 64 अरब डॉलर तक जा सकता है। एजेंसी




अश्विनी वैष्णव, भूपेंद्र पटेल व अनिल अग्रवाल। एजेंसी

*ताइवान-चीन पर घटेगी निर्भरता : वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, इस योजना से ताइवान-चीन पर निर्भरता कम होगी। साथ ही गुजरात में यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। वेदांता और फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर की पीएलआई योजना में शामिल हैं।*

**300 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन**

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, जब प्रधानमंत्री मोदी ने सात साल पहले डिजिटल इंडिया पहल शुरू की थी तो हम सोचते थे कि यह यात्रा हमें भविष्य में कहां ले जाएगी, क्योंकि उनकी विचार प्रक्रिया पूरी तरह अलग थी। आज भारत में 70 हजार स्टार्टअप हैं। 100 यूनिकॉर्न हैं। हम इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को 80 अरब डॉलर से 300 अरब डॉलर तक ले जाने पर काम कर रहे हैं।

## सेंसेक्स पांच व निफ्टी 8 महीने के उच्च स्तर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही। सेंसेक्स पांच महीने और निफ्टी 8 माह के उच्च स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार को समर्थन मिला। खुदरा निवेशकों की भागीदारी से भी बाजार को बढ़त पाने में मदद मिली।

सेंसेक्स 455.95 अंक चढ़कर 60,571.08 पर बंद हुआ। निफ्टी 133.70 अंक उछलकर 18,070.05 पर बंद हुआ। यह इसका 18 जनवरी के बाद का उच्च स्तर है। उस दिन निफ्टी 18,113 के स्तर पर बंद हुआ था। बाजार में तेजी से सेंसेक्स की 30 में 24 कंपनियों के शेयर हरे निशान में बंद हुए। लगातार चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,540 अंक से ज्यादा व निफ्टी 445 अंक मजबूत हुआ है। एजेंसी



**बाजार पूंजी रिकॉर्ड स्तर पर**

बाजार में तेजी से सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 1.44 लाख करोड़ बढ़कर 286.71 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई।

### सोना 314 सस्ता, चांदी में 760 रुपये तेजी

दिल्ली सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 314 रुपये सस्ता होकर 50,905 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। सोमवार को यह 51,219 रुपये पर था। हालांकि, चांदी 760 रुपये महंगी होकर 57,974 रुपये किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,723 डॉलर प्रति औंस था।

### रुपया 36 पैसे मजबूत होकर डेढ़ माह के शीर्ष पर

डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 36 पैसे मजबूत होकर 79.17 पर बंद हुआ। यह 27 जुलाई के बाद घरेलू मुद्रा का करीब डेढ़ महीने का उच्च स्तर है। दुनिया की अन्य मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मूल्य में गिरावट और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपये में तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.30 पर खुला। कारोबार के दौरान 79.03 से 79.33 के दायरे में रहा।

## न्यूज डायरी

### पाम तेल आयात 11 माह की ऊंचाई पर

**मुंबई।** पाम तेल का आयात अगस्त में 87 फीसदी बढ़कर 11 महीने की ऊंचाई पर पहुंच गया है। पाम तेल का आयात 994,997 टन रहा जो जुलाई में 530,420 टन था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने बताया, रिफाइनरीज ने आक्रामक तरीके से पाम तेल की खरीदी की है। यह सूरजमुखी और सोयो तेल के मुकाबले डिस्काउंट में मिल रहा था। ड्यूटी चुकाने के बाद भी पाम तेल कारोबारियों को सस्ते में मिल रहा था। एजेंसी

### एनपीएस : एन्यूटी के लिए अलग फॉर्म नहीं

**नई दिल्ली।** पेंशन कोष से निकलने के बाद अब एनपीएस के पेंशनधारकों को एन्यूटी के चयन के लिए अलग फॉर्म भरने की जरूरत नहीं होगी। इरडा ने मंगलवार को कहा, रिटायर व्यक्ति द्वारा जमा किए एग्जिट फॉर्म को ही बीमा कंपनियों को प्रस्ताव फॉर्म के रूप में मानना होगा। पेंशनधारकों को लाइफ प्रमाणपत्र डिजिटल तरीके से जमा करने की भी मंजूरी मिल गई है। एजेंसी

## दिसंबर तिमाही में नई भर्तियां करेंगी 54 फीसदी कंपनियां

**नई दिल्ली।** देश में नई नियुक्तियों का परिदृश्य काफी मजबूत नजर आ रहा है। करीब 54 फीसदी कंपनियों ने अगले तीन माह में नई नियुक्तियों की योजना बनाई है। मैनपावरग्रुप के सर्वे के मुताबिक, भारत में 64% कंपनियां अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगी। 10% ने कर्मचारियों की संख्या कम करने की बात कही। 24 फीसदी का कहना था कि उनकी कर्मचारियों की संख्या में किसी तरह की बदलाव योजना नहीं है। सर्वे 41 देशों के 40,600 नियोक्ताओं की राय पर आधारित है। एजेंसी

## सेबी की चेतावनी...आईपीओ से पहले और बाद के मूल्यांकन का खुलासा करें कंपनियां

**मुंबई।** सेबी ने मंगलवार को आईपीओ लाने वाली कंपनियों को कुछ खुलासा करने की सलाह दी है। इसने कहा कि कंपनियों को आईपीओ से पहले की योजनाओं के समय और आईपीओ के समय के मूल्यांकन के बारे में अधिक खुलासा करना चाहिए। दोनों मूल्यांकन में काफी अंतर रहता है।

उदाहरण के तौर पर कोई कंपनी निवेशकों को 100 रुपये प्रति शेयर के भाव पर शेयर बेच रही है, लेकिन कुछ माह बाद जब वह आईपीओ लाती है तो भाव 450 रुपये तक चला जाता है। सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा कि सेबी का काम प्रौद्योगिकी कंपनियों के आईपीओ के लिए मूल्य सुझाना नहीं है। आप किस भाव पर आईपीओ लाना चाहते हैं यह देखना आपका काम है। एजेंसी



**सेबी चेयरपर्सन ने कहा, हमारा काम मूल्य का सुझाव देना नहीं**

### निवेश बैंकरों को देना चाहिए जवाब

सेबी चेयरपर्सन ने कहा कि निवेश बैंकरों को इन सवालों का जवाब देना चाहिए। नियामक नियम बनाते समय सिर्फ आंकड़ों पर काम करता है। पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत सेबी ने प्रत्येक ऐसे विभाग में एक से तीन अधिकारियों की नियुक्ति की है। सेबी फ्यूचर एवं ऑप्शन सेगमेंट में खुदरा भागीदारी पर आंकड़ों और सूचनाओं का विश्लेषण कर रहा है। जिससे उन्हें और ज्यादा खुलासे उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

## मूनलाइटिंग करने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई : इन्फोसिस

**नई दिल्ली।** दिग्गज आईटी कंपनी इन्फोसिस ने मूनलाइटिंग को लेकर अपने कर्मचारियों को चेतावनी दी है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को भेजे मेल में कहा कि नियमों के अनुसार कर्मचारियों को मूनलाइटिंग की अनुमति नहीं है। अगर कोई कर्मचारी ऐसा करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। उसे नौकरी से भी निकाला जा सकता है। जब कोई कर्मचारी अपनी नियमित नौकरी के साथ कोई अन्य काम करता है तो उसे मूनलाइटिंग कहते हैं। एजेंसी

## न्यूज डायरी

### काकाडू-2022 अभ्यास में भाग लेने ऑस्ट्रेलिया पहुंचा आईएनएस सतपुड़ा

**नई दिल्ली।** रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना द्वारा आयोजित काकाडू-2022 अभ्यास में भाग लेने के लिए भारतीय नौसेना का आईएनएस सतपुड़ा और पी8आई समुद्री गश्ती विमान सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के डार्विन पहुंच गया। इस अभ्यास में 14 नौसेनाओं के जहाज व समुद्री वाहन शामिल होंगे। अभ्यास दो सप्ताह तक चलेगा। एजेंसी



### कांग्रेस ने विधायक के दुष्कर्म के आरोपी बेटे को किया निष्कासित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) ने विधायक मुरली मोरवाल के बेटे करण मोरवाल को दुष्कर्म के आरोप में छह साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। एमपीसीसी के संगठन सचिव चंद्र प्रभाष शेखर ने सोमवार को कांग्रेस के सदस्य करण (30) को जारी एक पत्र में कहा कि पार्टी ने उनके खिलाफ आरोपों की जांच की और प्रथम दृष्टया पाया कि वे सही हैं। हालांकि मामला अभी कोर्ट में लंबित है। एजेंसी

### एनआईए ने कोल्हे के हत्यारोपी पर रखा दो लाख का इनाम

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अमरावती के फार्मासिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या के मामले में वांछित आरोपी शहीम अहमद फिरोज अहमद की गिरफ्तारी के लिए किसी भी तरह की सूचना देने पर दो लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। अहमद (22) अमरावती शहर की जाकिर कॉलोनी का रहने वाला है और दो माह से फरार है। सोशल मीडिया पर विवादास्पद टिप्पणी करने वाली निलंबित भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में एक पोस्ट साझा करने के बाद कोल्हे की 21 जून को अमरावती में हत्या कर दी गई थी। एजेंसी

### कर्नाटक पुलिस कांस्टेबल भर्ती में मेल थर्ड जेंडर के लिए कोटा

**बंगलूरू।** कर्नाटक सरकार ने राज्य सशस्त्र बलों की भर्ती में मेल थर्ड जेंडर के लिए आरक्षण की घोषणा की है। राज्य के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने कहा, कर्नाटक सशस्त्र बलों में 3,484 पदों को भरने के लिए कांस्टेबलों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य में पहली बार मेल थर्ड जेंडर के लिए 79 पद आरक्षित किए गए हैं। कुल रिक्तियों में से 420 पद कल्याण कर्नाटक क्षेत्र या तत्कालीन हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिनमें से 11 मेल थर्ड जेंडर के लिए हैं। एजेंसी

### मिजोरम : एनआईए के छापे में 2400 किलो विस्फोटक बरामद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारत से म्यांमार को भारी मात्रा में विस्फोटकों की अवैध आपूर्ति से संबंधित एक मामले में मंगलवार को मिजोरम में दो स्थानों पर छापा मारा। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि छापे के दौरान 1,000 डेटोनेटर और 4,500 मीटर डेटोनेटर फ्यूज वायर सहित 2,400 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया गया है। एजेंसी

### शोपियां में मुठभेड़ स्थल के पास धमाका, तीन बच्चे जख्मी

**शोपियां।** शोपियां के शिरमल इलाके में मंगलवार को शेल फटने से तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार को यहां आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई थी। उसी मुठभेड़ में इस्तेमाल एक शेल बिना फटे रह गया था। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कुछ बच्चे मंगलवार को खेल रहे थे। इस दौरान गोला फट गया, तीन बच्चे जख्मी हुए हैं। तीनों को पीएचसी लिटर में भर्ती करवाया गया है। एक दिन पहले इलाके में हुई मुठभेड़ के दौरान एक आतंकी को सुरक्षा बलों ने ढेर किया था, जबकि एक सैन्य जवान घायल हुआ था। संवाद

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com पर

अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा म शिवपाल यादव के लिए अग्रिम पंक्ति की सीट मांगी है। क्या अखिलेश इससे सपा को एकजुट करने में सफल हो पाएंगे?

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

तेज पिचों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए मोहम्मद शमी और दीपक चाहर को भारतीय टीम में नहीं चुना गया है। क्या यह फैसला सही है?

| | |
|---|---|
| हां | 29.01% |
| नहीं | 70.99% |

# दिसंबर में जी-20 का अध्यक्ष बनेगा भारत 200 से ज्यादा बैठकों की करेगा मेजबानी

### अगले वर्ष 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होगा शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** दिसंबर में एक वर्ष के लिए जी-20 समूह की अध्यक्षता भारत को मिलने जा रही है। इसे लेकर देश में लगातार तैयारियां की जा रही हैं। मंगलवार को इस संबंध में विदेश मंत्रालय ने बताया कि अध्यक्षता के दौर में भारत जी-20 की 200 से ज्यादा बैठकों की मेजबानी करेगा। अगले साल 9-10 सितंबर को जी-20 का वार्षिक शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

**ये देश हैं शामिल :** जी-20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर-सरकारी समूह है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इटली, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। एजेंसी

#### तिकड़ी में पहली बार तीनों विकासशील देश




भारत फिलहाल जी-20 तिकड़ी (तीन देशों के समूह यानी वर्तमान, पूर्ववर्ती और आगामी अध्यक्ष) का हिस्सा है, जिनमें इंडोनेशिया, इटली और भारत शामिल हैं। भारत की अध्यक्षता में इस त्रयी में भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील शामिल होंगे।

- यह पहली बार होगा, जब इस त्रयी में तीनों विकासशील देश शामिल होंगे। यह परंपरा रही है कि जी-20 की अध्यक्षता करने वाला देश जी-20 सदस्यों के अलावा कुछ अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को आमंत्रित करता है।

#### भारत इन्हें बुलाएगा अतिथि के तौर पर

मंत्रालय ने बताया कि भारत जी-20 के अध्यक्ष के तौर पर संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, विश्व स्वास्थ्य संगठन, विश्व व्यापार संगठन और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन जैसे नियमित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अलावा बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात को अतिथि देशों के रूप में आमंत्रित करेगा। इसके अलावा आईएसए (अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन), सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी अवसंचरना गठबंधन) को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# चुनाव लड़ने का अधिकार न मौलिक न ही कानूनी...यह कानून से मिला हक

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव लड़ने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही सामान्य कानूनी अधिकार। अधिक से अधिक इसे एक सांविधानिक अधिकार कहा जा सकता है-कानून की ओर से मिला अधिकार।



जस्टिस हेमंत गुप्ता व जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। याचिकाकर्ता ने अपने नाम के पक्ष में बिना प्रस्तावक के राज्यसभा चुनाव लड़ने की मांग की थी। जुर्माने की रकम सुप्रीम कोर्ट विधिक सेवा समिति के पास चार सप्ताह के भीतर जमा करने का आदेश दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कोई व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि बिना किसी प्रस्तावक के नामांकन दाखिल कर सकता है और उसकी अनुमति नहीं देना मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अधिनियम के तहत प्रस्तावक का होना जरूरी है।

#### दलील : अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता का पक्ष यह है कि उसने नामांकन फॉर्म लिया था, पर उचित प्रस्तावक के बिना नामांकन दाखिल करने की अनुमति नहीं दी गई। इससे उनके अभिव्यक्ति के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया गया है। यह सही नहीं।

# केंद्र सरकार समय पर कदम उठाती तो बच जातीं कई जानें : संसदीय समिति

### कोविड की दूसरी लहर पर कहा-हालात की गंभीरता नहीं समझ पाई सरकार

अमर उजाला ब्यूरो/एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोविड महामारी की दूसरी लहर में कई जानें बच जातीं अगर केंद्र सरकार समय पर कदम उठाती लेकिन वह हालात की गंभीरता नहीं समझ सकी। यह दावा स्वास्थ्य पर बनी संसदीय स्थायी समिति ने राज्यसभा में अपनी 137वीं रिपोर्ट में किया है।



समिति ने कहा कि महामारी की दूसरी लहर बड़ी संख्या में मामलों, मौतें, अस्पतालों में ऑक्सीजन, बेड और जरूरी दवाओं की कमी, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के ध्वस्त होने, ऑक्सीजन सिलिंडरों व दवाओं की कालाबाजारी और जमाखोरी जैसे हालात लेकर आई। इसके बावजूद सरकार कोरोना वायरस के नये स्वरूप की संक्रामकता व घातक असर को नहीं पहचान सकी। अगर महामारी को रोकने के उचित रणनीतिक कदम उठाए गए होते तो परिणाम इतने भयानक नहीं होते। सरकार को पहली लहर के बाद जब मौतों की संख्या घटने लगी थी तभी से कड़ी निगरानी जारी रखनी चाहिए थी।

**राज्य भी अक्षम साबित हुए :** समिति ने कहा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को कोविड की निगरानी और आपात हालात के लिए स्थानीय रणनीति बनाने को कहा था। फिर भी राज्य अक्षम साबित हुए। यह भी वजह है कि महामारी की दूसरी लहर में पांच लाख से ज्यादा लोग मारे गए।

#### बिना ऑक्सीजन लोग मर गए, मंत्रालय का इसे नकारना दुर्भाग्यपूर्ण

ऑक्सीजन की कमी से मारे गए लोगों के मामले में भी समिति ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को फटकार लगाई। उसने लिखा कि इन मौतों को मंत्रालय द्वारा नकारना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह व्यथित करता है। कई मामलों में नागरिक अपने मरते परिजनों के लिए ऑक्सीजन की विनती करते हुए लाइनों में खड़े रह गए। कुछ घंटों की ऑक्सीजन बची देख मदद की गुहार तक लगाई। कई अस्पतालों में ऑक्सीजन नहीं थी। प्रेस ने भी इनकी खबरें दीं।

#### कोरोना के जिम्मेदार को सजा देने में दूसरे देशों को भी करें शामिल

कोरोना के जन्मदाता की पहचान होने के बाद जिम्मेदार को सजा दी जानी चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार को दूसरे देशों से भी अपील करनी चाहिए। यह सुझाव स्वास्थ्य संबंधी संसदीय समिति ने अपनी एक रिपोर्ट में दिया है, जो बीते सोमवार को ही राज्यसभा में पेश की गई। समिति ने सिफारिश की है कि सरकार दुनिया के अन्य देशों से कोरोना की उत्पत्ति की पहचान करने और इसे लेकर अनुसंधान बढ़ाने पर काम करे।

#### रिपोर्ट के चार बड़े तथ्य

**01 खोखला आश्वासन :** समिति ने खुलासा किया कि अपनी 123वीं रिपोर्ट में उसने सरकार को मेडिकल ऑक्सीजन के सिलिंडरों व अस्पतालों में सप्लाई की कमी पर चेताया था। बेहद निराश होकर कहना पड़ रहा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऑक्सीजन सप्लाई व सिलिंडरों के मामले में देश को आत्मनिर्भर बताया। उसके खोखले आश्वासन का खुलासा महामारी की दूसरी लहर में बेहद क्रूरता से हुआ।

**02 वितरण में भी फेल**
जिन राज्यों में ऑक्सीजन की मांग बढ़ी, वहां भी सरकार प्रबंध करवाने, जरूरी आपूर्ति व वितरण जारी रखने में फेल रही। मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन, उपलब्धता, अस्पतालों में वेंटिलेटर बेड आदि पर खराब निगरानी ने हालात और बिगाड़े।

**03 20 राज्यों ने नहीं मानी ऑक्सीजन की कमी से मौत**
केंद्र को सौंपी रिपोर्ट में 20 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में से किसी ने भी ऑक्सीजन की कमी से मौतें होना नहीं माना। इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का भी ऑक्सीजन की कमी से कोई मौत न मानना दुर्भाग्यपूर्ण है। समिति ने कहा, यह साबित होता है कि सरकार में संवेदना नहीं थी।

**04 गाइडलाइन ही नहीं दी, कैसे साबित होती मौत? :** ऑक्सीजन की कमी पर मौत की पहचान के लिए सरकार ने राज्यों को निश्चित गाइडलाइन नहीं दी। किसी भी चिकित्सा दस्तावेज में मौत की वजह ऑक्सीजन की कमी लिखी ही नहीं गई।

**चार सिफारिशें : ऑडिट करवाकर मुआवजा दे सरकार**

- मंत्रालय ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों का ऑडिट करवाए
- इन सभी मामलों का राज्यों के साथ मिलकर मजबूत दस्तावेजीकरण करे
- गहन जांच जरूरी है, ताकि मारे गए नागरिकों के परिजनों को मुआवजा मिले
- सरकारी एजेंसियों की जवाबदेही भी इसी से तय हो सकेगी

#### कैंसर रोकथाम के लिए मजबूत डाटाबेस जरूरी

**नई दिल्ली।** संसद की स्थायी समिति ने कैंसर को अधिसूचित बीमारी (नोटिफाइड डिजीज) घोषित करने की सिफारिश की है। रिपोर्ट में समिति ने कहा, कैंसर को अधिसूचित बीमारी बनाने से न केवल इससे होने वाली मौतों का एक मजबूत डाटाबेस बनेगा, बल्कि देश में बीमारी की व्यापकता तय करने में भी मदद मिलेगी। समिति के मुताबिक, कई बार कैंसर से मौत के उल्लेख के बजाय हृदय-श्वसन तंत्र विफलता को कारण मान लिया जाता है। कैंसर देखभाल योजना व प्रबंधन, बचाव, निदान, अनुसंधान और किफायती उपचार पर 139वीं रिपोर्ट में समिति ने कहा, जब हमें वास्तविक आंकड़ा और कारण पता होंगे, विश्लेषण के लिए डाटा होगा तभी मरीजों को सही सलाह मिलेगी और बेहतर इलाज हो सकेगा। ब्यूरो/एजेंसी

### शुभेंदु अधिकारी को हिरासत में लेने के बाद शुरू हुआ बवाल

# भाजपा के मार्च के दौरान हिंसा पथराव, लाठीचार्ज...गाड़ी फूंकी



बवाल के दौरान कोलकाता में मंगलवार को फूंकी गई पुलिस की गाड़ी। एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल का बड़ा हिस्सा मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच रणक्षेत्र बना रहा। कोलकाता में भाजपा के 'नबान्न (राज्य सचिवालय) चलो' रैली को पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को हिरासत में लेने के बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पथराव किया और गाड़ी में आग लगा दी।

पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पानी की बौछार, आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। इसमें भाजपा नेता स्वप्न दासगुप्ता व मीना देवी पुरोहित समेत कई कार्यकर्ता घायल हो गए, जबकि शुभेंदु अधिकारी, लाकेट चटर्जी समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पार्टी ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ रैली का आयोजन किया था। पुलिस ने रैली की इजाजत नहीं दी थी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजुमदार पुलिस द्वारा रोके जाने पर हावड़ा में ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया, ममता बनर्जी विपक्ष दलों को मौका देने में भरोसा नहीं करतीं। तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह विरोध के नाम पर संकट पैदा करने का प्रयास कर रही है। ब्यूरो

#### हावड़ा, उत्तर 24 परगना बोलपुर में भी हंगामा

रैली में शामिल होने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को कोलकाता ले जा रही बसों को हावड़ा, उत्तर 24 परगना बोलपुर, समेत अन्य जगहों पर पुलिस ने मंगलवार सुबह ही रोक दिया। इसके कारण इन सभी जगह भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई।

#### सरकार प्रायोजित हिंसा

बंगाल अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने के लिए उठ खड़ा हुआ है। बंगाल अराजकता, भ्रष्टाचार और लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ उठ खड़ा हुआ है। यह बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित हिंसा है। यह लोगों की आवाज दबा नहीं पाएगी। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय मंत्री

#### ममता का तानाशाही रवैया

लोग देख रहे हैं कि पुलिस किस तरह सरकार के इशारे पर काम कर रही है। मेरे साथ एक महिला सिपाही ने बदसलूकी की है। सीएम ममता बनर्जी उत्तर कोरिया की तरह तानाशाही बंगाल में लागू करना चाहती हैं।
**-शुभेंदु अधिकारी,** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष

# तेलंगाना : बैटरियों में लगी आग के धुएं से घुटा लोगों का दम

### ईवी शोरूम और होटल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद में एक इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) शोरूम के चार्जिंग स्टेशन में लगी आग से शोरूम के ऊपर बने होटल में धुआं भर गया, जिससे आठ लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। हादसा सोमवार रात करीब 9:30 बजे होटल रूबी प्राइड के ग्राउंड फ्लोर पर बने ईवी शोरूम में हुआ। आग से पूरी चार मंजिला इमारत में धुआं भर गया। होटल में 23 कमरे थे, जिनमें 24 लोग ठहरे हुए थे।

डीसीपी चंदना दीप्ति ने बताया कि जान गंवाने वालों में दो दिल्ली, दो चेन्नई और एक विजयवाड़ा के रहने वाले हैं। तीन मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। होटल व शोरूम के मालिक खिलाफ गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही से दूसरों का जीवन खतरे में डालने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने कई लोगों को सुरक्षित निकाला और सात से ज्यादा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हैदराबाद के कमिश्नर सीवी आनंद ने बताया कि आग लगने के वास्तविक कारणों का जांच के बाद ही पता चलेगा। दमकल विभाग इसकी जांच कर रहा है। एजेंसी



आग लगने के बाद होटल से सिलिंडरों को बाहर निकालते पुलिसकर्मी। एजेंसी

- **मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की मदद :** हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को केंद्र व राज्य की तरफ से कुल पांच-पांच लाख की अनुग्रह राशि देने का एलान किया गया है। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताते हुए मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की घोषणा की है। तेलंगाना सरकार ने मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख व घायलों के इलाज का एलान किया है।
- **बैटरियों का ज्यादा चार्ज होना हो सकता है कारण :** सूत्रों के अनुसार, बैटरी की ओवर चार्जिंग यानी ज्यादा चार्ज हो जाना, आग का संभावित कारण हो सकता है। हालांकि इसकी पुष्टि जांच से ही हो पाएगी।

# बेगूसराय में बाइक सवार सिरफिरों ने 11 लोगों को मारी गोली, एक की मौत

**पटना।** बिहार के बेगूसराय जिले में मंगलवार शाम तब हड़कंप मच गया, जब बाइक सवार सिरफिरे ने कई लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर सड़क से गुजर रहे 11 लोगों को घायल कर दिया। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

#### बिहार : बाइक सवार दो लोगों ने दिया घटना को अंजाम

सूत्रों के मुताबिक, बाइक सवार दो सिरफिरों ने मल्हीपुर में दो लोगों को, बरौनी थर्मल चौक के पास तीन, बरौनी में दो, तेघरा इलाके में दो और बछवारा में दो लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने बिहार सरकार की कानून व्यवस्था पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट किया, बेगूसराय में खुलेआम फायरिंग कर 11 लोगों को गोली मारने की घटना राज्य में गिरती कानून व्यवस्था का परिचायक है। नीतीश जी, क्या यही जनता का राज है? ब्यूरो

- **पुलिस ने कहा, 8 लोगों को लगी गोली :** एडीजी मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने कहा, आठ लोगों को गोली लगने की सूचना है। आरोपियों की तलाश में जगह-जगह बैरिकेड्स लगाकर जांच की जा रही है।

### जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा-

# जज की टिप्पणी को भी फैसला मान लेता है सोशल मीडिया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणी केवल विचार-विमर्श के लिए एक रास्ता खोलना है। इसे न्यायालय के निर्णय के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि सोशल मीडिया यूजर अक्सर दोनों के बीच के अंतर को समझने में विफल होते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, सोशल मीडिया सोचता है कि हर बार जब हम न्यायालय में बहस के दौरान कुछ कहते हैं तो वह निर्णय होता है। यह केवल संवाद की एक खुली प्रक्रिया है ताकि आप हमें बता सकें कि हम सही हैं या गलत। जस्टिस चंद्रचूड़ एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। ब्यूरो

# राजस्थान : मंत्री पर पायलट के समर्थकों ने फेंके जूते

**जयपुर।** राजस्थान सरकार में मंत्री अशोक चांदना पर सोमवार को सचिन पायलट के समर्थकों ने एक कार्यक्रम में जूते फेंके और नारेबाजी की। हालांकि जूते से किसी को चोट नहीं पहुंची क्योंकि वह मंच तक नहीं पहुंचा।

मंत्री चांदना पुष्कर में गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। चांदना के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव और उद्योग मंत्री शकुंतला रावत भी थीं। तीनों को बिना भाषण लौटना पड़ा। इस दौरान, मंच पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी थे। हालांकि पायलट वहां नहीं थे। बताया जाता है कि पायलट को आमंत्रित नहीं किया था, इसलिए उनके समर्थक नाराज थे। जब चांदना भाषण देने पहुंचे, तो उन पर जूते फेंके और पायलट जिंदाबाद के नारे लगाए गए। बाद में, नाराज चांदना ने ट्वीट किया, अगर सचिन पायलट मुझ पर जूता फिकवाकर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं तो जल्दी बन जाएं, क्योंकि आज मेरा लड़ने का मन नहीं है। जिस दिन मैं लड़ने पर आ गया तो एक ही बचेगा और यह मैं नहीं चाहता हूं। पायलट और चांदना गुर्जर समुदाय से आते हैं। एजेंसी

#### सीएम गहलोत के पुत्र वैभव और उद्योग मंत्री शकुंतला भी मंच पर थे

**हिंदी दिवस** — बॉलीवुड फिल्में देखने के लिए भी कुछ बच्चे सीखते हैं हिंदी

# अमेरिका में हिंदी विरासत भाषा, सौ विश्वविद्यालयों में पढ़ाई

सुरेन्द्र मिश्र

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय राजनीति और मंचों पर अपना दबदबा रखने वाले अमेरिका में हिंदी को विरासत भाषा का दर्जा प्राप्त है और सौ विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है। छुट्टियों में चलने वाली विशेष कक्षाओं में भारतीय मूल के अलावा अमेरिकी बच्चे भी हिंदी पढ़ते हैं। कुछ बच्चे तो बॉलीवुड फिल्में देखने के लिए हिंदी पढ़ते हैं।




डॉ. जयंती प्रसाद नौटियाल के भाषा संशोधन साल 2015 के अध्ययन के आंकड़ों से पता चलता है, संपूर्ण विश्व में हिंदी बोलने या जानने वालों की संख्या 18 फीसदी है। वहीं, अमेरिका में 22,12,415 लोग हिंदी बोलते और जानते हैं। फिर भी अमेरिकी सरकार हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिंदी कार्यक्रम चलाती है। अमेरिकी सरकार के शिक्षा विभाग में हिंदी कार्यक्रम के निदेशक अशोक ओझा बताते हैं कि अमेरिका में हिंदी को विरासत की भाषा का दर्जा प्राप्त है और सौ विश्वविद्यालयों में हिंदी शिक्षा की व्यवस्था है। ओझा ने हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए युवा हिंदी संस्थानम और हिंदी संगम फाउंडेशन की स्थापना की है। इसके जरिये छुट्टियों में अलग कक्षाएं भी चलाई जाती हैं। वह बताते हैं कि इस दौरान वे छात्रों को केवल भाषा का ही ज्ञान नहीं देते, बल्कि उन्हें भारत की विरासत के बारे में भी जानकारी देते हैं।

#### 16 नवंबर को मुंबई पहुंचेगा अमेरिकी छात्रों का दल

अशोक ओझा ने बताया कि अमेरिका के हिंदी के छात्रों का एक दल 16 नवंबर को मुंबई आने वाला है। वह एक महीने भारत में रहकर जलवायु परिवर्तन के खतरे पर अध्ययन करेगा। इसमें हिंदी छात्रों के अलावा अमेरिका के विश्वविद्यालय की टीम भी होगी। यह टीम मुंबई, राजस्थान और उत्तराखंड की तराई में प्रवास करेगी। यहां से एकत्र की गई अध्ययन सामग्रियों से अमेरिका में पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा।

- छात्रों का भारत दौरा हिंदी की सेवा के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से पुरस्कृत न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय की प्रो. गैब्रिएला निक इलेवा के मार्गदर्शन में निश्चित हुआ है। बतौर अकेडमी चीफ जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन की रूपरेखा भी उन्होंने ही तैयार की है।

## इशरतजहां एनकाउंटर की जांच करने वाले आईपीएस अधिकारी सतीश बर्खास्त

**नई दिल्ली।** गुजरात के इशरतजहां कथित एनकाउंटर की सीबीआई जांच में मदद करने वाले आईपीएस अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा को केंद्र सरकार ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी पर 19 सितंबर तक रोक लगाते हुए वर्मा को उच्च अदालत में अपील की मंजूरी दी है। वर्मा ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। खास बात है कि वर्मा इसी 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। यदि उनकी बर्खास्तगी लागू हुई तो उन्हें सेवानिवृत्त लाभ नहीं मिलेंगे।

#### 19 तक हाईकोर्ट से मिली राहत

वर्मा की आखिरी तैनाती तमिलनाडु में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक पद पर थी। वर्मा ने उनके खिलाफ हुई विभागीय जांच की रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है। रिपोर्ट में उन्हें शिलॉन्ग में उत्तर पूर्वी इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन का मुख्य सतर्कता अधिकारी रहते हुए मीडिया से बात करने के अलावा अन्य आरोपों का दोषी पाया गया था। एजेंसी

## शाह का केजरीवाल पर तंज-गुजरात में सपने बेचने वाले कभी नहीं जीतेंगे

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग 'सपने बेचते' हैं, वे गुजरात में कभी नहीं जीतेंगे।



ऑनलाइन कार्यक्रम में शाह ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, सत्तारूढ़ भाजपा दो-तिहाई बहुमत के साथ गुजरात में एक बार फिर सरकार बनाएगी। शाह ने भूपेंद्र पटेल के सीएम पद पर एक वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, मैं गुजरात के लोगों को जानता हूं। सपने बेचने वालों को कभी सफलता नहीं मिल सकती क्योंकि जनता उन्हीं का समर्थन करती है जो काम करने में विश्वास रखते हैं। एजेंसी

## अन्नाद्रमुक के दो पूर्व मंत्रियों के परिसरों पर विजिलेंस का छापा

**कोयंबटूर/चेन्नई।** सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय ने अलग-अलग मामलों में अन्नाद्रमुक के दो पूर्व मंत्रियों के परिसरों पर मंगलवार को छापा मारा। इनमें कोयंबटूर के बाहुबली नेता पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एसपी वेलुमणि के 26 और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री विजयभास्कर से जुड़े 13 ठिकाने शामिल हैं।

दोनों नेता मौजूदा विधायक हैं और आय से अधिक संपत्ति के मामलों में पहले से ही डीवीएसी जांच के दायरे में हैं। अन्नाद्रमुक के अंतरिम प्रमुख के पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि राज्य में बिजली की बढ़ी दरों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए छापे की कार्रवाई की गई है। वेलुमणि पर स्ट्रीट लाइट को एलईडी लाइट से बदलने के मामले में घोटाले का आरोप है। एजेंसी

## न्यूज डायरी

### प्रतिष्ठित फ्रांसीसी फिल्म निर्देशक ज्यां ल्यूक गोडार्ड का निधन



**पेरिस।** फ्रांसीसी सिनेमा में अपनी पहली ही फिल्म 'ब्रेथलैस' के जरिये 1960 में क्रांति लाने वाले प्रतिष्ठित फिल्म निर्देशक ज्यां ल्यूक गोडार्ड का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह सालों तक दुनिया के सबसे बेहतरीन निर्देशकों में शुमार रहे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने कहा, गोडार्ड ने सिनेमा में अनूठी विधा को विकसित किया। गोडार्ड ने कैरियर की शुरुआत 1950 में फिल्म समीक्षक के रूप में की। एजेंसी

### बिन सलमान को मोदी ने दिया भारत यात्रा का निमंत्रण



**रियाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के राष्ट्रीय दिवस से पहले क्राउन प्रिंस (युवराज) मोहम्मद बिन सलमान को बधाई दी और उन्हें जल्द ही भारत की यात्रा करने का निमंत्रण दिया है। यह जानकारी सऊदी में भारतीय दूतावास ने एक विज्ञप्ति में दी है। भारतीय दूतावास के मुताबिक, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर राजनीतिक, व्यापार, ऊर्जा, रक्षा एवं सुरक्षा समेत सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। एजेंसी

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में धमाका पांच लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए बम धमाके में शांति समिति के पूर्व सदस्य समेत कम से काम पांच लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि समिति सदस्य इदरीस खान के वाहन को निशाना बनाने के लिए बम सड़क के किनारे रखा गया था। वह स्वात जिले में काबल तहसील की अमन समिति का पूर्व सदस्य था। बारा बंदाई इलाके में हुए इस बम धमाके में इदरीस, उसके दो सुरक्षाकर्मियों और दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। एजेंसी

# गूगल पर दो लाख करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति का केस, एकाधिकार के दुरुपयोग का आरोप

## यूनाइटेड किंगडम व नीदरलैंड में प्रकाशकों की ओर से मुकदमों में गूगल एडटेक से प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने के आरोप

**लंदन।** ऑनलाइन विज्ञापनों के लिए गूगल के माध्यम एडटेक (एडवरटाइजर टेक्नोलॉजी) से प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने के आरोप में यूनाइटेड किंगडम और नीदरलैंड में दो मुकदमे दायर हुए हैं। इनमें 2,540 करोड़ डॉलर यानी करीब 2 लाख करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति का दावा किया गया है। दोनों देशों के प्रकाशकों के अनुसार गूगल द्वारा एकाधिकार के दुरुपयोग और गलत नीतियों की वजह से उन्हें विज्ञापनों से होने वाली आय में भारी नुकसान हुआ।

गूगल की एडटेक नीतियों की यूरोपीय संघ और यूके पहले से जांच कर रहे हैं। पिछले साल फ्रांस के प्रतिस्पर्धा आयोग ने मोबाइल एप और वेबसाइटों पर विज्ञापन के लिए गूगल को एड-सर्वरों के एकाधिकार के दुरुपयोग का दोषी माना था। उस पर करीब 1,700 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस जुर्माने की वजह बने तथ्यों का गूगल ने विरोध नहीं किया। इस केस में शिकायतकर्ताओं की ओर से लड़ने वाली लॉ फर्म जेराडिन पार्टनर्स ने ही अब दोनों ताजा मुकदमों को लिया है। नीदरलैंड में दायर मुकदमे में पूरे यूरोपीय संघ के प्रकाशक साथ आए हैं। वहीं गूगल ने इन मुकदमों को काल्पनिक धारणा पर आधारित और अवसरवादिता बताया। उसने कहा कि गूगल एडटेक ने अहम विज्ञापन प्लेटफॉर्म के रूप में सेवाएं दी, लाखों वेबसाइट्स व एप्स को बढ़ाने में सहायता की। वह पूरी ताकत से यह मुकदमे लड़ेगा। एजेंसी



गुगल की गलत नीतियों से प्रकाशकों को विज्ञापन राजस्व का हुआ नुकसान

*2014 से जारी गलत नीतियां...लॉ फर्म का आरोप है कि गूगल ने प्रकाशकों के एड-सर्वर और एड-एक्सचेंज का दुरुपयोग किया। यह काम वह 2014 से कर रहा है। इस प्रतिस्पर्धा विरोधी गतिविधि से प्रकाशकों को भारी नुकसान हुआ। खासतौर पर स्थानीय और राष्ट्रीय समाचार मीडिया ने यह नुकसान सहा, जो हमारे समाज में अहम भूमिका निभाते हैं। अब समय आ गया है कि गूगल अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वीकार कर क्षतिपूर्ति चुकाए।*

- **क्या है एडटेक**...गूगल के अनुसार एडटेक डिजिटल विज्ञापन खरीदने-बेचने, मैनेज करने और उन्हें कई मानकों पर मापने में मदद करता है। यह एक जटिल अल्गोरिथम उपयोग करता है। उसका दावा है कि इससे विज्ञापनदाता सीधे ग्राहक तक पहुंचते हैं, वेबसाइट्स पर 'इंप्रेशन' खरीदते और ऑडियंस चुनते हैं। इंप्रेशन यानी विज्ञापन कितने लोगों ने देखा, क्लिक किया। जानकारों का मानना है कि गूगल एडटेक से विज्ञापनों को पूर्णतः नियंत्रित करता है, जो प्रतिस्पर्धा के नियमों के खिलाफ है।

### टेक कंपनियों पर कॉपीराइट के मामले

- फ्रांस में प्रतिस्पर्धा आयोग ने गूगल पर करोड़ों के जुर्माने लगाए क्योंकि उसने प्रकाशकों से उनके कंटेंट के स्निपेट उपयोग के बदले कॉपीराइट फीस का भुगतान नहीं किया।
- यूरोप में उत्पादों की कीमतों के तुलनात्मक विश्लेषण की सेवा दे रही 'प्राइस रनर' ने गूगल पर हजारों करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति का दावा किया। आरोप है कि गूगल ने प्रतिस्पर्धा मामले में आदेश का अनुपालन न करके नुकसान पहुंचाया।
- 2019 में गूगल के एडटेक की आयरलैंड के डाटा प्रोटेक्शन आयोग ने जांच शुरू की, यहां निजी डाटा की चोरी और दुरुपयोग के आरोपों की जांच हो रही है।
- मेटा पर यूके में यूजर्स ने क्षतिपूर्ति के लिए मुकदमा किया है। आरोप है कि मेटा ने फेसबुक उपयोग करने देने के बदले उनसे अनुचित शर्तें मनवाई, निजी डाटा हासिल किया।

# रूस पर भारी यूक्रेन, अब तक 6,000 वर्ग किमी क्षेत्र छुड़ाया

**पुतिन को झटका : जेलेंस्की ने कहा- अब पूरे क्षेत्र पर दोबारा नियंत्रण पाने का लक्ष्य | पिछले 24 घंटे में 500 वर्ग किमी इलाके पर फिर यूक्रेनी कब्जा, 59 रुसी सैनिक मारे**

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध में पिछले एक सप्ताह के भीतर निर्णायक बदलाव आए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया कि उनकी सेना ने अब तक 6,000 वर्ग किमी क्षेत्र रूसी सेना से दोबारा अपने नियंत्रण में ले लिया है। इसी उत्साह में यूक्रेन ने मंगलवार को कहा कि उसने उत्तर-पूर्व में रूसी सेना को खदेड़ने के बाद अब अपने सभी क्षेत्रों को मुक्त कराने का लक्ष्य रखा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए यह एक बड़ा झटका है।

खारकीव क्षेत्र में उग्र संघर्ष के बीच यूक्रेनी उप रक्षा मंत्री हन्ना मलयार ने पुनः कब्जा किए दक्षिण-पूर्व स्थित बालाक्लिया शहर में कहा, हमारी सेना अच्छी प्रगति कर रही है। उनका ऑपरेशन सुनियोजित है। यूक्रेन की दक्षिणी कमान ने कहा कि उसके बलों ने पिछले 24 घंटों में 500 वर्ग किमी क्षेत्र पर कब्जा किया है। इस हमले में 59 रूसी सैनिक मारे गए और 20 सैन्य उपकरण नष्ट हो गए। यूक्रेनी बलों ने सितंबर की शुरुआत से अब तक रूसी सेना को पीछे हटने के लिए मजबूर कर 6,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर दोबारा नियंत्रण हासिल कर लिया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा, हमारी सेना बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने अपने विमान रोधी रक्षा बलों को भी इस सफलता पर धन्यवाद कहते हुए पश्चिम से हथियार प्रणालियों की आपूर्ति में तेजी लाने की अपील की।



खारकीव के मोर्चे पर घायल साथी की मदद करता यूक्रेनी सैनिक। एजेंसी

### यूक्रेन का दावा, ईरानी ड्रोन मार गिराया

*यूक्रेनी सेना ने मंगलवार को पहली बार दावा किया कि उसने युद्ध में रूस द्वारा इस्तेमाल किए गए ईरानी ड्रोन को मार गिराया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने कहा था कि ईरान ने रूस को बम ले जाने में सक्षम सैकड़ों ड्रोन दिए हैं। वह इनका युद्ध में इस्तेमाल कर रहा है। यूक्रेनी सेना ने ड्रोन के मलबे की तस्वीर भी प्रकाशित की। इसे कुपियांस्क के नजदीक मार गिराया गया।*

- **यूक्रेन का ध्यान लुहांस्क, दोनेस्क पर**...यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने 8 सितंबर को 1,000 वर्ग किमी क्षेत्र पर दोबारा नियंत्रण लेने और रविवार तक 3,000 वर्ग किमी क्षेत्र पर पुनः कब्जे का दावा किया। अब उन्होंने 6,000 वर्ग किमी इलाके पर फिर नियंत्रण की पुष्टि की। हालांकि अब भी यूक्रेन के बड़े हिस्से पर रूसी कब्जा है। इसीलिए यूक्रेन ने पूरे क्षेत्र पर नियंत्रण लेने का लक्ष्य रखा है। यूक्रेन अब लुहांस्क और दोनेस्क क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।
- **यूक्रेन सीमा पर बड़े हमले जारी : रूस**...रूसी रक्षा मंत्रालय ने संघर्ष को लेकर अपनी दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों की इकाइयों पर वायु, रॉकेट और तोपखाने के साथ बड़े हमले किए जा रहे हैं। रूस ने पूर्वी दोनेस्क क्षेत्र में स्लोवियांस्क और कोंस्तेन्तिनोव्का के आसपास यूक्रेनी ठिकानों पर बड़े हमले किए हैं। इस क्षेत्र में मॉस्को की सेना 2014 से यूक्रेनी अलगाववादियों पर शासन करती रही है। अब उसने इन्हीं इलाकों में यूक्रेनी बलों से भीषण युद्ध की सूचना दी है।

# नेपाल : चीनी नेता ली झांशु ने की ओली, प्रचंड से वार्ता

**काठमांडो।** चीन में संसद प्रमुख और राजनीतिक पदानुक्रम में देश के तीसरे नंबर के नेता ली झांशु ने मंगलवार को नेपाल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। झांशु ने खासतौर पर पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल प्रचंड से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों व आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की।



ली झांशु

चीनी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष ली तीन दिनी नेपाल यात्रा पर सोमवार को पहुंचे हैं। ली-ओली वार्ता में अश्ट लक्ष्मी शाक्य, सुभाष नेमवांग और राजन भट्टाराई भी मौजूद रहे। जबकि प्रचंड के साथ कृष्ण बहादुर महारा, देव गुरुंग भी मौजूद थे। ली और नेपाली स्पीकर सपकोटा में अंतर-संसदीय सहयोग पर एमओयू भी साइन किया गया। एजेंसी

# आर्मेनिया-अजरबैजान में भीषण संघर्ष, दोनों के 99 सैनिक मरे

**येरेवान।** दो साल शांति के बाद आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच सीमा पर संघर्ष फिर शुरू हो गया। आर्मेनिया ने बताया कि हमले के दौरान उसके 49 सैनिकों की मौत हुई है। दूसरी ओर, अजरबैजान का कहना है कि हमलों के दौरान उसके 50 सैनिक मारे गए।

आर्मेनियाई रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार आधी रात के बाद अजरबैजानी फौजों ने तोपखाने और ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए उसके इलाके में एक साथ कई स्थानों पर हमला कर दिया। उसने भी जवाब दिया। इस बीच रूस ने दोनों के बीच संघर्ष विराम कराने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहा। गोलाबारी कुछ कम हुई, लेकिन अजरबैजान की फौजें दिनभर उसकी सीमा में घुसने का प्रयास करती रहीं। अजरबैजान की गोलाबारी में कई नागरिक ढांचों को क्षति पहुंची और काफी लोग घायल भी हुए।

दूसरी ओर, अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अर्मेनिया ने सोमवार देररात और मंगलवार तड़के उस पर गोलाबारी की। उसने दावा किया कि आर्मेनियाई सैनिकों ने उसके इलाके में बारूदी सुरंगें बिछा दीं और सैन्य ठिकानों पर गोलीबारी की। एजेंसी



### 2020 में 6,600 से ज्यादा मरे

नागोर्नो-काराबाख अजरबैजान का हिस्सा हैं, लेकिन यह 1994 में एक अलगाववादी युद्ध समाप्त होने के बाद से ये आर्मीनिया समर्थित बलों के नियंत्रण में हैं। दोनों के बीच 2020 में छह सप्ताह तक चले युद्ध में 6,600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

# आतंकी वित्तपोषण पर पाकिस्तानी प्रदर्शन निम्न

**इस्लामाबाद।** वित्तीय कार्यकारी बल (एफएटीएफ) के एशिया-प्रशांत समूह ने धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने संबंधी 11 में से 10 अंतरराष्ट्रीय मानकों पर पाकिस्तान की प्रभावशीलता को 'निम्न' स्तर का आंका है।

'द डॉन' की खबर के अनुसार, एफएटीएफ के सिडनी स्थित क्षेत्रीय सहयोगी एशिया प्रशांत समूह (एपीजी) ने अपने क्षेत्रीय सदस्यों की रेटिंग पर दो सितंबर तक एक अपडेट जारी किया। इसमें कहा गया कि पाकिस्तान ने 11 लक्ष्यों में से सिर्फ एक में 'मध्यम स्तर की प्रभावशीलता' दिखाई। एफएटीएफ व एपीजी के 15 सदस्यीय संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने 29 अगस्त से दो सितंबर के बीच यह पता लगाने के लिए पाकिस्तान का दौरा किया कि उसने जून 2018 में तैयार की गई 34 सूत्रीय कार्य योजना पर कितना अमल किया है। हालांकि उसने इस साल फरवरी में पाया था कि पाकिस्तान ने सभी 34 बिंदुओं पर अमल किया था। एजेंसी

### एफएटीएफ के एशिया-प्रशांत समूह का आकलन



- **निम्न स्तरीय प्रभावशीलता**...टास्क फोर्स ने पाकिस्तान को औपचारिक रूप से 'ग्रे' सूची से बाहर निकालने से पहले दौरा किया था। एपीजी ने कहा, धनशोधन व आतंकी वित्तपोषण से निपटने के 10 विश्व मानकों के तहत पाकिस्तान की प्रभावशीलता निम्न स्तरीय रही।

# लक्षण के पहले कैंसर की पुष्टि कर देगा ब्लड टेस्ट

**फ्रांस।** मामूली सा दिखने वाला ब्लड टेस्ट कैंसर के लक्षण दिखने से पहले ही शरीर में कई तरह के कैंसर की पुष्टि कर देगा। पेरिस में मल्टी कैंसर अर्ली डिटेक्ट 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 50 या उससे अधिक उम्र के 6,000 से ज्यादा लोगों पर किए गए अध्ययन में कैंसर के अलावा कई तरह के ट्यूमर का भी पता चला है।

अध्ययन के दौरान लगभग एक तिहाई लोगों के कैंसर परीक्षण कैंसर के लिए नमूने लिए गए थे, जिनकी नियमित रूप से जांच नहीं की गई थी। इनमें कुछ ऐसे भी थे, जो कि प्रारंभिक अवस्था में थे। बीमारी का पता लगाने के अलावा, इस टेस्ट से कैंसर के प्रकार के बारे में भी पता चलता है।

6,621 वयस्कों में से 6,529 लोगों में कैंसर का कोई प्रमाण नहीं मिला। वहीं, 92 में संभावित कैंसर का पता चला। इसके अलावा 36 लोगों के 1.4 प्रतिशत लोगों में ट्यूमर या ब्लड कैंसर की पुष्टि हुई। एक महिला में एक ही समय में दो कैंसर मिले। एजेंसी

*36 ट्यूमर का भी पता चला...परीक्षण में ओवेरियन और पेट के कैंसर के साथ-साथ ब्रेस्ट, लिवर, फेफड़े और कोलन जैसे अंगों में 19 ट्यूमर का भी पता चला। इसमें 36 ट्यूमर पाए गए, जिनमें 14 प्रारंभिक अवस्था में थे और शेष 26 को नियमित जांच की जरूरत थी।*

# लंदन लाया गया महारानी का पार्थिव शरीर

**लंदन।** ब्रिटेन की दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का पार्थिव शरीर स्कॉटलैंड के एडिनबरा से लंदन लाया गया। इस दौरान महारानी को श्रद्धांजलि देने के लिए रास्ते में हजारों लोगों की भीड़ एकत्र रही। सोमवार को उनके चारों बच्चों-किंग चार्ल्स तृतीय, राजकुमारी एनी, प्रिंस एंड्रयू और प्रिंस एडवर्ड की मौजूदगी में उनका पार्थिव शरीर एडिनबरा के सेंट गाइल्स चर्च ले जाया गया था। इस दौरान उनके अंतिम दर्शन के लिए चर्च के बाहर बड़ी संख्या में लोग जुटे थे।

मंगलवार शाम रॉयल एयरफोर्स (आरएएफ) के एक विमान के जरिये महारानी का पार्थिव शरीर एडिनबरा से लंदन लाया गया। विमान में राजकुमारी एनी भी सवार रहीं। महारानी का पार्थिव शरीर रात भर बकिंघम पैलेस के 'बो रूम' में रखा जाएगा, जहां शाही परिवार के सदस्य उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बुधवार को एक शव यात्रा निकाली जाएगी, जिसके तहत महारानी के पार्थिव शरीर को बकिंघम पैलेस से वेस्टमिंस्टर एबे (संसद परिसर) ले जाया जाएगा।

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के दर्शन को लंदन में पहले से कई होटलों में बुकिंग हो चुकी थी। इसके अलावा यातायात विभाग द्वारा भी पहले से ही लोगों को कहा गया कि वे सड़कों पर जाम से बचने के लिए अपने वाहन लेकर न निकलें। बता दें, महारानी के अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही लोग सड़कों पर दिखे। एजेंसी

### श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में उमड़े लोग



दिवंगत महारानी के दर्शन को आई जनता से बात करते किंग चार्ल्स।

*अंतिम संस्कार में जुटेंगे दुनिया के 500 अतिविशिष्ट व्यक्ति...ब्रिटिश अधिकारियों के मुताबिक, महारानी के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए दुनिया के 500 अतिविशिष्ट विदेशी नागरिकों के जुटने की संभावना है। इसके लिए रूस, बेलारूस और म्यांमार को आमंत्रण नहीं भेजा गया है।*

# विलियम रुतो ने केन्या के राष्ट्रपति पद की शपथ ली

**नैरोबी (केन्या)।** विलियम रुतो ने राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। पूर्वी अफ्रीका के सर्वाधिक स्थायी लोकतांत्रिक देश में नौ अगस्त को करीबी मुकाबले में वह विपक्ष के नेता रालिया ओडिंगा से जीते थे। ओडिंगा ने इस चुनाव को चुनौती दी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह आपत्ति को खारिज कर दिया। पद छोड़ने वाले राष्ट्रपति उहुरू केन्याता के विलियम रुतो लंबे समय तक नायब रहे हैं। बाद में दोनों के बीच मतभेद हो गए। एक समय तो ऐसा आया, जब दोनों ने महीनों तक एक-दूसरे से बातचीत नहीं की। स्टेडियम में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दोनों ने हाथ मिलाया। एजेंसी









Join This Telegram Channel

Aligarh Newspaper

Click here Link Click here

T.me/aligarh78

रोज सुबह अखबार पढ़ने के लिए टेलीग्राम चैनल को जॉइन कीजिये

Newspapers come daily on this channel at 5:00 am